लखनऊ, बुधवार
18 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष 14
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 206 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net



मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत सातवें स्थान पर पहुंची

### कैलाश मानसरोवर की यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं को सीएम ने दी सहायता राशि

# अर्थव्यवस्था को भी गति देती है आस्था

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे 555

- **सुरक्षित तीर्थ यात्राओं से मजबूत हो रहा एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प**

श्रद्धालुओं को 1-1 लाख की सहायता राशि वितरित करते हुए आस्था, संस्कृति और विकास के समन्वय का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ जैसे आयोजनों में उमड़ी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था न केवल भारत की सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाती है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति देती है। इसी दृष्टि के साथ सरकार तीर्थ यात्राओं को सुविधाजनक, सुरक्षित और व्यापक बनाकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को मजबूत कर रही है। कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कठिनाइयों, चुनौतियों और विषम प्राकृतिक परिस्थितियों के बीच इस यात्रा को पूर्ण करना एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव है। भारतीय




सनातन परंपरा में तीर्थ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम रही है। पूर्वकाल में लोग अपने परिश्रम से अर्जित संसाधनों का उपयोग यात्रा व सेवा में करते थे, जिससे उन्हें पुण्य के साथ-साथ समाज को समझने की नई दृष्टि मिलती थी।
भारत के धर्मस्थलों की स्थापना के पीछे भी यही भावना रही है। आदि शंकराचार्य द्वारा चारों दिशाओं में पीठों की स्थापना इस सांस्कृतिक एकता का प्रमाण है, जब अलग-अलग शासन व्यवस्थाओं के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में स्थापित था। आज भी यह परंपरा जीवित है और आवश्यक है कि धार्मिक यात्राओं में श्रद्धा को सर्वोपरि रखते हुए उनकी पवित्रता व गरिमा को बनाए रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन मूल्यों से प्रेरित होती रहें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2017-18 में गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण कराया गया, जो यात्रा का पहला पड़ाव है और जहां विदेश मंत्रालय की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होती हैं। बदलते समय के साथ तीर्थ यात्राओं का स्वरूप भी बदला है। अब श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2025 में प्रदेश में करीब 164 करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन हुआ, जिनमें 66 करोड़ केवल प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे। काशी, अयोध्या और मथुरा-वृंदावन जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या एक ओर चुनौती है तो दूसरी ओर अवसर भी। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार आवागमन, ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा विदेश में होने के कारण वहां की भौगोलिक और प्रशासनिक चुनौतियां बनी रहती हैं, ऐसे में भारत सरकार और प्रदेश सरकार देश के भीतर ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकती हैं, जबकि आगे की यात्रा में अन्य देशों के सहयोग की आवश्यकता होती है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालु अपनी आस्था के बल पर भगवान शिव के दर्शन के लिए यह यात्रा पूर्ण करते हैं। सीएम योगी ने बताया कि डबल इंजन सरकार का फोकस धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाते हुए विकास व रोजगार के अवसर सृजित करना है। पिछले आठ-नौ वर्षों में अयोध्या, काशी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य और मथुरा-वृंदावन सहित कई तीर्थस्थलों पर व्यापक विकास कार्य किए गए हैं। साथ ही, यात्रियों द्वारा बताई गई मेडिकल और अन्य सुविधाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर गाजियाबाद में अतिरिक्त व्यवस्थाएं विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। सरकार का यह भी जोर है कि निर्मित सुविधाओं का बेहतर रखरखाव हो और हमारी धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

# इजरायली हमले में ईरान के सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने पुष्टि की है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था। लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी

- **आईडीएफ ने किया दावा**

माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे।

**बासिज फोर्स के कमांडर भी मारे गए**

इस बीच इजरायली सेना (आईडीएफ) ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने की पुष्टि की है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी है।



### इस्लामिक जिहाद के नेता पर भी कार्रवाई

इजरायल ने केवल ईरानी नेताओं को ही नहीं, बल्कि फिलिस्तीनी आतंकी गुटों के नेताओं को भी निशाना बनाया है। सेना ने बताया कि उन्होंने फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के बड़े नेता अकरम अल-अजौरी पर भी हमला किया। यह हमला बुधवार को हुआ था। सेना का मानना है कि अकरम अल-अजौरी इस हमले में मारा गया है, लेकिन इसकी पूरी तरह पुष्टि होना अभी बाकी है।
इजरायली सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने इस कार्रवाई को एक बड़ी कामयाबी बताया है। उन्होंने कहा कि रात भर चले इन हमलों में कई बड़े लक्ष्यों को खत्म किया गया है। इससे सेना के मिशन को बड़ी मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि तेहरान के एक सुरक्षित घर में छिपे हुए उन आतंकियों को भी निशाना बनाया गया, जो गाजा और वेस्ट बैंक में आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। इजरायल की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में तनाव और भी बढ़ गया है।

**रमज़ान मुबारक**
इफ्तार बुधवार
सुन्नी : 6:18 P.M.
शिया : 6:28 P.M.
सहरी बुधवार
सुन्नी : 4:49 P.M.
शिया : 4:42 P.M.

### गुजरात में भी यूसीसी की पहल

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से बनाई गई विशेषज्ञ समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है।

## छह शहरों से समय बचाने वाली दो स्पीड पोस्ट सेवाएं शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री

- **देरी होने पर मनी बैक गारंटी**

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग की नई प्रीमियम सेवाओं की शुरुआत की है। इन सेवाओं के नाम 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल और 48 स्पीड पोस्ट रखे गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य समय पर पहुंचने वाले जरूरी सामान की डिलीवरी को और तेज करना है। इस मौके पर केंद्रीय संचार मंत्री ग्रामीण डाक सेवा की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट के पास दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा नेटवर्क है। देश के 6.5 लाख गांवों की हर तहसील और तालुका में लोग परिवार के किसी सदस्य से भी बढ़कर किसी पर भरोसा करते हैं, तो वह ग्रामीण डाक सेवा है। उनके अनुसार, यह इंडिया पोस्ट के लिए एक नई शुरुआत का पल है। सिंधिया ने यह भी बताया कि आज देश के आखिरी छोर तक स्मार्टफोन पहुंच चुका है। ई-कॉमर्स का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार 11 लाख करोड़ रुपये का है। इसके साल 2030 तक बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

### इन शहरों में मिलेगी सुविधा

डाक विभाग की इन सेवाओं का लाभ फिलहाल देश के छह प्रमुख शहरों में मिलेगा। पहले चरण में यह सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी। 24 स्पीड पोस्ट सेवा के तहत अगले ही दिन यानी शिपमेंट की डिलीवरी तत्काल और समयबद्ध तरीके से की जाएगी। सबसे खास बात यह है कि डिलीवरी में देरी होने पर मनी-बैक गारंटी भी दी जाएगी।

## 'घबराएं नहीं, घर पर ही मिलेगा सिलिंडर'

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में हालिया घटनाक्रमों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पैदा हुई चिंताओं के बीच, भारत के लिए एक बड़ी

- **सरकार की एलपीजी प्रयोग में किफायत बरतने की अपील**

और राहत भरी खबर सामने आई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ऊर्जा सुरक्षा पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्तमान में देश के पास कच्चे




तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, सरकार ने देश में आम लोगों से एलपीजी के मसले पर अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि वे घबराएं नहीं। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने दावा किया है लोग पैनिक न करें। बुकिंग के बाद उनके घर पर ही मिलेगा सिलिंडर की डिलिवरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे एलपीजी के इस्तेमाल में किफायत बरतने की कोशिश करें और संभव तो हो पीएनजी का इस्तेमाल शुरू करें। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मंत्रालय के आधिकारिक आपूर्ति विवरण का हवाला देते हुए बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। इस सुव्यवस्थित प्रबंधन के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं। रिटेल नेटवर्क पर 100 प्रतिशत उपलब्धता: मंत्रालय की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से बताती है कि देश भर में फैले किसी भी रिटेल आउटलेट या एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर ईंधन के खत्म होने की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।पीएनजी और सीएनजी उपभोक्ताओं को निर्बाध सप्लाई: गैस वितरण के मोर्चे पर, घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन उपभोक्ताओं को बिना किसी कटौती के 100 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है।

## 47 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर होर्मुज से भारत लौटा 'नंदा देवी'

**नई दिल्ली।** जामनगर के वडीनार (कांडला) पोर्ट पर मंगलवार सुबह एक बड़ा एलपीजी कार्गो लेकर जहाज एमटी नंदा देवी पहुंचा। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन सुशील कुमार सिंह के अनुसार, जहाज सुबह करीब 2.30 बजे पोर्ट के एंकरिज क्षेत्र में पहुंचा। उन्होंने बताया कि नंदा देवी जहाज 46,500 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है, जिसका ट्रांसफर गहरे समुद्र में शिप-टू-शिप (STS) प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा। इस कार्गो को एमटी BW Birch जहाज में स्थानांतरित किया जाएगा और यह प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने जहाज के कैप्टन और क्रू से मुलाकात कर इस महत्वपूर्ण कार्गो को सुरक्षित पहुंचाने के लिए उनका आभार जताया। साथ ही उन्होंने ट्रांसफर प्रक्रिया के दौरान हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।
एमटी नंदा देवी हाल के दिनों में दूसरा भारतीय एलपीजी जहाज है, जिसने सुरक्षित रूप से स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पार कर भारतीय तट तक पहुंच बनाई है। इससे ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के प्रयासों को मजबूती मिली है। इससे एक दिन पहले ही एलपीजी कैरियर शिवालिक करीब 40,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा था। अधिकारियों के मुताबिक, इस कार्गो का एक हिस्सा मुंद्रा में उतारा जाएगा, जबकि बाकी एलपीजी को मैंगलोर भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि जहाजों और उनके क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौजूदा हालात में यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

## अब किसी भी उम्र का बच्चा गोद लेने पर मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3

- **सुप्रीम कोर्ट बोला- पितृत्व अवकाश पर भी कानून बने**

महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। इस दौरान बेंच ने धारा 60(4) को असंवैधानिक करार देते हुए बच्चे की उम्र 3 महीने से कम होने के नियम को रद्द कर दिया। हमसानंदिनी नंदूरी ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि उम्र के आधार पर छुट्टी देना गलत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पितृत्व अवकाश (पिता की छुट्टी) को भी कानून में शामिल करे। कोर्ट ने कहा कि इसकी अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के अनुसार तय होनी चाहिए।

## बंगाल में बदले गए 13 जिलों के एसपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का एलान होने

- **निर्वाचन आयोग की कार्रवाई जारी**

के बाद से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को भी 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। तबादला किए गए अधिकारियों में उत्तर, दक्षिण बंगाल के एडीजी भी शामिल हैं।

## आतंकी फंडिंग मामले में शबीर शाह को जमानत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह को आतंकी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई जल्दी

- **धीमी सुनवाई पर भी सुप्रीम कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी**

पूरी होने की संभावना कम है और आरोपी लंबे समय से जेल में है। ऐसे में लगातार हिरासत में रखना व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को प्रभावित कर सकता है। अदालत ने हालांकि जमानत के साथ कई कड़ी शर्तें भी लगाई हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने 12 मार्च के आदेश में कहा कि शबीर शाह जून 2019 से हिरासत में हैं और उनकी उम्र भी 74 वर्ष है। अदालत ने माना कि मुकदमे में अब तक बहुत कम प्रगति हुई है। ऐसे में लंबी अवधि तक जेल में रखना उचित नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह फैसला मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी मामले में मुकदमे का निपटारा उचित समय में होने की संभावना नहीं है तो आरोपी को अनिश्चित काल तक जेल में रखना सही नहीं है।

# उत्तर भारत समेत देशभर में मौसम ने ली करवट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत और देश के कई हिस्सों में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने अचानक करवट ली है। मौसम विभाग (आईएमडी) की जानकारी के अनुसार, कई राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हुई और

- **कई राज्यों में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट**

तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आने वाले दिनों में भी बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक इस सप्ताह पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में कुछ जगहों पर तेज बारिश भी हो सकती है।
हिमालयी क्षेत्रों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 17 मार्च की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी राज्यों का मौसम प्रभावित करेगा। इसके चलते जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश या बर्फबारी हो सकती है। उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में भी गरज-चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।
बात अगर पूर्वी और मध्य भारत की करें तो झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बिहार में अलग-अलग दिनों में बिजली कड़कने और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 17 से 19 मार्च के बीच महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 18 और 19 मार्च को कोंकण और गोवा में गरज-चमक के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। इतना ही नहीं दक्षिण भारत के राज्यों कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक हो सकती है।
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14-16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 18 मार्च की रात के आसपास हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। साथ ही गरज-चमक, बिजली गिरने और 20-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

### केसी त्यागी ने छोड़ा जद यू

**पटना।** वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से इस्तीफा दे दिया। यह घटना पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार की राज्यसभा चुनाव में जीत के ठीक एक दिन बाद हुई, जो पार्टी के भीतर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम है। इसके परिणामस्वरूप, राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं कि त्यागी अब किसी अन्य पार्टी में शामिल होंगे या अपनी खुद की पार्टी बनाएंगे। सूत्रों के अनुसार, त्यागी अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय होना चाहते हैं; आने वाले दिनों में त्यागी एक नई राजनीतिक पार्टी में शामिल होंगे। एक पत्र में, पूर्व सांसद ने कहा कि नवीनतम सदस्यता

### क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस के तीन विधायक निलंबित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन विधायकों रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को वोट दिया था, जिसके चलते कांग्रेस और बीजद के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि बागी विधायकों को विधानसभा में पार्टी के अन्य विधायकों के साथ बैठने की इजाजत नहीं होगी।

### लोकसभा से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया।

**श्रीनगर से रिपोर्ट**

### सवा लाख से अधिक की पशमीना व कानी शाल से सजेंगी बाजारें

# फिर परवान चढ़ रहा कश्मीर का स्थानीय हस्तशिल्प

विष्णु मोहन

**स्वतंत्र भारत।** आतंकी गतिविधियों के बाद कश्मीर में लगभग थम से गए

- **बेजोड़ तकनीक से भरे होंगे हुनर के रंग**
- **सहकारिता से जोड़कर होगा व्यापक कायाकल्प**

स्थानीय कला, शिल्प व कारोबार को फिर से फिर से जिन्दा करने की पुरजोर कवायद चल रही है। कश्मीरी शाल से लेकर अन्य शिल्प उत्पादों को स्थानीय स्तर पर पुनर्जीवित कर उसे एक बार फिर से अंतर्राष्ट्रीय फलक पर ले जाने की कोशिशें चल रही हैं। इसके लिए सहकारिता व अन्य तरीकों के जरिये केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है।
कश्मीर के तमाम हस्तशिप उघोग की फेहरिस्त में सबसे अग्रणी नाम पश्मीना व अन्य कानिहामा शाल का है। कम ही लोग जानते होंगे कि कश्मीर के श्रीनगर से मुश्किल बीस किलोमीटर दूर एक छोटे से गाँव कानिहामा के कारीगरों को एक शाल बनाने में एक दो नहीं बल्कि पूरे छह महीने लगते हैं। महीनों की मेहनत से बनने वाली एक शाल की न्यूनतम कीमत सवा लाख से अधिक की रकम की होती है। कानी शॉल मूल रूप से कानिहामा में ही बनते थे। बाद में आस.पास के समुदायों के कारीगरों ने भी कानी शॉल बनाना सीख लिया। कानिहामा शैली का नाम गाँव की शाल बनाने की कला पर रखा गया है। कानी लकड़ी की छोटी छड़ी और हामा गाँव को कहते हैं। यहां सहकारिता के आधार पर चलने वाले केंद्र के प्रभारी सज्जाद वानी बताते हैं कि इस शाल की विदेशों में खासी मांग है। बकौल सज्जाद कानिहामा शाल नेपोलियन की दूसरी पत्नी भी प्रयोग करती थी और मुग़ल सम्राट अकबर के शासनकाल में अबुल फज्ल द्वारा लिखी गई आईन ए अकबरी में यहां की शाल का जिक्र है। कानिहामा में विदेशों से लोग लगातार आते रहते हैं जो अपनी पसंद की डिजाइनों की शाल बनवाने के आर्डर देते हैं। इन शाल की कीमत लाखों में होती है। सज्जाद के मुताबिक़ इस कला की शाल बनाने में यानि कानी बुनाई में ''कानी'' नामक लकड़ी की छोटी छड़ियों का उपयोग किया जाता है। कानी क्षेत्र के कारीगर रंगीन ताने के धागों को आपस में मिलाकर शॉल पर डिज़ाइन बनाते हैं। कानी ''पूस तुल'' नामक एक प्रकार की जंगली लकड़ी से बनाई जाती हैं।



डिज़ाइन की आवश्यकता के अनुसार कई रंगीन बॉबिन लगाए जाते हैं। जब भी किसी अलग रंग की आवश्यकता होती है, दो बॉबिन को आपस में जोड़ दिया जाता है और शॉल के पूरा होने तक यह प्रक्रिया जारी रहती है। शॉल जटिल ताना बुनाई तकनीक से बनाए जाते हैं। कानी शॉल एक कलाकृति है और यह कश्मीर के सबसे कुशल और निपुण कारीगरों की रचना है। स्थानीय शिल्प को पुनर्जीवित करने के क्रम में कई क्षेत्रों में सरकार ध्यान दे रही है। कोऑपरेटिव बेसिस पर केंद्र चलाए जा रहे हैं जहां स्थानीय कारीगरों को न सिर्फ प्रशिक्षण दिया जा रहा है बल्कि उनके उत्पादों को पूरा करने के लिए संबंधित मशीनों को भी मुहैया कराया जा रहा है। इतना ही नहीं सरकार कश्मीर में फूलों की खेती को भी बढ़ावा दे रही है। इसके लिए नर्सरी चलाने में भी सहायता दी जा रही है। कुल जमा जोड़ कोशिश यह हो रही है कि कश्मीर का पुराना गौरव फिर से बहाल हो जाए।

क्रमशः




# औद्यानिक फसलों की नवीन प्रजातियों के विमोचन पर चर्चा

## उत्तर प्रदेश राज्य बीज उप समिति की 15वीं बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** प्रदेश में औद्यानिक फसलों के विकास और किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण शासन की अध्यक्षता में मंगलवार को केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान , तेलीबाग, लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य बीज उप समिति की 15वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भारत सरकार द्वारा गठित समिति ने औद्यानिक फसलों की विकसित नवीन प्रजातियों के विमोचन और अधिसूचना पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि राज्य बीज उप समिति की पिछली (14वीं) बैठक में प्रस्तुत 12 प्रजातियों में से 11 प्रजातियों को भारत सरकार द्वारा 01 सितम्बर, 2025 को गजट में अधिसूचित कर दिया गया है। इन अधिसूचित प्रजातियों में केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ द्वारा विकसित आम की अवध अभय,अवध समृद्धि और आईसीएआर सागरिका प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त बेल की अवध अर्पन व अवध श्रेष्ठ, परवल की अवध सुचित्रा व सुरेखा अवध और अमरूद की अवध भूषण प्रजाति को भी स्थान मिला है। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा विकसित नरेन्द्र बेल-17, नरेन्द्र बेर-2 और नरेन्द्र हल्दी-5 को भी केंद्र सरकार से अधिसूचना प्राप्त हो चुकी है। 15वीं बैठक में विभिन्न संस्थानों द्वारा कुल 20 नवीन प्रजातियों के विमोचन के लिए प्रस्तुतीकरण दिया गया। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी द्वारा टमाटर की 5, मटर की 2, करेला, लौकी, कलस्टर बीन, विंग्ड बीन, चौलाई, सिंघाड़ा, बेबी कार्न और कमल की एक-एक (कुल 15) प्रजातियां प्रस्तुत की गईं। इसी प्रकार केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ ने जामुन की 1, बेल की 1 और सेम की 2 प्रजातियां प्रस्तुत कीं, जबकि आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विवि, अयोध्या द्वारा बेर की 1 नवीन प्रजाति का प्रस्तुतीकरण किया गया। इन नवीन प्रजातियों के विमोचन और अधिसूचना से प्रदेश के बागवानों और किसानों को अधिक पैदावार वाली और रोग प्रतिरोधी किस्में प्राप्त होंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। बैठक में उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# युवा करें एआई का सदुपयोग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** एआई हर क्षेत्र और हर विषय में प्रभावी होता जा रहा है और कामों को आसान बनाता जा रहा है। यह बात अटल सुशासन पीठ लोक प्रशासन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में एआई पर दो दिवसीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राजमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि एआई के सही प्रयोग पर बल दिया और नैतिकता के साथ इसके उपयोग करें। इस दौरान प्रो अरविंद मोहन ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे शिक्षण कार्यों में ए आई एक सहयोगी के रूप में इस्तेमाल करें न कि एक विकल्प के रूप में। प्रो मोहन ने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस प्रकार से ए आई ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो अरविंद मोहन, अधिष्ठाता, कला संकाय, लखनऊ विश्विद्यालय ने की। इस दौरान संगोष्ठी का प्रो नंदलाल भारती, संयोजक, विश्वविद्यालय एवं सह अध्यक्ष डॉ ए डी मिश्र, डॉ उत्कर्ष मिश्र, डॉ अविनाश कुमार, स्वाति दास, कौशांबी, अमित कुमार, एकांश अवस्थी, राजेश कुमार, अणिमा शुक्ला, विनोद कुमार, राज तिवारी, पयोध कांत, अंबेश व भुवनेश मौजूद थे।

# 19 से चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष का आगाज

## पालकी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** सनातन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण पर्व चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ इस वर्ष 19 मार्च, गुरुवार से होने जा रहा है। अलीगंज स्थित स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एस.एस. नागपाल के अनुसार, इस बार मां दुर्गा का आगमन 'पालकी' पर हो रहा है, जो समाज में संवेदनशीलता, करुणा और आध्यात्मिक चेतना के विस्तार का शुभ संकेत है। नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी, जिसके लिए सुबह 06:52 से 10:13 बजे तक का समय और दोपहर 11:50 से 12:38 बजे तक का अभिजित मुहूर्त विशेष रूप से श्रेष्ठ है। यह पर्व 27 मार्च को राम नवमी के साथ संपन्न होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, नया हिंदू वर्ष 'रौद्र संवत्सर' के नाम से जाना जाएगा, जिसके राजा गुरु (बृहस्पति) और मंत्री मंगल होंगे। इस वर्ष की एक



विशेष खगोलीय घटना यह है कि 'अधिक मास' जुड़ने के कारण संवत 2083 में 12 के बजाय 13 महीने होंगे, जिसमें ज्येष्ठ मास दो बार आएगा। राजा गुरु होने के कारण देश में ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा और कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति के योग हैं, वहीं मंत्री मंगल होने से राजनीतिक उथल-पुथल, साहस और सैन्य शक्ति में वृद्धि देखी जा सकती है। चंद्रमा की अनुकूल स्थिति एक बेहतर मानसून की ओर इशारा कर रही है, हालांकि बुध के प्रभाव से बाजार में महंगाई और सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है। ग्रहों की यह विशेष स्थिति मेष, वृश्चिक, धनु और मीन राशि के जातकों के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे उन्हें करियर और धन लाभ के नए अवसर प्राप्त होंगे। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 'रौद्र' संवत्सर होने के कारण प्राकृतिक बदलाव और मौसमी उतार-चढ़ाव की भी आशंका रहेगी, जिससे बचाव के लिए हनुमान जी की आराधना, भगवान शिव का पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ करना अत्यंत फलदायी होगा। नववर्ष के पहले दिन घरों में वंदनवार लगाने और नीम के पत्तों का सेवन करने की परंपरा आरोग्य प्रदान करेगी।

## खबर एक नजर

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**स्वतंत्र भारत इटौंजा लखनऊ।** अमानीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पट्टी ढिलवासी स्थित महाराजा टीकननाथ पासी किला परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समाज के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दीं समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला पहुंचे, जिनका आयोजकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा गदा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता भाईचारे और समाज के उत्थान पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक आर.ए. प्रसाद राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृपाल (राष्ट्रीय महासचिव), विक्रम राम राजेश प्रदेश अध्यक्ष रंजीत रावत प्रधान प्रतिनिधि गोहना खुर्द और बीकेटी ब्लॉक अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी और समाजसेवी मौजूद रहे। समारोह में क्षेत्र के ग्राम सेवक, गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

### एक सशक्त उद्यमिता पारितंत्र पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन (आईएसएफ), इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ ने 'एक सशक्त उद्यमिता पारितंत्र हेतु एक सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम' सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल इंडिया, स्टार्टइनयूपी उत्तर प्रदेश सरकार तथा पीयूएम नीदरलैंड्स सीनियर एक्सपर्ट्स के सहयोग से आयोजित हुआ। सत्रों का संचालन डॉ. लियोन हुस्सन ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को इन्क्यूबेशन प्रबंधन, स्टार्टअप विस्तार तथा उद्यमिता पारितंत्र विकास से जुड़े वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में इन्क्यूबेटेड स्टार्टअप्स और फैकल्टी-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स पर चर्चा हुई, जिसमें नवाचार, व्यवसायीकरण और अकादमिक अनुसंधान की भूमिका को रेखांकित किया गया। इसमें इन्क्यूबेटर प्रमुखों, स्टार्टअप संस्थापकों और अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही।

### इंडियन बैंक ने दी 50 लाख की मदद



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंडियन बैंक की कार्यकारी निदेशक मिनी टीएन ने लखनऊ दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल सहित कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक वेंकटेशन एम. एवं अंचल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बैंक ने अपनी सीएसआर पहल के तहत केजीएमयू में रोबोटिक्स सर्जरी के लिए 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। इस दौरान बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता व अंचल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# विरोध के बीच स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूक करने का प्रयास

## कनेक्शन ना जोड़ने पर 1912 पर करें संपर्क

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्मार्ट मीटरिंग का कार्य जहां तेजी से चल रहा है, वहीं प्रदेश का जनता इसका लगातार विरोध कर रही है। ऐसे में पावर कारपोरेशन प्रशासन प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली को जनता पर थोपने को लेकर उसे जागरूक करने में जुटा है। दरअसल लगातार जनता की ओर से ये शिकायतें आ रहीं हैं कि रिचार्ज के बाद भी उनका कनेक्शन नहीं जुड़ा। फिलहाल बकाये पर कटे संयोजन का भुगतान प्राप्त होने पर 2 घंटे में जोड़े जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज कराते ही रीकनेक्शन कमांड जारी हो जाती है। चूंकि कमांड कई सारे सिस्टम से गुजरती है। इसके चलते 2 घंटे तक का समय लग सकता है। हालांकि 95% से अधिक केस में भुगतान प्राप्त होने के कुछ मिनटों में ही



कनेक्शन जुड़ जाते हैं। अपरिहार्य स्थिति में 2 घंटे के बाद भी कनेक्शन न जुड़ने पर 1912 पर संपर्क करें। इसके लिए 1912 पर पृथक रूप से व्यवस्था बनाई गई है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निदेशक वाणिज्य प्रशांत वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि निगेटिव बैलेंस के कारण विद्युत आपूर्ति में व्यवधान और इससे संबंधित किसी परेशानी से बचने के लिए उपयुक्त यही होगा कि उपभोक्ता सदैव अपना बैलेंस पॉजिटिव (सकारात्मक) रखें। स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित पारदर्शी और उपभोक्ताओं के हित में है। स्मार्ट मीटर में एसएमएस के द्वारा उपभोक्ता को बैलेंस धनराशि के बारे में बार-बार अलर्ट किया जाता है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को माह के आरंभ में एवं उसके द्वारा रिचार्ज की गई धनराशि का क्रमशः 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य होने पर प्रत्येक बार एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाता है। बैलेंस समाप्त होने के उपरांत भी डिस्कनेक्शन में 3 दिन का समय दिया जाता है। उपभोक्ता घर बैठे स्मार्ट ऐप, आधिकारिक वेबसाइट, भीम, फोनपे, गूगल पे जैसे डिजिटल माध्यमों से सरलता से रिचार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा विभागीय कैश काउंटर और जन सुविधा केंद्रों पर भी यह सुविधा उपलब्ध है। यदि निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कट गया है, तो उपभोक्ता द्वारा निगेटिव बैलेंस का कम से कम 50 प्रतिशत रिचार्ज करने पर बिजली आपूर्ति 3 दिनों के लिए बहाल कर दी जाएगी। लेकिन यह सुविधा प्रत्येक उपभोक्ता को केवल एक बार दी जाएगी। यदि इन 3 दिनों के भीतर पूर्ण रिचार्ज कर बैलेंस को पॉजिटिव (सकारात्मक) नहीं किया गया, तो कनेक्शन पुनः स्वतः कट जाएगा। स्मार्ट मीटरिंग का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और बेहतर सेवा प्रदान करना है। इसके अंतर्गत सृजित बिजली बिल शुद्ध ऊर्जा खपत पर आधारित होता है। प्रीपेड उपभोक्ताओं को निर्धारित विद्युत टैरिफ पर 2 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाती है।

# रुद्राभिषेक संग आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां



स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। मासिक शिवरात्रि पर श्री शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान के तत्वावधान में मंगलवार को पंचवेदी रुद्राभिषेक का आयोजन जानकीपुरम विस्तार स्थित महानंदा रिसॉर्ट में किया गया। कार्यक्रम में मुख्याचार्य पुनीत दुबे, आचार्य निर्मल कुमार झा व पवन चतुर्वेदी ने मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक कराया। वहीं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शंकर पार्वती, राधाकृष्ण, हनुमानजी, सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान भक्त झूम उठे और फूलों की होली खेली। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेंद्र मौर्या, पार्षद निशा तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, पूर्व पार्षद मुकेश शुक्ला व प्रमोद तिवारी मौजूद थे।

# सीएमएस छात्र बढ़ा रहे लखनऊ का गौरव



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों में 'डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेंस' का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह ने कहा कि सी.एम.एस. के छात्र विश्व पटल पर लखनऊ का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। गीता गांधी किंगडन ने कहा कि विद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। दूसरे आयोजन में राहुल यादव ने शिक्षा में मानवीय मूल्यों पर जोर दिया, जबकि भारती गांधी ने आदर्श समाज निर्माण में शिक्षा की भूमिका बताई।

# स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन उत्सव 19 को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ। भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक चेतना के प्रतीक हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन एवं राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति द्वारा एक भव्य, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च गुरुवार को सायं साढ़े 5 बजे, उत्सव (प्रतीक) स्थल, 1090 चौराहा के निकट, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन विशेष रूप से 100 वर्ष की संघ यात्रा के ऐतिहासिक पड़ाव को समर्पित है, जिसमें संगठन के शताब्दी वर्ष की गौरवशाली यात्रा, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के समग्र एवं सकारात्मक परिवर्तन के लिए 'पंच परिवर्तन' आधारित संकल्प कार्यक्रम भी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा। ये बातें मंगलवार को राष्ट्रीय



पर्व एवं उत्सव समिति के संयोजक ललित श्रीवास्तव ने जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त करी। श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है। आयोजन के माध्यम से नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए एक सशक्त, संगठित एवं संस्कारित समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी शिवांक रमन भदौरिया ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु 'निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता-2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी- जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) एवं सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12)। प्रतिभागियों के लिए विषय कुटुंब प्रबोधन अथवा पर्यावरण संरक्षण निर्धारित किया गया है। विजेता प्रतिभागियों को 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजन किया गया है। स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन प्रमुख ऋषि जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रस्तावित पंच परिवर्तन रूपी संकल्पों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिसमें सामाजिक समरसता- समाज में समानता, भाईचारा एवं एकता को बढ़ावा देना,नागरिक कर्तव्य-कानून पालन, अनुशासन एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारियों का निर्वहन,पर्यावरण संरक्षण-प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली अपनाना,कुटुंब प्रबोधन-परिवार में संस्कार, संवाद एवं एकजुटता को मजबूत करना और स्वदेशी जीवनशैली - भारतीय परंपराओं, उत्पादों एवं संस्कृति को अपनाना शामिल है।

# शिक्षा के बजाय सरकार राजनीति में व्यस्त : महेंद्र सिंह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग डेढ़ करोड़ छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ कर रही है। महेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार 16 मार्च से पूरे प्रदेश में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हुई हैं, लेकिन सरकार ने शिक्षा व्यवस्था की गंभीरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए कक्षा 6, कक्षा 7 और कक्षा 8 के छात्रों के लिए एक ही प्रश्नपत्र जारी कर दिया। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान तीनों कक्षाओं के प्रश्नपत्र मीडिया को दिखाते हुए कहा कि इन तीनों




कक्षाओं के प्रश्नपत्र पूरी तरह समान हैं, केवल कक्षा का नंबर बदल दिया गया है। महेंद्र सिंह ने कहा कि यह घटना अपने आप में बेहद शर्मनाक है और ऐसी लापरवाही शायद ही दुनिया के किसी भी शिक्षा तंत्र में देखने को मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है और परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग एक करोड़ पचास लाख बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार के लिए बच्चों की शिक्षा और उनका भविष्य प्राथमिकता नहीं है, वह सरकार प्रदेश को आगे ले जाने की बात कैसे कर सकती है। महेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले चार महीनों से उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर के काम में बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई थी। इसके अलावा हाल ही में हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में भी शिक्षकों को व्यापक रूप से तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने के कारण शिक्षक अपने स्कूलों में नियमित रूप से पढ़ाने का काम नहीं कर सके, जिसके कारण बड़ी संख्या में छात्रों का सिलेबस पूरा ही नहीं हो पाया। इसके बावजूद योगी सरकार ने बिना सिलेबस पूरा कराए ही परीक्षाएं आयोजित कर दीं, जो सीधे तौर पर छात्रों के साथ अन्याय है।

# मरीजों को वितरित किया भोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्साह फाउंडेशन ने वैकुंठ यात्रा के सहयोग से सीएचसी गोसाईगंज में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए फूड पैकेट वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन और भावनात्मक सहयोग प्रदान करना था, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में वैकुंठ यात्रा के निदेशक शिरीष तिवारी, धीरेन्द्र सिंह, निशांत पांडेय, सौम्या गुप्ता, अनु गुप्ता, पुष्पा ठाकुर एवं विष्णु ने सक्रिय सहयोग दिया। उत्साह फाउंडेशन की निदेशक ऋचा माथुर एवं संस्थापक जीतेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# महापुरुषों को भुनाने में लगीं सपा-बसपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कांशीराम को यह सम्मान देने की आवाज उठाई है। इसके बाद अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने राहुल और अखिलेश पर हमला बोला है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सपा और कांग्रेस आदि ये दलित-विरोधी पार्टियां, इस बार यूपी में विधानसभा आमचुनाव के नजदीक आते ही, इनके वोटों के स्वार्थ में बीएसपी के जन्मदाता एवं संस्थापक कांशीराम जी की सोची-समझी रणनीति के तहत जयंती मनाकर तथा कांग्रेस पार्टी तो अपनी केन्द्र की सरकार में रहकर इनको 'भारतरत्न' की उपाधि ना देकर,



अब दूसरी पार्टी की सरकार से देने की मांग कर रही है, यह हास्यास्पद नहीं है? तो क्या है?

**महापुरुषों को कैश कराने में जुटी सपा-कांग्रेस** बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा, जबकि ये पार्टियां शुरू से ही बीएसपी को खत्म करने में लगी रही हैं, जिस पार्टी की कांशीराम ने खुद नींव रखी है। जिसे इनकी एकमात्र उत्तराधिकारी व बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के जीते-जी कोई हिला नहीं सकता है। मायावती ने आगे लिखा, इतना ही नहीं बल्कि इससे ऐसा भी लगता है कि इन पार्टियों के महापुरुषों में कोई जान नहीं रही है, जो अब ये हमारे महापुरुषों को भुनाने में लगे हैं, जिन्होंने कांशीराम जी के जीते-जी हर मामले में हमेशा इनकी उपेक्षा की है।

**'चमचा युग' के नाम से अंग्रेजी में किताब लिखी है**

इनके सम्मान में बीएसपी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को भी सपा सरकार द्वारा अधिकांश बदल दिया गया है। यह है इन पार्टियों का इनके प्रति दोगला चाल व चरित्र. इसलिए यदि सपा व कांग्रेस आदि के ख़ासकर दलित चमचे चुप रहें तो उनके लिए यह बेहतर होगा, यही सलाह, हालांकि ऐसे लोगों से दूरी बनाने के लिए ही कांशीराम जी ने 'चमचा युग' के नाम से अंग्रेजी में एक किताब भी लिखी है।




# रेरा ने दी 24 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी

## 13 जिलों में विकसित होंगी 7,830 आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए 6,841.85 करोड़ के अनुमानित निवेश वाली 24 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दिया है। परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के 13 जिलों में 7,830 आवासीय और व्यावसायिक यूनिट्स विकसित होंगी, इनमें लखनऊ की चार परियोजनाएं शामिल हैं।

यूपी रेरा की 198वीं प्राधिकरण बैठक मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। इसमें विभिन्न जिलों से मिले परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा करके केवल उन्हीं परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, जो मानकों और अनुपालन शर्तों को पूरा करती थीं। मंजूर की गई परियोजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक और मिश्रित उपयोग (मिक्स्ड-यूज) वाली हैं, जिनमें प्लाट, विला और दुकानों का विकास किया जाएगा।

जिलों में गौतमबुद्ध नगर परियोजनाओं की संख्या, निवेश और विकसित होने वाली यूनिट्स के मामले में सबसे आगे रहा, वहां 5,218.41 करोड़ के निवेश वाली पांच परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। अब 2,969 यूनिट्स विकसित होंगी, इनमें तीन व्यावसायिक, एक-एक आवासीय व मिक्स्ड-यूज परियोजना शामिल हैं। राजधानी लखनऊ परियोजनाओं की संख्या और यूनिट्स के मामले में दूसरे स्थान पर रहा। यहां 132.65 करोड़ के निवेश वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी मिली। अब 651 यूनिट्स विकसित की जाएंगी, इनमें तीन आवासीय और एक व्यावसायिक परियोजना शामिल है। आगरा में 162.75 करोड़ के निवेश वाली तीन आवासीय परियोजनाओं के माध्यम से 312 आवासीय यूनिट्स, गाजियाबाद में तीन परियोजनाओं में 83.85 करोड़ का निवेश होगा। 468 यूनिट्स विकसित होंगी, इनमें तीन व्यावसायिक और एक आवासीय परियोजना शामिल हैं। ऐसे ही जिलों में मथुरा में 9.13 करोड़ की एक आवासीय परियोजना से 136 यूनिट्स, सहारनपुर में 324.95 करोड़ के निवेश वाली एक आवासीय परियोजना के तहत 803 आवासीय यूनिट्स, मेरठ में 183.63 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 167 यूनिट्स, बागपत में 11.25 करोड़ की एक व्यावसायिक परियोजना के तहत 97 यूनिट्स विकसित की जाएंगी।

इसी तरह गोरखपुर में 30 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 182 यूनिट्स, वाराणसी में 11.20 करोड़ की एक आवासीय परियोजना के तहत 65 यूनिट्स, बांदा में 86.84 करोड़ के निवेश वाली एक आवासीय परियोजना के तहत 501 यूनिट्स, हापुड़ में 128.10 करोड़ की एक व्यावसायिक परियोजना में 912 व्यावसायिक यूनिट्स विकसित की जाएंगी। वहीं, बाराबंकी में 459.09 करोड़ के निवेश वाली एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 567 आवासीय यूनिट्स विकसित होंगी। स्वीकृत परियोजनाओं में 6,800 करोड़ से अधिक के निवेश से निर्माण कार्यों के दौरान व उसके बाद भी रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है। निर्माण सामग्री, परिवहन, इंजीनियरिंग सेवाओं और अन्य सहायक क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। यूपी रेरा के अध्यक्ष भूसरेड्डी ने कहा है कि प्राधिकरण रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, नियामकीय अनुपालन और परियोजनाओं के समयबद्ध पूरा होने को लगातार प्रयासरत है। इससे निवेशकों व गृह खरीदारों दोनों का विश्वास मजबूत होगा।

# एलयू गेट पर पुलिस व छात्रों के बीच भिडंत

## गैस सिलिंडर की किल्लत पर कर रहे थे प्रर्दशन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ विश्विद्यालय के गेट पर सिलेंडर की किल्लत को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लकड़ी और उपले बांटकर विरोध जताया।

पुलिस से उनकी तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने उन्हें टांग-टांगकर गाड़ी में बैठाया। हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। इस दौरान प्रदर्शनकारी उपले ले लो, उपले ले लो के नारे लगाते रहे। प्रदर्शन कर रहे छात्र सभा सदस्य प्रिंस मौर्या ने कहा कि सिलेंडर की कीमत से आम जनता परेशान है। सरकार को आम जनता और व्यापारियों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा ने अच्छे दिनों के नाम पर पूरे देश को गुमराह किया है। इसलिए हम लोग वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में निशुल्क लकड़ी, उपले बांट रहे हैं। भारी मात्रा में हमारे पास उपले का स्टॉक मौजूद है। गैस न मिलने से सबसे ज्यादा छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा भूख से आम जनता को मारना चाहती है। ऐसे संकट के समय में हम देश के साथ खड़े हैं। हम नहीं चाहते हैं कि कोई भी भूखा रहे। उपले लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उपले बांटने से रोका। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। मौके पर पाए गए उपले भी जब्त कर लिए। प्रदर्शनकरियों ने पुलिस के ऊपर अभद्रता करने और उपला छीनने का आरोप लगाया है।



गोल्फ सिटी में अयोजित क्रिकेटर कुलदीप यादव के रिसेप्शन में वर-वधू को आशीर्वाद देते सीएम योगी

# ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए 1 अप्रैल से कर सकेंगे आनलाइन आवेदन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि यूपी में सड़क सुरक्षा की दृष्टि से कुशल चालकों को ही स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त हो, इसके उद्देश्य से ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार (मोर्थ) ने प्रत्यायन (प्रमाणन) प्राप्त चालन प्रशिक्षण केन्द्र (एडीटीसी) खोलने और उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया के संबंध में केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 में संशोधन कर नए प्राविधान जो है। इसका मुख्य लक्ष्य चालन प्रशिक्षण को व्यवस्थित बनाना है। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना और रख-रखाव के लिए पारदर्शिता पूर्ण पर्यवेक्षण के लिए आवेदन प्रपत्र समस्त वाछित अभिलेखों के साथ नए विकसित किए गये हैं। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से लाइव होगा। इच्छुक एवं अर्ह आवेदक प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की अर्हता एवं अन्य शर्तों के क्रम में अपना आवेदन के लिए विकसित किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर प्रस्तुत कर सकते हैं। पूर्व में इसके लिए विभाग में आवेदन की ऑफलाइन व्यवस्था थी। प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की जनपदवार रिक्तियों की संख्या पोर्टल पर प्रदर्शित होगी।

# चिनहट व काकोरी में चला एलडीए का बुलडोजर

## उर्मिला सिटी समेत 15 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को चिनहट व काकोरी में अभियान चलाकर एक साथ 15 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान उर्मिला सिटी व विंध्यवासिनी कालोनी समेत 155 बीघा क्षेत्रफल में किये गये अवैध विकास कार्यों को ध्वस्त किया गया। वहीं, गोमती नगर विस्तार में अवैध मैरिज लॉन व1 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि चिनहट के जुग्गौर में 45 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रही उर्मिला सिटी व विंध्यवासिनी कालोनी को ध्वस्त किया गया। इसी तरह प्रदीप पाठक, सुनील यादव, शिव शक्ति यादव, मधुरेश श्रीवास्तव व अन्य द्वारा लगभग 35 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 4 अन्य अवैध प्लाटिंग पर भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार के खरगापुर में अभिषेक यादव द्वारा लगभग 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित किये जा रहे आमंत्रण मैरिज लॉन व अनुराग वर्मा द्वारा छोटा भरवारा में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर किये जा रहे 1 व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि काकोरी के बरागांव में अभियान चलाया गया। इस दौरान अवधेश कुमार, देवऋषि, अमित राजपूत, मोहम्मद जब्बार, रामाश्रय विलेश्वर, मिठाई लाल यादव, राजावंत स्टेट के प्रबंधक व अन्य द्वारा लगभग 75 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 9 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

# आपराधिक मानसिकता वाले आसानी से मासूमों को बनाते हैं शिकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आधुनिकता की दौड़ में आपराधिक मानसिकता रखने वाले लोग मासूमियत के साथ ही शरीर से कोमल व मस्तिष्क से अपरिपक्व होने इन्हें आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। इन मासूमों को अपनों के जुल्म के शिकार भी बन जाते हैं। जैसे किसी की पहली पत्नी की मौत होने के बाद दूसरी पत्नी के आने के बाद बच्चों के साथ बेरहमी से व्यवहार मानो उनके लिए घातक साबित होता है। कुछ दिनों तक सबकुछ सामान्य रहता है उसके बाद मासूमों के लिए सौतेली मां या खुद के पिता अपने ही कोख में पले बच्चों के लिए दुश्मन बन जाते हैं। सवाल उठता है कि मां दूसरी होती है पिता सगा होता है इसके बावजूद वह अपने ही लाडले के लिए खतरा बन जाता है। इसका उदाहरण के तौर पर चौक में चार वर्षीय कर्नव हत्याकांड व सीतापुर जिले के हुसैनगंज निवासी दुधमुंहे बच्चे के हत्याकांड का मामला। दोनों घटनाओं ने झकझोर कर रख दिया। वहीं एक अहम पहलू अक्सर प्रेम संबंधों में रोड़ा समझकर मासूमों को निशाना बनाया जा चुका है। किसी दूसरे की चाहत में हुई अनबन के चलते बच्चे का जीवित रहना या मिलना मुश्किल होता है।

# टॉप टू बॉटम अप्रोच से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

## निजी बैंकों की शून्य प्रगति पर चेतावनी, खाते हटाने तक की बात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,खादी ग्रामोद्योग रेशम उत्पादन एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में मंगलवार को निर्यात भवन, द्वितीय तल सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ, अयोध्या,देवीपाटन मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। संयुक्त आयुक्त उद्योग, लखनऊ मंडल द्वारा योजना की वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें तीनों मंडलों की जनपदवार बैंकवार प्रगति का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। समीक्षा में यह सामने आया कि कुछ निजी बैंकों द्वारा योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शून्य प्रगति की गई है, जिस पर मंत्री सचान ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। राकेश सचान ने निर्देश दिए कि जो बैंक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता बरत रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर ऐसे बैंकों से सरकारी योजनाओं से जुड़े खाते हटाए जाएंगे। मंत्री सचान ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि 18 मार्च एवं 25 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले बैंक कैंपों में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वीकृति एवं वितरण से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र युवाओं को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने बैंकों को ÷टॉप टू बॉटम अप्रोच÷ अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंक स्वयं योग्य आवेदकों की पहचान करें और उन्हें योजना से जोड़ें। इससे आवेदनों की अनावश्यक अस्वीकृति कम होगी और अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सकेंगे। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।







epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# एयरपोर्ट पर 8.55 करोड़ की ड्रग्स बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एयरपोर्ट पर मस्कट से आए एक यात्री के पास से 8.55 करोड़ का गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को ओमान एयर की उड़ान (डब्ल्यूवाई 265) से लखनऊ पहुंचे एक संदिग्ध यात्री के सामान की जांच के दौरान गांजा मिला। खुफिया इनपुट के आधार पर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ छिपाकर रखा गया था। जांच के दौरान यात्री के काले-भूरे रंग के बैकपैक से 17 वैक्यूम पॉलीबैग मिले। इन पैकेटों को कैमलिन कार्बन पेपर में लपेटकर छिपाया गया था। पैकेटों में हरे रंग का पदार्थ पाया गया, जिसके हाइड्रोपोनिक वीड होने की आशंका



है। बरामद पदार्थ का कुल वजन 8.552 किलोग्राम है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस गांजे की अनुमानित कीमत 8,55,20,000 रुपए आंकी गई। बरामदगी के बाद मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने आरोपी यात्री को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले में आगे की जांच जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

## बहनोई के घर जाने निकली महिला लापता

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम के भोरा खुर्द गांव से रविवार सुबह बंथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर निकली किसान की पत्नी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई । काफी खोजबीन के बाद कही पता नहीं लगने पर लापता के पति द्वारा नगराम थाने पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया है । नगराम पुलिस लापता की तलाश में जुटी हुई है। नगराम के भोरा खुर्द गांव निवासी निवासी किसान द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार उसकी पत्नी रेखा ( 34 ) रविवार सुबह करीब 9 बजे बंथरा थाना क्षेत्र के अंबर पुर गांव अपनी बहन कौशल्या देवी पत्नी राजेश के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी । जो देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों के साथ रिश्तेदारों परिचितों व संभावित जगहों पर काफी खोजबीन के बावजूद कहीं पता नहीं चल सका । सोमवार दोपहर बाद से उसका फोन भी स्विच ऑफ जा रहा । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि लापता महिला के पति द्वारा दी गई तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लापता महिला की तलाश की जा रही है।

# लोहिया अस्पताल में स्टाफ व तीमारदारों में मारपीट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद स्टाफ और तीमारदारों में मारपीट हो गई। पुलिस ने 3 तीमारदारों को हिरासत में ले लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ विभूति खंड थाने में शिकायत दी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने के कारण मरीज की मौत और स्टाफ पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रशासन ने तीमादारों पर मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अब तक किसी ओर से मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है। घटना आज, मंगलवार सुबह करीब 7 बजे हुई। ग्राम हांसेमऊ पोस्ट असेनी, थाना सतरिख, जिला बाराबंकी निवासी



लाल बहादुर (45) को सोमवार रात करीब 1 बजे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे उनकी मौत हो गई। उसके बाद जमकर हंगामा हुआ। उनकी पत्नी बबिता का कहना है कि स्टाफ ने उन्हें बेंच पर धक्का दे दिया। पेट में चोट लगने से उनके पेट में इंटरनल ब्लीडिंग शुरू हो गई है। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह ने बताया कि मरीज की हालत खराब थी और उसे इंट्यूबेट करने की जरूरत थी। इसके लिए घरवालों ने सुबह साढ़े पांच बजे लिखित में मना कर दिया था। हालत ज्यादा खराब होने पर साढ़े छह बजे इसकी सहमति दी, तब उसकी हालत खराब हो चुकी थी। तमाम कोशिश के बाद उसे बचाया नहीं जा सका।

इसके बाद घरवालों ने मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सीसीटीसी फुटेज के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं के बीच जमकर मारपीट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णालोक कॉलोनी फेज-1 निवासी रश्मि सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब 6:45 बजे वह गौरी बाजार से घरेलू सामान खरीदकर घर लौटी थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली रीता उर्फ अंजू श्रीवास्तव उनकी 9 साल की बेटी को चिढ़ा रही थीं। रश्मि सिंह द्वारा इसका विरोध करने पर रीता श्रीवास्तव और उनकी बेटियों अनोखी व मुस्कान श्रीवास्तव ने कथित तौर पर गाली-गलौज शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर तीनों ने उसके साथ जाति सूचक गालियां दीं, मारपीट की, बाल खींचें, सिर पर पत्थर से वार किया और हाथ में काट लिया। आरोप है कि हमलावरों ने रश्मि सिंह को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

## खबर एक नजर

### दरोगा की हार्टअटैक से मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के नगीना देहात थाने में तैनात दरोगा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मंगलवार को दरोगा सुनील कुमार के पार्थिव देह पर पुलिस लाइन बिजनौर में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सहित सभी पुलिस अधिकारियों ने पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी और शोक व्यक्त किया। नगीना क्षेत्राधिकारी अंजनेय कुमार ने बताया कि दरोगा सुनील कुमार पुत्र इंद्रपाल सिंह सोमवार देर रात करीब 9 बजे एक होमगार्ड के साथ क्षेत्र में किसी घटना के संबंध में निकल रहे थे उसी दौरान रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें आनन-फानन में नजीबाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही अपराध निरीक्षक नजीबाबाद योगेंद्र कुमार और नगीना देहात थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। मृतक दरोगा मूल रूप से शामली जिले के दयानंदनगर क्षेत्र के निवासी थे। वह पिछले कई सालों से मेरठ के एकता नगर में परिवार के साथ रह रहे है। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। उन्होंने वर्ष 1991 में पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे करीब 14 वर्ष पहले उन्हें उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया था। इससे पहले वह बरेली जिले में तैनात थे और इसी साल जनवरी में उनका तबादला नगीना देहात थाने में हुआ था।

### संदिग्ध हालात में हिस्ट्रीशीटर का शव पेड़ से लटका मिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जनपद सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक हिस्ट्रीशीटर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला।मृतक की पहचान लोनियन पुरवा, मजरा मानपुर सिकरी निवासी पूर्व प्रधान रामजीवन के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को घर से पेशी के सिलसिले में सीतापुर मुख्यालय जा रहे हैं लेकिन न तो वह वहां पहुंचे और न ही वापस लौटे। मंगलवार को उनका शव घर से करीब दो सौ मीटर दूर गेहूं के खेत में पेड़ से लटका मिला और कुछ दूरी पर उनकी बाइक भी बरामद हुइ घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। क्षेत्राधिकारी बिसवां ने बताया कि रामजीवन के खिलाफ लूट और चोरी के 12 से अधिक मुकदमे दर्ज थे, जिसके चलते वह क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर के रूप में चिन्हित थे। रेउसा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हनुमंत तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### युवक हत्या मामले में थानाध्यक्ष समेत तीन निलम्बित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जौनपुर जिले के चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में एक युवक की हत्या के मामले में लापरवाही बरतने वाले चंदवक थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश तिवारी और बीट आरक्षी राजकुमार यादव को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित करते हुए सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मीयों के खिलाफ सीधे कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई चंदवक थाना क्षेत्र में गोबरा गांव निवासी सच्चिदानंद की बीती रविवार की देर रात लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश कर रही है। सच्चिदानंद मिश्रा पुत्र रामचरन मिश्रा का अपने पड़ोसी विष्णु मिश्रा से जमीन और लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इसी विवाद के चलते विष्णु मिश्रा ने 12 मार्च को सच्चिदानंद को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। वह गांव के पास ताडक मिश्रा के ट्यूबेल पर किसी काम से गये थे। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने सच्चिदानंद को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को डोभी सीएचसी भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आम के पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में एक मजदूर ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान ग्राम रहोड़ा पुरवा (आईआईएम रोड) निवासी गौतम रावत (45) के रूप में हुई। उसका शव मंगलवार सुबह करीब 7:15 बजे गांव के बाहर आम के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों के मुताबिक, गौतम रावत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके 6 बच्चे हैं। सोमवार रात उसका पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से चला गया। इसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। मृतक के तीन भाई हैं। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम न कराने के लिए लिखित में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### ई-रिक्शा चालक ने गले में फंदा डालकर दी जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के नाका थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना परिवारीजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि मृतक ई रिक्शा चलाता था और शराब पीने का आदी था। जानकारी के अनुसार रानीगंज स्थित कबीरदास का हाता निवासी हीरा लाल सोनकर ने थाने में सूचना दी कि उनके पुत्र अनिल सोनकर उर्फ गोलू (32) ने घर के पहली मंजिल पर बने कमरे की छत के कुंडे में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही थाना नाका हिंडोला पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि अनिल विवाहित था। उसकी पत्नी का नाम अंजलि सोनकर है। वह तीन भाइयों में मझला था, बड़े भाई का नाम सुनील और छोटे का नाम छोटू है। मृतक ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर सूचना फौती दर्ज कर ली है और पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# बच्ची के साथ दरिंदगी, हत्या कर शव को खेत में गाड़ा

## आरोपित युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम बकरी चराने गई 11 वर्षीय बच्ची की हत्या कर शव को खेत में गाड़ने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।



परिजनों ने पड़ोसी पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मंगलवार को शव को खुदवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ के साथ जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी पांचवी की छात्रा थी वह शाम को बकरी चराने खेत गई थी। देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना देने के साथ अपने स्तर से खोजबीन शुरू की लेकिन पता नहीं चला। मंगलपरी को तड़के परिजनों ने जब दोबारा खोजबीन शुरु की तभी घर से करीब तीन सौ मीटर दूर गेंहू के खेत में एक जगह मिट्टी खुदी हुई देख परिजन चौंक गए। परिजनों ने वहां खोद कर देखा तो बच्ची का शव दिखा। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर बच्ची के शव को बाहर निकलवाया तो शरीर में कपड़े नहीं थे। थाना प्रभारी तेज बहादुर ने बताया कि एक आरोपित युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी देना संभव नहीं है।

## ट्रेन की चपेट में आने से ऑटो चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र के बिठौली क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से 20 वर्षीय ऑटो ड्राइवर हमजा की मौत हो गई। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, जिसके बाद घटना का पता चला। हमजा रोज की तरह सोमवार को भी काम पर गया था। आमतौर पर शाम 7 बजे तक घर लौट आता था। बड़े भाई जुनेद के मुताबिक, सोमवार शाम 5:40 बजे उससे आखिरी बार बात हुई थी। उसने कहा था कि वह घर आ रहा है, लेकिन रात 9 बजे तक नहीं पहुंचा। चिंतित परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बिठौली क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर हमजा का ऑटो खड़ा मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा है। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो उसकी पहचान हमजा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने से मौत की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कारागार मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, भारत सरकार के सहयोग से ह्यूमन राइट्स इन प्रिजन एडमिनिस्ट्रेशन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महानिदेशक कारागार पीसी मीना के निर्देशन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि, न्यायाधीश राजीव लोचन मेहरोत्रा, सदस्य, राज्य मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह डॉ. राम धनी, निदेशक, डा.सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 20 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनमें असिस्टेंट जेलर से लेकर जेल सुपरिटेंडेंट स्तर के अधिकारी शामिल हैं।



इस अवसर पर कारागार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी, लखनऊ कैम्पस की निदेशक डॉ. मंजरी चंद्रा भी उपस्थित रहीं। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ वक्ता जैसे श्रीमती अल्पना शुक्ला (विधि अधिकारी, राज्य मानवाधिकार आयोग) डॉ. मनु कालिया (सदस्य सचिव, राज्य विधिक प्राधिकरण) और राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अपने अनुभव साझा करेंगे। मुख्य अतिथि ने बंदियों और कारागार अधिकारियों दोनों के मानवाधिकारों पर विशेष रूप से चर्चा की। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारागार प्रशासन में सुधार लाना और मानवाधिकार आधारित जेल प्रबंधन को बढ़ावा देना है।

# अपराध नियंत्रण में यक्ष ऐप की सफलता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने यक्ष ऐप का उपयोग कर रायबरेली और फिरोजाबाद में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की, जो राज्य में तकनीक-आधारित पुलिसिंग की सफलता की नई मिसाल कायम किया है।

**10 वर्ष पुराने अभियोग में पहचान छुपाने वाले एनबीडब्लू वारंटी गिरफ्तार**

रायबरेली में, थाना बछरावाँ क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो वाहन चोरी होने की सूचना के बाद पुलिस ने यक्ष ऐप की मदद से आसपास के सीसीटीवी फुटेज, गुप्तचर जानकारी और अपराधियों के पिछले रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। इससे एक सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पता चला। 16 मार्च को गिरोह के सदस्य प्रदीप सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 5 चोरी के वाहन (2 स्कॉर्पियो, 2 अर्टिगा) यही नहीं घटना में प्रयुक्त एक अन्य वाहन बरामद किया है। वहीं फिरोजाबाद में पुलिस ने 10 साल पुराने धारा 302 भादवि प्रकरण में एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्त सनोज को पकड़ने के लिए यक्ष ऐप का उपयोग किया।

अभियुक्त ने पहचान छुपाने का प्रयास किया, लेकिन ऐप की फोटो मिलान तकनीक से उसकी वास्तविक पहचान तुरंत सुनिश्चित की गई। अभियुक्त को 15 मार्च को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने दोनों जनपदों की टीमों को बधाई दी और पूरे राज्य में यक्ष ऐप के सक्रिय और प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐप की मदद से पुलिस अपराधियों की निगरानी, लोकेशन ट्रेसिंग और त्वरित विवेचना कर सकती है। यक्ष ऐप राज्य में स्मार्ट पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण और तकनीक-आधारित जांच का सशक्त माध्यम बन चुका है। इसका औपचारिक शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ ने 'पुलिस मंथन' कार्यक्रम के दौरान किया था।

# मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** मोबाइल चुराकर नेपाल में बेचने वाले चोर गिरोह के 4 सदस्यों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 41 मोबाइल फोन, 2 टैबलेट, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल लग्जरी कार और बाइक बरामद की गई।

मोबाइलों की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। एडीसीपी नॉर्थ रिषभ रूणवाल ने बताया- 22 फरवरी को जानकीपुरम गार्डन निवासी अभिषेक चौधरी ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। चोर करीब 30 नए मोबाइल, 10 पुराने मोबाइल, 4 टैबलेट और 10 हजार रुपए नकद ले गए थे। पुलिस मड़ियांव थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी थी। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार सुबह मड़ियांव के यादव चौराहे के पास लोखड़िया मोड़ सर्विस रोड से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया



गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन (23), जीशान (26), अजमत अली उर्फ मंटू (25) और समीर उर्फ डाबर (19) के रूप में हुई है।

सभी लखनऊ और बहराइच के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से 41 मोबाइल, 2 टैबलेट के अलावा 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई हुंडई वर्ना कार और दो मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पहले बाइक और कार से इलाके की रेकी करते थे।

इसके बाद बंद दुकानों का शटर और ताला तोड़कर मोबाइल व टैबलेट चोरी कर लेते थे। चोरी का सामान नेपाल ले जाकर बेच देते थे और रुपए आपस में बांट लेते थे। आरोपी चोरी के दौरान हथियार साथ रखते थे। आरोपियों के पास से 41 मोबाइल, 2 टैबलेट के अलावा 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

आरोपियों के पास से 41 मोबाइल, 2 टैबलेट के अलावा 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामद सामान का संबंध मड़ियांव समेत अलीगंज, जानकीपुरम, चिनहट और इटौंजा थानों में दर्ज कई चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जिलों से भी जुटाई जा रही है।

# तीमारदारों से मारपीट करने वाले चार लोग गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पश्चिमी जोन के थाना-वजीरगंज पुलिस नें मरीजों के तीमारदारों के साथ दवाई की खरीददारी को लेकर मारपीट कर रहे चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक थाना वजीरगंज के उप निरीक्षक प्रदीप नागर व उनके सहयोगी कपिल सिंह चौधरी इलाके में गस्त कर रहे थे। गस्त के दौरान वह जैसे ही लारी अस्पताल की ओ.पी.डी के पास पहुँचे तो देखा कि कुछ लोग मरीजो के तिमारदारो के साथ दवाई की खरीदारी को लेकर वाद विवाद कर रहे थे। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल ने मुस्तकीम खान, शहजान, साकिब व मो. अफजल को समझाने का प्रयाश किया लेकिन यह लोग और अधिक उग्र होकर मारपीट करने लगे। इससे इलाके की शान्ति व्यवस्था भंग होते देख पुलिस बल नें शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मुस्तकीम खान पुत्र समी खान उम्र करीब 25 वर्ष नि0 297/38 शाहगंज नक्कास थाना चौक लखनऊ व मो0 अफजल पुत्र स्व0 अनवर उम्र करीब 22 वर्ष नि0 मौनीपुरवा दौलतगंज हुसैनाबाद, थाना ठाकुरगज, लखनऊ व शहजान पुत्र कामिल उम्र करीब 20 वर्ष नि0 पानी की टंकी, हुसैनाबाद थाना ठाकुरगंज, लखनऊ और साकिब पुत्र अब्दुल अजीज उम्र करीब 19 वर्ष नि0 गेंदखाना पानी की टंकी, हुसैनाबाद थाना ठाकुरगंज, लखनऊ को गिरफ्तार किया। पकड़े गये सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## इफ़्तार पार्टी में गंगा-जमुनी तहज़ीब का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत निगोहां।** निगोहां क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवानपुर में सोमवार को समाजसेवी नीशू मिश्रा द्वारा अपने आवास पर भव्य रोज़ा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ-साथ हिंदू समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे क्षेत्र में आपसी सौहार्द और गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। इफ़्तार पार्टी के दौरान पूरा वातावरण भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर समाजसेवी नीशू मिश्रा ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना हमें आपसी प्रेम, त्याग, सहयोग और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं, जो विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच आपसी विश्वास और मेल - जोल को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी संजीव शुक्ला, अंकित मिश्रा, मोहम्मद ताहिर, आलम, प्रभात शुक्ला, संजय शुक्ला, इस्लाम, मेराज, नन्हू रावत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## गुटखा व्यापारी की स्कूटी से नोटों से भरा बैग चोरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के चौक इलाके में गुटखा व्यापारी से बाइक सवारों ने रुपए से भरा बैग चोरी कर लिया। व्यापारी पेशाब करने बाइक से उतरे थे। इस दौरान लूटेरे बैग उठाकर फरार हो गए। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। अमीनाबाद थानाक्षेत्र के गुइन तालाब निवासी मोहम्मद फरहान (34) याहियागंज में पान मसाले का व्यापार करते हैं। 6 मार्च को वह अपनी दुकान से एक लाख रुपए से ज्यादा नगद सिग्नेचर मसाला के बैग में रखकर स्कूटी से हुसैनाबाद स्थित अपने रिश्तेदार के घर देने जा रहे थे। इमामबाड़ा के पास उन्होंने पेशाब लगने पर स्कूटी रोककर कुछ दूरी पर गए। इसी दौरान काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाश आए और स्कूटी में रखा पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। फरहान ने शोर मचाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी लाजपत नगर कॉलोनी की ओर भाग निकले। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला। जरूरी काम से बाहर जाने के कारण तुरंत शिकायत नहीं कर सके। वहां से लौटने पर शिकायत दर्ज दर्ज कराई। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# एंटी करप्शन टीम ने दारोगा को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रामपुर में मुरादाबाद इकाई की भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन टीम) ने स्वार कोतवाली में तैनात दरोगा ओमकार नाथ को 10 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और कार्यवाही के लिए अपने साथ थाना अजीमनगर ले गई। मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई की टीम प्रभारी निरीक्षक/ट्रैप राखी के नेतृत्व में गठित टीम ने शिकायतकर्ता यशवीर सिंह पुत्र लेखराज सिंह निवासी ग्राम सिंगनखेड़ा थाना शिकायत पर थाना स्वार में तैनात उपनिरीक्षक ओमकार नाथ को थाना स्वार परिसर में स्थित मिशन शक्ति केंद्र के कमरे से 10 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और अभियुक्त उप निरीक्षक ओमकार नाथ को अभियोग पंजीकृत व अन्य कार्यवाही के लिये थाना अज़ीमनगर ले गई। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन टीम) मुरादाबाद इकाई ने मंगलवार को स्वार कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक ओमकार नाथ को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम की निरीक्षक राखी ने स्वार कोतवाली परिसर के अंदर मिशन शक्ति केंद्र के कमरे से उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर थाना अजीम नगर लाया गया। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, जिसके चलते टीम ने आरोपित दरोगा के पास से केमिकल लगे हुए नोट बरामद किए और उसके हाथ धुलवाए,तो पानी का रंग गुलाबी हो गया,जो रिश्वत लेने का पुख्ता प्रमाण है।अभियोग पंजीकृत कराने की कार्रवाई थाना अजीम नगर में की जा रही है।



# दोस्ती करने के बाद युवती से की ठगी

**स्वतंत्र भारत, गोसाईगंज।** सुशान्त गोल्फ़ सिटी इलाके में एक युवती के साथ दोस्ती करने के बाद उससे व उसके रिस्तेदारो से 50 लाख रुपये के साथ सोने के आभूषण ऐंठ लिए गए। इस मामले में पीड़िता श्रेया सिंह की तहरीर पर सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने पीछा करने व जान से मारने की धमकी के साथ ठगी का मामला दर्ज लिया । अब जांच की कार्यवाही की जा रही है। अलीगंज के 147, रविन्द्र गार्डन, सेक्टर ई, की रहने वाली श्रेया की शिकायत के अनुसार उसकी दोस्ती कृष्णा उपाध्याय निवासी मकान नं0 सी-2/117 सेक्टर (एफ) एल डी ए कालोनी, आशियाना से थी। कृष्णा उपाध्याय द्वारा पीड़िता से धोखाधड़ी से 50 लाख रूपया ले लिए गए साथ ही ऑनलाइन लगभग 5 लाख रुपए और पीड़िता के जानने वालों से अपने खाते में व अपने दोस्तो के खाते में ट्रांस्फर करवाए गए । शिकायत कत्री के अनुसार उसकी एक सोने की चैन लगभग 20 ग्राम, एक 5 ग्राम की अंगूठी, एक चेन लगभग 7 से 8 ग्राम और ऊँ का लकेट 0.5 ग्राम ले लिया। शिकायत कत्री के अनुसार उसके द्वारा दिए हुए रूपये व समान वापस मांगे गए । शिकायत कत्री के अनुसार 13 मार्च 2026 की शाम को लगभग 4 बजे पलासियो मॉल के पास उसकी गाड़ी का पीछा करते हुए गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने आरोपी मौके से फरार हो गया इस मामले में इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है आरोपी की तलाश की जा रही है।

# एचएमआईएस पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश

## मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक कर तत्काल प्रभावी कदम उठाने को कहा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ मण्डल के स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक मंगलवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सभागार में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत और अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ जीपी गुप्ता के द्वारा मण्डलीय स्वास्थ्य समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें फरवरी 2026 तक की प्रगति पर जनपदवार विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में सभी जनपदों लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखीमपुर खीरी रायबरेली के मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, बैठक में जनपद स्तर के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मण्डल के समस्त 118 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षकों के द्वारा वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया गया। बैठक में मण्डलीय एनएचएम के सभी प्रबन्धकों, डा कमल मिश्रा, राज्य समन्वयक, क्वालिटी कार्याक्रम यूपीटीएसयू, एसएम नेट,यूनीसेफ के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा में माह अप्रैल से फरवरी 2026 तक की अवधि में हुए संस्थागत प्रसवों, प्रथम संदर्भन इकाई, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यकम, विभिन्न चिकित्सा इकाईयों की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, ई संजीवनी (टेली कन्सलटेशन),आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जनपद वार विश्लेषण किया गया। प्रसव पूर्व जाँच में ब्लाक हरपालपुर,माधौगंज जनपद हरदोई, मोहम्मदी,बेहजम,जनपद खीरी,ब्लाक माल, लखनऊ, ब्लाक हरचंन्दपुर जनपद रायबरेली, ब्लाक मिश्रिख, एलिया जनपद सीतापुर, ब्लाक नवाबगंज, बिछिया एवं फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव की उपलब्धि विगत माह से कम पायी गयी। जिसके लिये मण्डलायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि उपकेन्द्र वार ए0एन0एम0 एवं आशा की समीक्षा की गयी एवं कम उपलब्धि वाले क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर उपलब्धि बढाई जाये। समीक्षा बैठक में निरन्तर प्रसव की उपलब्धि कम पायें जाने पर मण्डलायुक्त के द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि आगामी एक सप्ताह में समीक्षा कर में कार्य में सुधार लायें। मण्डलायुक्त के द्वारा सभी मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी प्राइवेट चिकित्सालयों की एचएमआईएस (हेल्थ मैनेजमेन्ट इन्फार्मस सिस्टम) पोर्टल पर शत प्रतिशत पंजीकरण कराये जाने एवं प्रगति को अंकित कराये। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत अंतरा, छाया एवं आईयूसीडी में कुछ स्वास्थ्य केन्द्र आपरेशनल नही थे, उन सभी को आपरेशनल करने के निर्देश दिये गये। समस्त जनमानस की शत प्रतिशत आभा आईडी के लक्ष्य की पूर्ति हेतु सभी चिकित्सालयों में आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही आशा, सीएचओ, एएनएम की लगाकर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाये। सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहरीय स्वास्थ्य कार्यकम के अन्तर्गत मानव संसाधन, स्वास्थ्य इकाईयों, आशा के गैप को पूर्ण कराये। बैठक में एनक्यूएएस कार्यक्रम में प्रमाणन प्रगति समस्त चिकित्सा इकाईयों पर विस्तार से देखा गया। टेली कन्सल्टेशन की गुणवत्ता बढाये जाने एवं नोडल अधिकारियों के द्वारा सभी सीएचओ का अभिमुखीकरण एवं अनुश्रवण के लिए मण्डलायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया।

बैठक में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की भी समीक्षा करते हुये मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि मेले के दिवस पर बिना किसी अपरिहार्य कारणों के चिकित्सक एवं स्टाफ को अवकाश स्वीकृत न किया जाये एवं आरोग्य मेले के प्रचार-प्रसार को सघन किया जाये। सभी प्रकार की उपलब्ध सुविधायें आम जनमानस को प्रदान की जायें एवं गुणवत्ता को और अधिक बढ़ाया जाये। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की मासिक एवं दैनिक रिपोर्ट शत-प्रतिशत कराना जाना सभी मुख्य चिकित्साधिकारी सुनिश्चित करें जिन आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा लगातार समय से रिर्पोटिंग नहीं की जाती है उनके कम्युनिटी हेल्थ आफिसर को चेतावनी देने एवं नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम थाना क्षेत्र के डिघारी मोड़ पर बीते रविवार शाम तेज रफ्तार नेक्सान कार की टक्कर बाइक सवार बछरावां क्षेत्र निवासी अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि उसके दामाद की हालत गंभीर बनी हुई है । थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार मृतक के लड़के द्वारा कार चालक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है । आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। रायबरेली के बछरावां थानांतर्गत जीगो गांव निवासी सुमित कुमार द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार, 11 मार्च की दोपहर बाद उनके पिता ज्ञान चंद्र बहनोई हरिप्रसाद के साथ बाइक से जा रहे थे । उसी शाम करीब 7:30 बजे नगराम के डिघारी मोड़ पर पहुंचे ही थे कि नगराम के करोरा गांव निवासी अरुण पाल ने अपनी नेक्सन कार यूपी 32 आर ई 1225 को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर टू पहुंचाया गया हालत गंभीर देख उनके पिता ज्ञानचन्द्र को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई जबकि बहनोई हरिप्रसाद की हालत नाजुक बनी हुई है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक के लड़के सुमित द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# सिलिंडर नहीं मिलने पर एडीएम के सीयूजी नंबर पर कर सकते हैं शिकायत




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** आदिल नगर निवासी सुरेश गौतम भारत गैस के उपभोक्ता हैं। बुक कराने के पांच दिन बाद भी उन्हें सिलिंडर नहीं मिला। वह एजेंसी के भी कई चक्कर लगा चुके थे। मंसूर नगर निवासी विनोद जायसवाल भी सिलिंडर नहीं मिलने से परेशान थे। इन लोगों ने सोमवार सुबह एडीएम (आपूर्ति) ज्योति गौतम के सीयूजी नंबर पर फोन किया। एडीएम ने व्हाट्सएप पर बुकिंग से जुड़ा विवरण मंगाया। इसके बाद संबंधित एजेंसी से समाधान कर सूचना देने के लिए कहा। शाम को एडीएम ने जब दोनों उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया तो उन लोगों ने बताया कि उन्हें सिलिंडर मिल गया है। उपभोक्ताओं की समस्या हल कराने के उद्देश्य से अमर उजाला में सोमवार के अंक में एडीएम (आपूर्ति) का सीयूजी नंबर प्रकाशित किया गया था। एडीएम ज्योति गौतम ने बताया कि सुबह से दोपहर तक करीब 50 उपभोक्ताओं के फोन उनके पास आ गए थे। सभी से उनका विवरण मंगाकर संबंधित एजेंसी व अधिकारी को भेज कर समस्या समाधान के निर्देश दिए गए। शाम तक सभी उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें सिलिंडर मिल गया है।
एडीएम ने दावा किया कि जिले में घरेलू सिलिंडर की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह नियमानुसार समय पर अपनी गैस बुक कराएं। उन्हें मिले मेसेज के मुताबिक अगर समय पर सिलिंडर नहीं मिलता है तो वह सीयूजी नंबर 9415005006 पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# पर्यटन विभाग का अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों के विकास पर जोर

## 89.82 लाख रुपए की पर्यटन विकास योजना से बदलेगी तस्वीर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** प्रदेश पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित प्राचीन श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है।
मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए करीब 89.82 लाख रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस पहल से न केवल मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक होगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी गति मिलेगी। यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनकर उभरेगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जलसाई नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास के तहत इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत यात्री हॉल का निर्माण, शीट रूफिंग युक्त यात्री शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर से युक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे।
इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के जरिए परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस पहल से जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं लखनऊ के धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। जनश्रुति के मुताबिक, भगवान भोलेनाथ का प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर स्वयंभू माना जाता है। अनुमानतः यह मंदिर करीब 200 साल से भी अधिक पुराना है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर इसका निर्माण कराया था, जो समय के साथ इलाके की आस्था का बड़ा केंद्र बन गया। उत्तर प्रदेश सरकार इसे धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दिलाने में जुटी है, जिसके तहत मंदिर को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। खास बात यह है कि सावन और महाशिवरात्रि के मौके पर यहां हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अब राज्य के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ-साथ अल्पज्ञात और प्राचीन मंदिरों के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित जलसाई नाथ मंदिर, चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा के संत रविदास मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों का विकास किया जा रहा है। पर्यटन विभाग इन स्थलों पर सौंदर्यीकरण, बेहतर सुविधाएं और आकर्षक पर्यटन माहौल तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है।

# लखनऊ के जलसाई नाथ मंदिर का होगा कायाकल्प

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान दिलाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प किया जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए लगभग 89.82 लाख रुपये की परियोजना पर कार्य शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस पहल से मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक बनेगा तथा स्थानीय पर्यटन को नई गति मिलेगी।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जलसाई नाथ मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना के तहत यात्री हॉल, शीट रूफिंग युक्त शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर आधारित इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के माध्यम से परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और लखनऊ के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।मंदिर से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को समर्पित यह प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर स्वयंभू माना जाता है और इसकी आयु लगभग 200 वर्ष से अधिक बताई जाती है। स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा निर्मित यह मंदिर समय के साथ क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। विशेष रूप से महाशिवरात्रि और सावन के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।पर्यटन विभाग अब राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों के साथ-साथ प्राचीन और कम चर्चित मंदिरों के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में लखनऊ के जलसाई नाथ मंदिर के अलावा चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा स्थित संत रविदास मंदिर समेत कई स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिल सके।
मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि समृद्ध विरासत, पारंपरिक व्यंजनों और प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला से सजा लखनऊ देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं के चलते वर्ष 2025 में यहां 1.71 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिनमें 38 हजार से ज्यादा विदेशी पर्यटक शामिल रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन में अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# यातायात नियमों पर सख्ती, 128 वाहनों का चालान

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए देवरिया यातायात पुलिस ने मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में भटवलिया, बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, जिला पंचायत कट, सुभाष चौक और कसया रोड सहित कई स्थानों पर अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं कसया रोड पर बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाकर चलने वाले बाइक चालकों के विरुद्ध चालान और सीज की कार्रवाई की गई। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा वाहनों की जांच कर सही कागजात मिलने पर उनकी नंबरिंग की गई। यातायात पुलिस ने गोरखपुर ओवरब्रिज, इंडियन आयल पेट्रोल पंप पुरवा, रुद्रपुर मोड़ और कसया पशु अस्पताल के पास चेकिंग कर देहात क्षेत्र के ई-रिक्शा वाहनों का डायवर्जन भी कराया। अभियान के दौरान कुल 128 वाहनों का ई-चालान किया गया।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– /2काम(बी)–गो0वृ0/25–26 दिनांक .03.2026

**ई–निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधान सभा बलरामपुर | | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | सेमरहना से गोसाईपुरवा सम्पर्म मार्ग का निर्माण कार्य। | 218.80 | 12.95 | 2600.00 | 12 माह | ए. |
| 2 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | पी0बी0 मार्ग किमी0 345 से खेक्सीडीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 218.50 | 12.95 | 2600.00 | 12 माह | ए. |
| 3 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | देवरिया रानीजोत सम्पर्क मार्ग किमी0 03 से रघुनन्दनजोत बरवलिया होते हुए सम्पर्म मार्ग का निर्माण कार्य। | 197.20 | 11.90 | 2600.00 | 12 माह | ए.बी. |
| 4 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | कल्ला भठ्ठा से चारो काफरी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 181.30 | 11.10 | 2600.00 | 12 माह | ए.बी. |
| 5 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | बालपुर तिलकपुर मार्ग से सोनपुर खैराही सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 143.60 | 9.20 | 2600.00 | 12 माह | ए.बी. |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.03.2026 से 04.04.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/षर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 04.04.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 248420 दिनांक– 17.03.2026 Website: www.upgov.nic.in

## कार्यालय जिलाधिकारी, अयोध्या ।

पत्रांकः 126/एन०सी०/पच्चीस–नजूल अ०अ०–नीलामी–2026–27 दिनांकः 12.03.2026

**''सार्वजनिक नीलामी सूचना/इश्तेहार आम''**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–2027 **दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक** (एक वर्ष) के लिये अयोध्या में अयोध्या सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों का ठेका गोताखोरी की सार्वजनिक नीलामी खुली बोली के माध्यम से **दिनांक 24.03.2026 समय 01.00 बजे दिन** में नजूल कार्यालय अयोध्या में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकते हैं। बोली निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जायेगी, जो निम्नवत् है –

01 बोली में भाग लेने के पूर्व नवीनतम हैसियत प्रमाण–पत्र व चरित्र प्रमाण–पत्र तथा नजूल विभाग से अदेयता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
02 बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को बोली बोलने के पूर्व मु0 50,000/– (पचास हजार) रूपये अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना होगा।
03 बोली बोलने के तत्काल बाद अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली का 25 प्रतिशत धनराशि तथा अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि नीलामी की स्वीकृति के पश्चात् जमा करना होगा, अन्यथा जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा बोली की प्रक्रिया नये सिरे से प्रारम्भ की जायेगी।
04 ठेके की स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार को अधिकार पत्र (ठेकानामा) निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराने के लिये प्रस्तुत करना होगा।
05 नजूल विभाग का बकायेदार उक्त बोली में प्रतिभाग नहीं ले सकता है।
06 नीलामी स्वीकृति/अस्वीकृति/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय के निर्णय अन्तिम होगा।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
नजूल अधिकारी
अयोध्या।

उ0प्र0 248306 दिनांक– 16.03.2026
Website: www.upgov.nic.in

## SARJOO SAHKARI CHINI MILLS LTD.,
BELRAYAN, LAKHIMPUR KHERI

पत्रांक : 1289/प्र0प्र0/2025–26 दिनांक : 17/03/2026

**TENDER NOTICE FOR SEASON 2025-26**

E tenders are invited from reputed contractors, authorized dealers, Manufacturers/ Traders for supply/Contract job as under mentioned items for season 2025-26. Tenders will be opened on the due date as stated below & negotiation will be held if seems necessary. The documents with detailed specifications, make, Earnest money, Tender form fee, Tender form, terms and conditions etc can be downloaded from www.gem.gov.in Right to reject and date extension of any or all the tenders without assigning any reason is reserved with undersign.

| Sl. No. | Name of the item | Starting date of uploading of Tender | End date of uploading Tender | Technical & Commercial bid opening date |
|---|---|---|---|---|
| Tender no 1 | SUPPLY OF DIFFERENT SIZE BARE ZINCALUME TRAPEZOIDAL PROFLE ROOF SHEET AND RIDGE CAP (PLAIN) | 14.03.2026 | 30.03.2026 | 30.03.2026 |
| Tender no 2 | Chemical cleaning of high pressure mill boiler, Cap 40 ton/hrs Walchand nagar make | 17.03.2026 | 01.04.2026 | 01.04.2026 |

**GENERAL MANAGER**

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांकः- 988 /1काम-सु0अ0वृ0/2025-26 दिनाँकः- 12-03-2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (II Call)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासीअ भियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | अमेठी | कादूनाला थौरी मार्ग से राम निहाल दुबे के पुरवा तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित | 67.00 | 5.35 | Rs.2714.00 | 4 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अमेठी | सुलतानपुर. अमेठी वृत्त लो०नि०वि० सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र. लो०नि०वि० अयोध्या |

➢ बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 20.03.2026 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 28.03.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 28.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 28.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अमेठी

(आदित्य कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता,
सुलतानपुर-अमेठी वृत्तलो0नि0वि0,
सुलतानपुर

उ0प्र0 248445 दिनांक– 17.03.2026 Website: www.upgov.nic.in

## कार्यालय नगर पालिका परिषद–सीतापुर

पत्रांक – 2096/स्वा0अनु0/2025–26 दिनांक– 16.03.2026

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**
**रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में **राज्य वित्त आयोग/परिषद निधि** के अन्तर्गत कान्हा गौशाला में संरक्षित गौवंशो के भरण पोषण हेतु भूसा व चारा आपूर्ति कार्य की दरे हेतु ई–निविदा निम्नलिखित तिथियों में http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :–

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 18.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 24.03.2026 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक | दिनांक 25.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ–साथ http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

# दामाद की पीट-पीट कर हत्या

## ससुर व पत्नी पर आरोप, मुकदमा दर्ज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के आशियाना इलाके में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय विष्णु के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विष्णु ने करीब चार साल पहले तीर्थ नाथ की बेटी से प्रेम विवाह किया था, जिसे लेकर ससुराल पक्ष खुश नहीं था। घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वारदात की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि विष्णु का अपनी ससुराल वालों के साथ विवाद चल रहा था। आरोप है कि ससुर और सालियों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि हत्या की कड़ियों को जोड़ा जा सके। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए ससुर और अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है।

# महानगर क्षेत्र में आज जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

## मरम्मत कार्य के चलते जलकल विभाग की अपील

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** लखनऊ के जलकल विभाग जोन-3 द्वारा महानगर क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के स्लूस वाल्व की मरम्मत का कार्य 18 मार्च 2026, बुधवार को किया जाएगा। इस आवश्यक कार्य के चलते महानगर के सेक्टर-बी पाण्डेयटोला, रहीम नगर घोसियाना, सेक्टर-ए महानगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।जलकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे संभावित असुविधा से बचने के लिए 18 मार्च की प्रातःकालीन अवधि में ही अपने घरों में पर्याप्त जल का संचयन कर लें, ताकि दिनभर पानी की कमी न हो। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मरम्मत कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे जलापूर्ति जल्द से जल्द सामान्य हो सके।वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए नागरिक क्षेत्रीय अवर अभियंता के मोबाइल नंबर 8173004084 तथा स्टोर इंचार्ज के मोबाइल नंबर 8173004083 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

## पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को गति देने के लिए राज्य सरकार ने पंप्ड स्टोरेज पावर परियोजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन पर जोर दिया है। इसी क्रम में इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वीकृत परियोजनाओं के संचालन में आ रही बाधाओं को समयबद्ध तरीके से दूर करने के निर्देश दिए गए।बैठक में मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और ऊर्जा भंडारण व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियामकीय और प्रक्रियागत अड़चनों को शीघ्र दूर कर परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए।मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ सुगम व्यापार व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने परियोजना डेवलपर्स को आश्वस्त किया कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।बैठक में वन एवं राजस्व अभिलेखों से जुड़ी विसंगतियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि आवंटन से संबंधित बाधाओं को समाप्त करने के लिए विभागों को समन्वित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया गया, ताकि परियोजनाओं में किसी प्रकार की देरी न हो।इस अवसर पर विभिन्न प्रमुख ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित जानकारी साझा की। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध ढंग से कार्य कर रही है, जिससे परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य पर मंथन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा बापू भवन स्थित सभागार में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने की, जबकि प्रमुख सचिव अनुराग यादव भी उपस्थित रहे।बैठक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि इस महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए ठोस, व्यावहारिक और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए।उन्होंने विशेषज्ञ संस्था डिलॉयट के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र उत्तर प्रदेश में स्थापित हो सकें। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।बैठक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश में एआई सिटी की स्थापना और ड्रोन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।इस दौरान रवि रंजन, नेहा जैन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे। सरकार का मानना है कि नई तकनीकों को अपनाकर प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है और इसे देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया जा सकता है।

### कृषि विभाग में 'ई-ऑफिस' को बढ़ावा, 5.56 करोड़ रुपये से होगा डिजिटलीकरण और पारदर्शिता मजबूत

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली को पारदर्शी, कागजरहित और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी 'ई-ऑफिस' योजना को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए 5 करोड़ 56 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल का उद्देश्य विभागीय फाइल प्रणाली को आधुनिक बनाते हुए कार्यों के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित करना है।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देशानुसार इस धनराशि से विभाग के लिए 625 उच्च गुणवत्ता वाले 'ऑल इन वन' कंप्यूटर खरीदे जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश भर में कृषि विभाग के अभिलेखों की स्कैनिंग और डिजिटलीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है। नए उपकरणों को शीघ्र ही मुख्यालय सहित सभी जनपदीय कार्यालयों में उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और ई-ऑफिस प्रणाली को गति प्राप्त होगी।ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने से फाइलों का सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित होगा और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी। इसके साथ ही अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी, जिससे लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।इस तकनीकी बदलाव का सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। कृषि विभाग की योजनाओं और अनुदानों से संबंधित सेवाएं अब अधिक प्रभावी और शीघ्रता से किसानों तक पहुंच सकेंगी। सरकार का लक्ष्य है कि किसानों से जुड़ी सभी सेवाएं डिजिटल माध्यम से न्यूनतम समय में उपलब्ध कराई जाएं, जिससे प्रदेश का कृषि क्षेत्र अधिक आधुनिक और सशक्त बन सके।

### शिक्षकों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी सीमा 25 लाख रुपये तक बढ़ी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनकी सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु ग्रेच्युटी (उपादान) की अधिकतम सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो जाने की स्थिति में ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है।इस संबंध में विशेष सचिव उमेश चन्द्र द्वारा शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश को पत्र जारी किया गया है। पत्र में पूर्व में जारी शासनादेश दिनांक 07 मई 2017 का संदर्भ देते हुए बताया गया है कि उस समय ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये निर्धारित की गई थी।शासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के शासनादेश दिनांक 23 दिसंबर 2016 एवं 02 जुलाई 2024 के प्रावधानों के अनुरूप अब यह निर्णय लिया गया है कि जब महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक पहुंच जाए, तो अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी 25 लाख रुपये तक ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाएगा।यह आदेश विभागीय सहमति के उपरांत 06 मार्च 2026 को जारी किया गया है। शासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

### बीबीएयू ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक साथ 2100 पौधे लगाकर रचा इतिहास

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को एक ही समय पर एक ही स्थान पर सर्वाधिक पौधारोपण के सफल आयोजन के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी मजबूत प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। इस अवसर पर कुलपति राज कुमार मित्तल ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और सहयोगी संस्थाओं को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास, समर्पण और जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।यह भव्य वृक्षारोपण अभियान 9 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के वन विभाग के सहयोग से 2100 प्रतिभागियों ने एक ही समय में 2100 पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया, जिनमें से 2055 पौधों का सफल रोपण सुनिश्चित किया गया। यह आयोजन न केवल बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया, बल्कि पूरी तरह सुव्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ।

# बुंदेलखंड विकास को मिली रफ्तार, जालौन में 10 परियोजनाओं के लिए 8.85 करोड़ रुपये स्वीकृत

## नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर इसकी प्रति मुख्य विकास अधिकारी, जालौन को भेज दी गई

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुंदेलखंड विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत जनपद जालौन की 10 महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 8 करोड़ 85 लाख 64 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर इसकी प्रति मुख्य विकास अधिकारी, जालौन को भेज दी गई है।जारी शासनादेश के अनुसार जनपद में विभिन्न संपर्क मार्गों के निर्माण और नव निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। अमरोड से घुरट चौपड़ा तक संपर्क मार्ग निर्माण के लिए 50.80 लाख रुपये, बजीदा से गढ़र मार्ग के लिए 85.53 लाख रुपये तथा धुरट चौपड़ा से मवई मार्ग के निर्माण के लिए 15.04 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।इसी क्रम में सतोह से अमीटा संपर्क मार्ग के लिए 105.16 लाख रुपये, जमरेही कला से इंगुई कला होते हुए बरवटा हनुमान मंदिर तक मार्ग निर्माण के लिए 94.72 लाख रुपये तथा भेप्ता से कमतरी मार्ग के लिए 58.74 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अतिरिक्त धमसैनी से मबई मार्ग के लिए 43.13 लाख रुपये, भेप्ता से पहाड़गांव मार्ग के लिए 68.02 लाख रुपये तथा खर्रा से धनौरा कलां मार्ग के निर्माण के लिए 40.32 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।सबसे बड़ी परियोजना के रूप में बंगरा से डीहा संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 324.18 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।प्रदेश सरकार की इस पहल से बुंदेलखंड क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी।

# लखनऊ में 'जनरेशन एआई/2047 समिट' का आयोजन

## सुनील शर्मा बोले–कृत्रिम बुद्धिमत्ता बनेगी भविष्य की सबसे बड़ी ताकत

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता को विकास के केंद्र में रखते हुए लखनऊ स्थित द सेंटरम होटल में 'जनरेशन एआई/2047 समिट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सहभागिता करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भविष्य की सबसे बड़ी परिवर्तनकारी शक्ति बताया।अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रही है और नई तकनीकों को तेजी से अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभावी उपयोग करना सीखेंगे, वही आने वाले समय में सबसे अधिक सशक्त होंगे।समिट की शुरुआत छात्र परियोजना प्रदर्शनी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार प्रस्तुत किए। इन परियोजनाओं ने युवाओं की तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमता को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया। इसके बाद नवाचार सत्र के अंतर्गत युवा प्रतिभाओं ने अपने विचार साझा किए, जिससे कार्यक्रम में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा मिला।कार्यक्रम में आयोजित विचार-विमर्श सत्रों में प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। इसमें इसके अवसरों, चुनौतियों और जिम्मेदार उपयोग जैसे विषयों पर गहन मंथन किया गया।मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की राजधानी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को केवल कदम से कदम मिलाकर चलने की नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने की आवश्यकता है।उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों के माध्यम से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को डिजिटल और तकनीकी दक्षता से जोड़ा जा चुका है। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों से तकनीक के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग का संकल्प लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न संस्थानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समिट ने प्रदेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार, कौशल विकास और नीति संवाद को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हज यात्रियों के लिए चिकित्सा जांच और टीकाकरण अनिवार्य

## 23 मार्च तक विकल्प चुनने का अंतिम अवसर

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** हज यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए राज्य हज समिति के सचिव एस.पी. तिवारी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार सऊदी अरब सरकार के हज मंत्रालय की गाइडलाइंस के तहत सभी हज यात्रियों के लिए चिकित्सा जांच और टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया है। यह व्यवस्था भारत के बाहर निवास कर रहे भारतीयों पर भी समान रूप से लागू होगी।उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को अपनी यात्रा से पहले अनिवार्य रूप से चिकित्सा परीक्षण कराकर फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। वीजा जारी होने की अंतिम तिथि को ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया 18 मार्च 2026 तक पूर्ण करना आवश्यक है। टीकाकरण यात्रा की तिथि से 10 दिन पूर्व तक कराया जा सकता है।विदेशों में रह रहे भारतीय हज यात्री अपने निवास देश में सरकारी या निजी स्वास्थ्य केंद्रों से चिकित्सा जांच कराकर उसका प्रमाण पत्र संबंधित राज्य हज समिति को उपलब्ध कराएं। वहीं टीकाकरण भारत में भी कराया जा सकता है। चिकित्सा जांच और टीकाकरण पर होने वाला समस्त व्यय यात्रियों को स्वयं वहन करना होगा। सभी यात्रियों को यात्रा के दौरान अपना मूल स्वास्थ्य कार्ड साथ रखना अनिवार्य होगा।

### सास और साले का हत्यारा मुठभेड़ में ढेर, दो सिपाही भी घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित गांव रहपुरा चौधरी में सोमवार को सास और साले की हत्या में फरार आरोपित आज सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। दो सिपाही घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिया अस्पताल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि सोमवार को रहपुरा चौधरी गांव में पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। इस दौरान आरोपित अफसर खां उर्फ बौरा ने सास आसमां (50), साले आदिल (22) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। बीच बचाव में पत्नी सायमा (30) घायल हो गई। आरोपित वारदात के बाद मौके से फरार हो गया था।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से महापौर सुषमा खर्कवाल की शिष्टाचार भेंट

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से सुषमा खर्कवाल ने नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान नगर विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और लखनऊ के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया गया।भेंट के दौरान रक्षा मंत्री ने महापौर को जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। उनके सरल और प्रेरणादायी व्यक्तित्व का प्रभाव इस मुलाकात में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री का मार्गदर्शन लखनऊ के विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व से जनहित के कार्यों को और गति मिलेगी।

### पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के गेट पर युवक ने आत्मदाह का किया प्रयास




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस उप निरीक्षक पद के लिए लिखित भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा के प्रश्नपत्र में पूछे गए एक सवाल को लेकर लोगों ने नाराजगी भी जताई थी। इसी मामले में मंगलवार को एक युवक ने लखनऊ स्थित पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के गेट पर आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने युवक को पकड़ लिया और हुसैनगंज पुलिस के हवाले कर दिया। इस्पेक्टर के मुताबिक हिरासत में लिए गये युवक की पहचान बुलंदशहर जिले के निवासी दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसने बताया कि 14 मार्च को आयोजित यूपी पुलिस की उपनिरीक्षक पद की लिखित परीक्षा में एक विशेष प्रश्न पूछा गया था। इस प्रश्न में 'अवसरवादी' को परिभाषित करने के विकल्प के तौर पर 'पंडित' शब्द को शामिल किया गया था। उसका आरोप है कि इस प्रश्न को परीक्षा पत्र में जान बूझकर एक विशेष समुदाय को अपमानित करने के इरादे से शामिल किया गया था। इससे ब्राह्मण समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। इस अपमान से व्यथित होकर वह आज अपनी जान देने के इरादे से पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय पहुंचा था।

# तेजी से काम करें आजीविका मिशन से जुड़ी संस्थाएं, हर हाल में लक्ष्य पूरा करें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक उत्थान व महिलाओं की सतत आजीविका को को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मे कार्य

■ प्रदेश मे एक करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी : डिप्टी सीएम

कर रही विभिन्न संस्थाओं के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन उप मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर किया गया। बैठक मे गेट फाउण्डेशन की 8 पार्टनर संस्थाओं व एच सी एल फाउंडेशन द्वारा महिला आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन हेतु किए जा रहे कार्यों का प्रजेंटेशन दिया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए संसाधनों, व मैनपॉवर का पूरी क्षमता व दक्षता के साथ उपयोग करते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करें और ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्यों की हर हाल में पूर्ति करें। उन्होंने कहा की सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं के निर्धारित दायित्वो के निर्वहन के साथ-साथ देश व समाज के प्रति भी अपने कर्तव्यों व दायित्वों निर्वहन करें। किसी गरीब के जीवन में खुशहाली लाने पर स्वयं को भी खुशी व आत्मगौरव की अनुभूति होती है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य, लक्ष्य व ध्येय प्रदेश में एक करोड़ लखपति दीदी हर हाल मे बनाना ही है। उन्होंने संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अधिकारियों मे नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार करते हुये कहा कि सभी लोग गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाकर अपने जीवन को भी सार्थक बनाएं। निर्देश दिये कि जिन समूहों का बैंक लिंकेज अभी



नहीं हुआ है, उसके लिए ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक लिंकेज कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा इस संबंध में जिलों को भी उचित स्तर से दिशा निर्देश दिये जांय। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। रिजल्ट ओरिएंटेड काम होने चाहिए। सभी संस्थाएं व अधिकारी अपनी पूरी प्रतिभा का उपयोग करें और सर्वश्रेष्ठ करके दिखाएं।उन्हें हर संभव मदद की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश के सभी संस्थाएं सघनता से कार्य करने की प्लानिंग करें। लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम सुनिश्चित करें। मल्टीपल एक्टिविटी करे। आजीविका मिशन मे सीआरपी की संख्या बढ़ाई जाए।एक पंचायत- एक बीसी सखी कार्यक्रम के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी हासिल करते हुए निर्देश दिए कि जो ग्राम सभाएं बड़ी हैं वहां एक से अधिक बी सी सखी बढ़ाए जाने पर भी विचार किया जाए। बताया गया बीसी सखी के कार्यों का दायरा बढ़ाया गया है, एसबीआई व बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अलावा चार और बैंकों के साथ अनुबन्ध किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बी सी सखियो को जन सुविधा केन्दों के संचालन, एल आई सी मे बीमा सखी के रूप में किया जा रहे हैं कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।उन्होंने कहा बी सी सखियों को इंश्योरेंस कंपनियों के साथ अनुबंध कराने, आर डी खाते खुलवाने, लोगो को ऋण दिलाने, उद्यम ऋण दिलाने, रिकवरी कराने, पोस्ट ऑफिस की धन लेन देन योजनाओं से जुड़वाने का प्रयास किया जाय।श्री मौर्य ने कहा कि जिन बैंकों से अनुबन्ध हुआ है उनके सी एस आर फण्ड से बी सी सखियो को उनके बैकिंग सम्बन्धी कार्य के लिए लैपटॉप व मोबाइल दिलाने का प्रयास किया जाए।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## कृषि में महिलाएं

अन्य व्यवसायों से खेती इस मामले में अलग है कि इसमें किसान के साथ उसके परिवार, विशेष रूप से महिलाओं, की सक्रिय सहभागिता रहती है। सामान्य किसान परिवारों में यह बहुत स्वाभाविक है क्योंकि घर की तरह खेती के काम भी निपटाए जाने होते हैं। फसलों की बुवाई, कटाई, प्रसंस्करण और और उन्हें बाजार-मंडी तक पहुंचाने सहित खेती की विभिन्न गतिविधियों में महिलाओं की अहम भूमिका है। यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पिछले एक दशक के दौरान यह सहभागिता कई रूपों में काफी हद तक बढ़ी हैं। इस जागरूकता का ही असर है कि की प्रतिभाशाली महिलाएं बड़ी कंपनियों की अच्छे-खासे पैकेज की। नौकरियां छोड़कर ग्रामीण जीवन तथा कृषि कार्यों से सीधे रूप से जुड़ीं। यह जुड़ाव इतने गहरे और व्यापक रूप में सामने आया है कि अब केंद्र और राज्यों की सरकारें पुरुषों की तरह महिला कृषकों के लिए भी प्रोत्साहन योजनाएं चला रही हैं, हर साल उत्कृष्ट कृषि कार्यों के लिए उनका सम्मान समारोह भी आयोजित होता है। कृषि में आधी आबादी की रुचि यहां तक बढ़ी है कि कृषि विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुछ संस्थानों में तो यह साठ प्रतिशत तक पहुंच गई है। इनमें शैक्षणिक दृष्टि से उनका प्रदर्शन भी स्तरीय है। दरअसल, इसका नैसर्गिक कारण भी है। महिलाओं में नेतृत्व का गुण सहज रूप से होता है। परिवार चलाने में तो उसे देखा ही जाता है, बाहर भी प्रेरक की भूमिका बखूबी निभाती हैं। आज इसे और व्यापक रूप देने की संभावनाओं को सशक्त करने की जरूरत है। खासकर यह देखते हुए कि देश महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के विचार के साथ आगे बढ़ रहा है, तब कृषि क्षेत्र में नीति निर्माण, निर्णय लेने और नेतृत्व के पदों पर उनकी भूमिका अधिक होनी चाहिए। इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी कहना है कि सरकार, समाज और कृषि क्षेत्र के सभी हितधारक इन प्रेरक महिलाओं को कृषि तथा अनाज उत्पादन के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के लिए हर संभव सहायता और प्रोत्साहन दें। रक्षा, विज्ञान, उद्योग और व्यवसाय जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में जिस तरह महिलाएं अपनी उपलब्धियों के झंडे गाड़ रही हैं, वही स्थिति कृषि क्षेत्र में भी निर्मित हो तो यह समाज और देश दोनों को आगे बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। जरूरत केवल इस मानसिकता को बदलने की है जिसमें महिलाओं को बाहर का काम करने के लायक समझा ही नहीं जाता।

## भूजल संकट

बेहद तेजी के साथ बढ़ते जा रहे तापमान और उसकी क्रियाओं-प्रतिक्रियाओं के कारण आसन्न जल संकट के खतरों के प्रति काफी पहले से भूगर्भवेत्ता और पर्यावरणविद आगाह करते आ रहे हैं। आशंका है कि इससे हिमालयी क्षेत्र में भारत तथा अन्य कई देशों में जल संकट बढ़ेगा। हिमालय को सदियों से पानी का अटूट स्रोत माना जाता रहा पर वहां अब भूजल का भंडार तेजी के साथ खत्म होने की ओर है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि यह संकट करोड़ों लोगों की कृषि, पेयजल और पर्यावरण की सुरक्षा पर भारी पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहीं से निकलने वाला पानी भारत समेत दर्जनों देशों की नदियों, खेती और करोड़ों लोगों के लाइफ लाइन है। उनका मानना है कि हर साल करीब 2420 करोड़ टन की दर से भूजल में गिरावट आने वाले वर्षों में भारत सहित दक्षिण और मध्य एशिया के कई देशों के लिए बड़ा संकट खड़ा कर सकती है। वैज्ञानिकों द्वारा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित नए मॉडल से किए गए अध्ययन में पता चला कि एशिया के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों के करीब दो तिहाई हिस्से में भूजल लगातार घटा है। इसमें सबसे ज्यादा गिरावट इन निचले इलाकों में पाई गई जहां की आबादी घनी है और सिंचाई का भारी दबाव है। भूजल में इस बदलाव के पीछे आधा योगदान जलवायु कारकों का है।? सबसे गंभीर तथ्य यह है कि मानव गतिविधियां विशेषकर सिंचाई के लिए पानी के बेतहाशा दोहन से जल संकट में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पर्यावरण क्षरण की अन्य समस्याओं का सामना कर रहे भारत के लिए यह ऐसी गंभीर चुनौती है जिसका समाधान जल्द न खोजे जाने पर यह ऐसा विकराल रूप ले लेगी जिसे संभाल पाना शायद ही संभव हो सके। इसलिए सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने जरूरी हैं। पानी के इस्तेमाल के मौजूदा तौर तरीकों तथा नीतियों में बदलाव अब अपरिहार्य हो गया है। यह सही है कि बेतहाशा तापमान के कारण ग्लेशियरों का पिघलना कुछ समय के लिए भूजल स्तर में गिरावट को संभालेगा लेकिन यह स्थाई उपाय तो नहीं है। समस्या से निपटने के लिए सरकार ने कुछ उपाय लागू किए हैं लेकिन पहली बात यह कि इन पर पूरी तरह अमल नहीं हो रहा है। दूसरी बात है कि भूजल स्तर गिरावट की व्यापकता को देखते हुए यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं।


## काँव-काँव


◆◆◆

**अब रेशम से दुनिया का दुलारा होगा कश्मीर**
पाकिस्तान तो कब से गोद में लेना चाहता है!
**केवल अपने बारे में सोचती सपा सरकार-योगी**
योगी सरकार ने फव्वारे पर पूरा ध्यान दिया!
**इस फरवरी में थोक महंगाई रही सबसे ज्यादा**
अपने राम तो सोना चांदी भी खुदरा खरीदते हैं
**कश्मीर से मनाली तक भारी हिमपात के नजारे**
सैलानियों के लिये नजारे,बाकी मौसम के मारे!
**भाजपा की सुविधा से चुनावी कार्यक्रम-प्रियंका**
विपक्ष तो चुनाव आयुक्त को हटाने में जुटा है!
**ईरान से हमारी दोस्ती बहुत पुरानी है -जयशंकर**
फादरलैंड की खोज तो अभी हाल में हुई है !

◆◆◆

# मध्य पूर्व युद्ध और भारत की रणनीति

ईरान- इजरायल-अमेरिका युद्ध ने पूरे मध्य पूर्व को जंग के मैदान में बदल दिया है। तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले, इजरायली जवाबी कार्रवाई और अमेरिकी नौसेना की सीधी



- डॉ. दीपकुमार शुक्ल

भागीदारी ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को संकट में डाल दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबन्दी सेवैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है। भारत सहित कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की कमी शुरू हो गयी है। इस युद्ध ने केवल क्षेत्रीय स्थिरता को नहीं बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा बाजारों को भी प्रभावित किया है।

युद्ध के दौरान ईरान ने दक्षिणी तेल अवीव पर क्लस्टर वॉरहेड से हमला किया जिससे सेण्ट्रल इजरायल में भारी तबाही हुई। जबकि इजरायल ने अमेरिका के सहयोग से ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर करने का दावा किया है तथा अमेरिका ने ईरानी जहाजों को डुबोने और सैन्य ठिकानों को तबाह करने की पुष्टि की है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए प्रतिबन्ध हटाने, अमेरिकी सेना की वापसी और गैर-डॉलर व्यापार की मंजूरी जैसी शर्तें रखीं। इस संघर्ष में ईरान को अब तक लगभग 1300 मौतों का सामना करना पड़ा है जबकि इजरायल में 2000 से अधिक लोग मारे गये हैं। अमेरिका ने भी नौसैनिक टकराव और सैन्य विमान दुर्घटनाओं में नुकसान झेला है। सऊदी अरब और यूएई में मिसाइल और ड्रोन हमलों से तेल आपूर्ति बाधित हुई है।कुवैत और कतर ने शान्ति की अपील की है जबकि चीन ने मध्यस्थता का रुख अपनाया है।

कानूनी दृष्टि से ईरान द्वारा क्लस्टर बमों का प्रयोग अन्तर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत विवादास्पद है, वहीं अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर और समुद्री कानून के विरुद्ध मानी जा रही है। भारत ने ऊर्जा आपूर्ति की स्वतन्त्रता का समर्थन किया और गैर-डॉलर व्यापार की शर्तों पर आपत्ति दर्ज की। भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी भूमिका को सन्तुलित रखते हुए शान्ति और स्थिरता का पक्ष लिया है।

दरअसल भारत नेइस संकट को केवल ऊर्जा चुनौती नहीं माना बल्कि इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व का अवसर समझा है। तात्कालिक स्तर पर रणनीतिक पेट्रोलियम रिज़र्व का उपयोग किया गया, रूस और अफ्रीका से वैकल्पिक आयात अनुबन्ध किये गये और हिन्द महासागर में नौसेना दर्ज की गयीं। अमेरिका और यूरोप के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ाया गया, लेकिन ईरान से संवाद भी बनाये रखा गया। दीर्घकालिक स्तर पर घरेलू तेल-गैस उत्पादन और ग्रीन हाइड्रोजन पर निवेश बढ़ाया गया, ऊर्जा सुरक्षा गठबन्धन की पहल की गयी और हिन्द महासागर में स्थायी नौसैनिक उपस्थिति सुनिश्चित की गयी। भारत क्षेत्रीय शान्ति प्रयासों में निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध ने भारत को एक निर्णायक मोड़ पर लाकर खड़ा किया है। जहां एक ओर ऊर्जा संकट ने तात्कालिक चुनौतियाँ दीं, वहीं दूसरी ओर भारत ने दीर्घकालिक रणनीति से अपनी स्थिति को मजबूत किया है। यह संकट भारत के लिए एक अवसर है, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, कूटनीतिक नेतृत्व और वैश्विक स्थिरता की दिशा में निर्णायक अब केवल उपभोक्ता देश की नहीं बल्कि एक सक्रिय वैश्विक खिलाड़ी की है। ऊर्जा संकट ने भारत को मजबूर किया है कि वह अपनी नीतियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाए। ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और घरेलू उत्पादन पर जोर देकर भारत ने दीर्घकालिक समाधान की ओर कदम बढ़ाया है। हिन्द महासागर में नौसैनिक उपस्थिति ने भारत की सुरक्षा नीति को मजबूत किया है। अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रियता ने उसे शान्ति और स्थिरता का पक्षधर बनाया है।

मध्य पूर्व युद्ध ने भारत को यह सिखाया है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आयात पर निर्भर नहीं रह सकती। इसे आत्मनिर्भरता, विविधता और कूटनीतिक सन्तुलन से ही सुनिश्चित किया जा सकता है। भारत ने इस संकट को अवसर में बदलते हुए अपनी नीति को तीन स्तरों पर लागू किया है।



को सक्रिय किया गया। विदेश मन्त्रालय ने संयुक्त राष्ट्र और G20 मंचों पर ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा उठाया। मध्यम अवधि में LNG (Liquefied Natural Gas)समझौते किये गये, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को गति दी गयी और WTO (World Trade Organization)ÌÍæ UNCLOS (United Nations Convention on the Law of the Sea)के तहत कानूनी आपत्तियाँ कदम उठाने का।भारत की नीति तीन स्तरों पर काम कर रही है। तात्कालिक स्तर पर संकट प्रबन्धन, मध्यम अवधि में ऊर्जा विविधता और कूटनीतिक सन्तुलन तथा दीर्घकालिक स्तर पर आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व। भारत ने SPR (Strategic Petroleum Reserve अर्थात रणनीतिक पेट्रोलियम भण्डार)का उपयोग कर आपूर्ति सुनिश्चित की, वैकल्पिक आयात अनुबन्धकिये और नौसेना को सक्रिय किया। भारत की भूमिका तात्कालिक संकट प्रबन्धन, मध्यम अवधि में विविधता और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता। भारत ने इस संकट को केवल ऊर्जा चुनौती नहीं माना। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व का अवसर समझा। तीन-स्तरीय नीति रोडमैप के माध्यम से भारत ने तात्कालिक संकट का समाधान किया और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए। यही नीति भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाएगी।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे

छब्बीसवें-सत्ताइसवें श्लोक में उन्होंने कहा- मुझे कोई नहीं जानता; क्योंकि वे मोहग्रस्त हैं। किन्तु जो उस मोह से छूटने के लिये प्रयत्नशील हैं, वे (1) सम्पूर्ण ब्रह्म, (2) सम्पूर्ण अध्यात्म, (3) सम्पूर्ण कर्म, (4) सम्पूर्ण अधिभूत, (5) सम्पूर्ण अधिदैव और (6) सम्पूर्ण अधियज्ञसहित मुझको जानते हैं अर्थात् इन सबका परिणाम मैं (सद्?गुरु) हूँ। वही मुझे जानता है, ऐसा नहीं कि कोई नहीं जानता।

निष्कर्ष- इस सातवें अध्याय में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने बताया कि- अनन्य भाव से मुझमें समर्पित होकर, मेरे आश्रित होकर जो योग में लगता है वह समग्र रूप से मुझे जानता है। मुझे जानने के लिये हजारों में कोई विरला ही प्रयत्न करता है और प्रयत्न करनेवालों में विरला ही कोई जानता है। वह मुझे पिण्डरूप में एकदेशीय नहीं वरन् सर्वत्र व्याप्त देखता है। आठ भेदोंवाली मेरी जड़ प्रकृति है और इसके अन्तराल में जीवरूप मेरी चेतन प्रकृति है। इन्हीं दोनों के संयोग से पूरा जगत् खड़ा है। तेज और बल मेरे ही द्वारा हैं। राग और काम से रहित बल तथा धर्मानुकूल कामना भी मैं ही हूँ। जैसा कि सब कामनाएँ तो वर्जित हैं, लेकिन मेरी प्राप्ति के लिये कामना कर। ऐसी इच्छा का अभ्युदय होना मेरा ही प्रसाद है। केवल परमात्मा को पाने की कामना ही 'धर्मानुकूल कामना' है। श्रीकृष्ण ने बताया कि- मैं तीनों गुणों से अतीत हूँ। परम का स्पर्श करके परमभाव में स्थित हूँ; किन्तु भोगासक्त मूढ़ पुरुष सीधे मुझे न भजकर अन्य देवताओं की उपासना करते हैं, जबकि वहाँ देवता नाम का कोई है ही नहीं। पत्थर, पानी, पेड़ जिसको भी वे पूजना चाहते हैं, उसी में उनकी श्रद्धा को मैं ही पुष्ट करता हूँ। उसकी आड़ में खड़ा होकर मैं ही फल देता हूँ; क्योंकि न वहाँ कोई देवता है, न किसी देवता के पास कोई भोग ही है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**धर्मशील गुण नाहिं जेहिं, नहिं विद्या तप दान।**
**मनुज रूप भुवि भार ते, विचरत मृग कर जान।**

चाणक्य कहते हैं जिस मनुष्य के अंदर अगर ज्ञान, गुण और शील न हो वह मनुष्य पृथ्वी पर बोझ के समान है। उसे इस धरती पर जीने का कोई हक नहीं है। ऐसा लोग धरती पर बोझ बनकर जिंदा है।

◆◆◆

# तपता मार्च, सूखता पानी : क्या हम असली समस्या से भाग रहे हैं?

सुबह की हवा में अब वसंत की ठंडक नहीं, गर्मी की तीखी आहट है, और यही हाल कई शहरों में फैल चुका है। मार्च 2026 में दिल्ली में पारा 35.7°C तक पहुंचा - पहले सप्ताह का 50 साल का सबसे गर्म मार्च- जबकि गुजरात, राजस्थान, विदर्भ और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में तापमान



- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

38-42°C तक पहुंच गया। लखनऊ, जयपुर, भोपाल, इंदौर जैसे शहर भी इस असामान्य गर्मी की चपेट में हैं। यह क्षणिक बदलाव नहीं, बल्कि बदलती जलवायु की स्पष्ट तस्वीर है जो पूरे देश की दिनचर्या में समा रही है। जो मार्च कभी हल्की धूप और सुकून का महीना था, अब तपिश और सूखेपन का अनुभव बन गया है। यह बदलाव अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय की अनदेखी का नतीजा है, जिसे हम 'नया सामान्य' मानने लगे हैं। मार्च के शुरुआती दिनों में ही बढ़ती गर्मी ने मौसम की पुरानी धारणाएं तोड़ दी हैं। जो तपिश कभी अप्रैलङ्कमई तक सीमित थी, वह अब पहले ही सप्ताह में रिकॉर्ड बना रही है। यह सिर्फ समय का बदलाव नहीं, बल्कि बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन का संकेत है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया गया। चिंताजनक यह है कि पहाड़ी क्षेत्र भी अब इससे अछूते नहीं, साफ है कि जलवायु परिवर्तन सीमाएं पार कर चुका है। यह फैलता संकट हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है और हमें सोचने पर मजबूर कर रहा है कि क्या हमने प्रकृति से अपना संतुलन खो दिया है। इस बढ़ती गर्मी के साथ जल संकट भी तेजी से गहराता जा रहा है। बड़े जलाशयों का घटता स्तर किसी सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव का नहीं, बल्कि गंभीर असंतुलन का संकेत है। मार्च में ही जब पानी आधा रह जाए, तो आने वाले महीनों का संकट साफ दिखाई देता है। इसका असर सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, गांवों में किसान फसलों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। नदियां कमजोर पड़ रही हैं, भूजल नीचे जा रहा है और पानी की हर बूंद की अहमियत बढ़ती जा रही है। यह हालात स्पष्ट करते



हैं कि जलवायु परिवर्तन केवल गर्मी नहीं बढ़ा रहा, बल्कि हमारे जल संसाधनों को भी तेजी से खत्म कर रहा है। तापमान और प्रदूषण का साथ इस संकट को और खतरनाक बना रहा है—एक ऐसा दोहरा प्रहार जो शरीर और पर्यावरण दोनों को प्रभावित कर रहा है। गर्मी बढ़ते ही हवा में मौजूद जहरीले कण और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है। दिल्ली और आसपास की खराब होती हवा यह दिखा रही है कि समस्या सिर्फ गर्मी नहीं, बल्कि उसी हवा की है जिस पर जीवन निर्भर है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रहा है, और अस्पतालों में बढ़ती भीड़ संकेत है कि यह अब पर्यावरण नहीं, गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। ऐसे हालात में वर्ल्ड बैंक का हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट (300 डॉलर मिलियन) राहत की उम्मीद जगाता है। साफ हवा के लिए मॉनिटरिंग नेटवर्क का विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहन, कृषि और उद्योग सुधार सकारात्मक कदम हैं। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या ये पर्याप्त हैं, या हम सिर्फ ऊपर-ऊपर से समस्या को संभाल रहे हैं? मॉनिटरिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा और कृषि सुधार जरूरी हैं, पर जब तक ये व्यापक और दीर्घकालिक नीति से नहीं जुड़ते, तब तक इनका असर सीमित ही रहेगा। वास्तविक चुनौती उन जड़ों पर प्रहार करने की है जहां से यह संकट पैदा हो रहा है। तेज औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों पर बढ़ती निर्भरता, जंगलों की कटाई और अव्यवस्थित शहरी विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को गहराई से बिगाड़ दिया है। फिर भी हम प्रदूषण को मौसमी मानकर टाल देते हैं और गर्मी को अस्थायी असुविधा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन मार्च 2026 ने साफ कर दिया है कि यह सोच अब खतरे से खाली नहीं। जब असामान्यता ही सामान्य लगने लगे, तो इसका मतलब है कि हमने समस्या को स्वीकार तो कर लिया, लेकिन उससे लड़ने की तैयारी अब भी अधूरी है।

इस बदलते दौर का सबसे भारी असर आम लोगों की जिंदगी पर दिख रहा है, जहां रोजमर्रा अब सहज नहीं, संघर्ष बन गई है। एक साधारण परिवार के लिए पानी बचाना, बिजली संभालना और स्वास्थ्य सुरक्षित रखना लगातार चुनौती है। बच्चों का बाहर खेलना घट गया है, बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना जोखिम भरा है और कामकाजी लोगों के लिए काम की गति बनाए रखना कठिन हो रहा है। यह सिर्फ पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहरा कर रहा है—जहां साधन वाले खुद को बचा लेते हैं, वहीं कमजोर वर्ग पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

सबसे अहम सवाल यही है कि क्या हम सब कुछ देखते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं? लगातार चेतावनियां सामने हैं—बढ़ता तापमान, वैज्ञानिक रिपोर्टें, मौसम के संकेत—सब एक ही खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। इसके बावजूद हमारी प्रतिक्रिया अक्सर सतही ही रहती है। हम तात्कालिक राहत के उपाय अपनाते हैं, जैसे ठंडक के लिए एसी या पानी का अस्थायी इंतजाम, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने से बचते हैं। यह सोच हमें कुछ समय जरूर दे सकती है, पर समस्या का हल नहीं। अब जरूरत है कि इस संकट को पूरी गंभीरता से स्वीकार कर ठोस बदलाव की दिशा में आगे बढ़ा जाए। स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना, जल संरक्षण को प्राथमिकता देना, हरित क्षेत्र बढ़ाना और नीतियों में सख्ती लाना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुके हैं। साथ ही हर व्यक्ति की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो आने वाले समय में यह संकट और गहरा जाएगा। मार्च 2026 की यह तपिश केवल एक मौसम नहीं, बल्कि भविष्य का संकेत है—अब तय हमें करना है कि हम इसे चेतावनी समझते हैं या अपनी नियति।

## प्रेरक प्रसंग
## संघर्ष का महत्व

एक बार एक किसान परमात्मा से बड़ा नाराज हो गया। कभी बाढ़ आ जाये, कभी सूखा पड़ जाए, कभी धूप बहुत तेज हो जाए तो कभी ओले पड़ जाये। हर बार कुछ ना कुछ कारण से उसकी फसल थोड़ी ख़राब हो जाये। एक दिन बड़ा तंग आ कर उसने परमात्मा से कहा देखिये प्रभु, आप परमात्मा हैं, लेकिन लगता है आपको खेती बाड़ी की ज्यादा जानकारी नहीं है, एक प्रार्थना है कि एक साल मुझे मौका दीजिये, जैसा मैं चाहूं वैसा मौसम हो, फिर आप देखना मै कैसे अन्न के भण्डार भर दूंगा। परमात्मा मुस्कुराये और कहा ठीक है, जैसा तुम कहोगे वैसा ही मौसम दूंगा, मै दखल नहीं करूंगा। अब, किसान ने गेहूं की फ़सल बोई, जब धूप चाही, तब धूप मिली, जब पानी चाही तब पानी। तेज धूप, ओले, बाढ़, आंधी तो उसने आने ही नहीं दी, समय के साथ फसल बढ़ी और किसान की ख़ुशी भी, क्योंकि ऐसी फसल तो आज तक नहीं हुई थी। किसान ने मन ही मन सोचा अब पता चलेगा परमात्मा को की फसल कैसे करते हैं, बेकार ही इतने बरस हम किसानो को परेशान करते रहे। फ़सल काटने का समय भी आया, किसान बड़े गर्व से फ़सल काटने गया, लेकिन जैसे ही फसल काटने लगा ,एकदम से छाती पर हाथ रख कर बैठ गया! गेहूं की एक भी बाली के अन्दर गेहूं नहीं था, सारी बालियां अन्दर से खाली थी, बड़ा दुखी होकर उसने परमात्मा से कहा प्रभु ये क्या हुआ? तब परमात्मा बोले ये तो होना ही था, तुमने पौधों को संघर्ष का ज़रा सा भी मौका नहीं दिया। ना तेज धूप में उनको तपने दिया, ना आंधी ओलों से जूझने दिया, उनको किसी प्रकार की चुनौती का अहसास जरा भी नहीं होने दिया, इसीलिए सब पौधे खोखले रह गए। जब आंधी आती है, तेज बारिश होती है ओले गिरते हैं तब पौधा अपने बल से ही खड़ा रहता है, वो अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष करता है और इस संघर्ष से जो बल पैदा होता है वो ही उसे शक्ति देता है, उर्जा देता है, उसकी जीवटता को उभारता है। सोने को भी कुंदन बनने के लिए आग में तपने, हथौड़ी से पिटने, गलने जैसी चुनौतियो से गुजरना पड़ता है तभी उसकी स्वर्णिम आभा उभरती है, उसे अनमोल बनाती है। इसी तरह जिंदगी में भी अगर संघर्ष ना हो, चुनौती ना हो तो आदमी खोखला ही रह जाता है, उसके अन्दर कोई गुण नहीं आ पाता। ये चुनौतियां ही हैं जो आदमी रूपी तलवार को धार देती हैं, उसे सशक्त और प्रखर बनाती हैं, अगर प्रतिभाशाली बनना है तो चुनौतियां तो स्वीकार करनी ही पड़ेंगी, अन्यथा हम खोखले ही रह जायेंगे। अगर जिंदगी में प्रखर बनना है, प्रतिभाशाली बनना है, तो संघर्ष और चुनौतियों का सामना तो करना ही पड़ेगा।

## आपका पत्र मिला

# नीतियों को संतुलन और संवाद को प्राथमिकता दे अमेरिका

ईरान पर हमले के बाद फारस की खाड़ी का सबसे अहम समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य एक बार फिर वैश्विक चिंता का केंद्र बन गया है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल का परिवहन इसी रास्ते से होता है, इसलिए यहां किसी भी प्रकार का तनाव सीधे वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मार्ग की सुरक्षा के लिए मित्र देशों से अपनी नौसेनाएं भेजने का आग्रह किया, लेकिन जिस तरह जापान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसे देशों ने अनिच्छा दिखाई, उससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि अमेरिका की वैश्विक नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जर्मनी का दो टूक बयान और दक्षिण कोरिया की सतर्क प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि अब देश बिना सोचे-समझे अमेरिकी नेतृत्व का अनुसरण करने को तैयार नहीं हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण ट्रंप की आक्रामक और एकतरफा नीतियां रही हैं। ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात हो या व्यापारिक युद्ध, इन कदमों ने मित्र देशों के बीच अविश्वास को जन्म दिया है। इसके अलावा, ईरान के साथ बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। ईरान पहले ही संकेत दे चुका है कि यदि उसके हितों पर हमला हुआ तो वह होर्मुज मार्ग को बाधित कर सकता है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। आज की वैश्विक व्यवस्था में कोई भी देश अकेले 'दुनिया का दरोगा' नहीं बन सकता। अमेरिका की यह अपेक्षा कि अन्य देश उसके हर सैन्य अभियान में साथ दें, अब पुरानी होती जा रही है। यूरोप और एशिया के कई देश अब अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।ट्रंप का दूसरा कार्यकाल जिस तरह आगे बढ़ रहा है, वह अमेरिका की पारंपरिक छवि को कमजोर कर रहा है। एक जिम्मेदार वैश्विक नेता के बजाय उनका व्यवहार कई बार आक्रामक और अस्थिर नजर आता है।

सुभाष बुड़ावन वाला
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# विश्व की 5 यूनिवर्सिटी, एडमिशन मिलना सबसे मुश्किल

## जानें कितना है एक्सेप्टेंस रेट और क्या है क्राइटीरिया

क्या आप भी विदेश में पढ़ने की प्लानिंग कर रहे हैं? अगर आपका जवाब हां है, तो फिर आपको ये भी मालूम होना चाहिए कि दुनियाभर में वो कौन सी यूनिवर्सिटीज हैं, जहां एडमिशन पाना सबसे ज्यादा मुश्किल होता है। इनके बारे में जानना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि ये वो संस्थान हैं, जहां के ग्रेजुएट्स की डिमांड दुनियाभर में है। दुनिया की कई कंपनियां इन यूनिवर्सिटीज से पढ़ने वाले ग्रेजुएट्स को जॉब देने में प्राथमिकता देती हैं।

इंटीग्रेटेड पोस्ट-सेकेंडरी एजुकेशन डेटा सिस्टम जैसी सरकारी एजेंसियों, यूनिवर्सिटी की वेबसाइट और एडमिशन रिपोर्ट एवं एडुरैंक जैसे प्लेटफॉर्म की मदद से एक लिस्ट तैयार की गई है। इसके आधार पर उन 5 यूनिवर्सिटीज के बारे में बताया गया है, जहां एडमिशन पाना सबसे कठिन होता है। यहां एडमिशन के लिए सिर्फ नंबरों को ही नहीं देखा जाता है, बल्कि बाकी की चीजों पर फोकस किया जाता है। आइए इन यूनिवर्सिटीज और यहां के एडमिशन क्राइटीरिया के बारे में जानते हैं।



**ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी**- इस लिस्ट में पहला नाम ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी का है। एडमिशन रिपोर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी में एडमिशन देने के मामले में सेलेक्शन प्रोसेस बेहद सख्त है। बैचलर्स लेवल पर तो काफी कम एक्सेप्टेंस रेट है। यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए सबसे मुश्किल कोर्स BA/MMath मैथमैटिक्स एंड स्टैटिक्स है, जिसका एक्सेप्टेंस रेट महज 3.5% है। उदाहरण के लिए इस कोर्स में एडमिशन तभी मिलता है, जब मैथ्स में ए ग्रेड रहा है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी का मैथ एडमिशन टेस्ट भी पास करना होता है, जो 2.30 घंटे का एक एंट्रेंस एग्जाम है।

**कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी**- दुनिया की सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी में से एक कैम्ब्रिज में भी एडमिशन का क्राइटीरिया काफी सख्त है। यहां से 90 के करीब नोबल विजेता पढ़कर निकले हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए सबसे मुश्किल कोर्स BA कंप्यूटर साइंस है, जहां एक्सेप्टेंस रेट 9.3% है। कंप्यूटर साइंस कोर्स में एडमिशन तभी मिलेगा, जब स्कूल लेवल पर छात्र को सभी विषयों में ए ग्रेड मिला है। यहां स्टूडेंट्स को कंप्यूटर साइंस के साथ-साथ मैथमैटिक्स और फर्दर मैथमैटिक्स नाम का कोर्स भी पढ़ना पड़ता है। यहां इस सब्जेक्ट पर काफी जोर दिया जाता है।

**स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी**

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका में स्थित है। इसे अमेरिका की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटीज में से एक माना जाता है, जहां से 20 से ज्यादा नोबेल पुरस्कार विजेताओं, 17 अंतरिक्षयात्रियों और 30 अरबपतियों ने पढ़ाई की है। 2025 में विदेशी छात्रों के लिए यहां पर एक्सेप्टेंस रेट महज 3.9% था, जो 2026 में घटकर 3.6% हो चुका है। स्टैनफर्ड में भी सबसे पॉपुलर कोर्स कंप्यूटर साइंस है। इसमें एडमिशन के लिए SAT या ACT जैसे टेस्ट के स्कोर की जरूरत पड़ती है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि एडमिशन के लिए कोई तय स्कोर नहीं है।

**हार्वर्ड यूनिवर्सिटी**- अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में भी एडमिशन पाना बेहद मुश्किल है। इसे ऐसे समझा जा सकता है कि 2028 में ग्रेजुएट होने वाले बैच के लिए इस साल 54,008 लोगों ने अप्लाई किया, जिसमें से सिर्फ 1,970 को ही एडमिशन मिला। इस तरह यहां पर एक्सेप्टेंस रेट 3.65% है। यहां पर सबसे पॉपुलर फील्ड सोशल साइंस है। हार्वर्ड में एडमिशन के लिए भी SAT या ACT स्कोर की जरूरत पड़ती है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ यहां अच्छे नंबर ही एडमिशन दिलाते हैं। यूनिवर्सिटी LOR, इंटरव्यू और एक्स्ट्राकरिकुलर एक्टिविटी के आधार पर एडमिशन को प्राथमिकता देती है।

**सिडनी यूनिवर्सिटी**- ऑस्ट्रेलिया की सिडनी यूनिवर्सिटी की स्थापना आज से करीब 200 साल पहले हुई थी। यहां के 5 नोबेल विजेता और 8 ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्रियों ने पढ़ाई की है। इस यूनिवर्सिटी में भी एडमिशन आसान नहीं है। यहां पढ़ाए जाने वाले सबसे पॉपुलर कोर्स आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज से जुड़े हुए हैं। यहां बैचलर ऑफ आर्ट्स प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए आपको सिर्फ आईबी डिप्लोमा या उसके समकक्ष में 26 अंक ही चाहिए होंगे। हालांकि, IELTS जैसे अंग्रेजी टेस्ट में कम से कम 6.5 बैंड स्कोर होना जरूरी है। हर कैटेगरी में कम से कम 6.0 बैंड स्कोर तो होना ही चाहिए।

# जेएनवी समर बाउंड कक्षा छठी का रिजल्ट जारी

## अगले चरण के लिए इन दस्तावेजों का रखें तैयार



जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (JNVST) कक्षा 6 का परिणाम 17 मार्च 2026 को navodaya.gov.in पर जारी कर दिया गया है। उम्मीदवार अपनी योग्यता की जांच करने के लिए अपना रोल नंबर और जन्मतिथि वेबसाइट पर दर्ज करके परिणाम देख सकते हैं। इस परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 से शुरू हुई थी और आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त 2026 थी।

एडमिट कार्ड 17 नवंबर 2026 को जारी किए गए थे।नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए कुल 654 स्कूलों में योग्य छात्र-छात्राओं को अवसर मिलेंगे। भविष्य में प्रवेश के लिए केवल वे विद्यार्थी पात्र होंगे जो निर्धारित शैक्षणिक मानदंडों को पूरा करेंगे, और उन्हें आगामी सत्रों में नवोदय विद्यालय में दाखिला लेने का अवसर मिलेगा।

**जरूरी दस्तावेज** -

चयन सूची के माध्यम से चुने गए उम्मीदवारों को प्रवेश लेने से पहले दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके लिए निम्नलिखित दस्तावेज जरूरी हैं-

जन्म प्रमाण पत्र

जिला प्राधिकरण द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र

ग्रामीण क्षेत्र प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

आरक्षित श्रेणियों के छात्रों के लिए जाति प्रमाण पत्र

विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

पिछले दो वर्षों से एक ही जिले में अध्ययन करने का प्रमाण

पासपोर्ट आकार की तस्वीरें

पिछले स्कूल से स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate)

**JNV Class Result 2026- ऐसे देखें रिजल्ट-**

सबसे पहले आप आधिकारिक वेबसाइट पर navodaya.gov.in जाएं। अब 'Results' सेक्शन ढूंढें - होमपेज पर उपलब्ध 'Results' या 'Admission wow' लिंक पर क्लिक करें। कक्षा और वर्ष चुनें, कक्षा 6 और 2026 का विकल्प चुनें। यदि आवश्यक हो तो रोल नंबर या अन्य विवरण दर्ज करें। सबमिट करने के बाद रिजल्ट स्क्रीन पर दिखाई देगा।

भविष्य के लिए रिजल्ट का PDF डाउनलोड करें या प्रिंट आउट निकाल लें।

## कॅरियर अलर्ट

### रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के 11,127 पदों पर बंपर भर्ती

रेलवे भर्ती बोर्ड ने असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती 2026-27 के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया है. इसमे कुल 11,127 पदों पर भर्ती होनी है. बताया गया है कि 15 मई 2026 से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे. भर्ती बोर्ड की तरफ से आयुसीमा से लेकर तमाम तरह की जानकारी दी गई है. आइए जानते हैं कि असिस्टेंट लोको पायलट के पदों के लिए कैसे आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए बोर्ड की तरफ से योग्यता क्या रखी गई है.

**कहां कितनी भर्ती**- रेल मंत्रालय की तरफ से 17 रेलवे जोनों में लोको पायलट के कुल 11,127 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है. सबसे ज्यादा पद ईस्ट कोस्ट रेलवे (1625), साउथ ईस्टर्न रेलवे (1531) और सेंट्रल रेलवे (1400) में हैं. अपने जोन के हिसाब से उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। **कौन कर सकता है आवेदन**- असिस्टेंट लोको पायलट के इन पदों पर आवेदन करने के लिए 10वीं पास होने के अलावा संबंधित ट्रेड (फिटर, इलेक्ट्रिशियन, डीजल मैकेनिक आदि) में ITI सर्टिफिकेट होना जरूरी है. इसके अलावा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या डिग्री (B.E./B.Tech) वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं. आयुसीमा की बात करें तो इसके लिए 18 साल से लेकर 30 साल तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. आरक्षित श्रेणियों को सरकारी नियम के हिसाब से छूट मिलेगी।

### एफसीआरआई में MTAD की शानदार भर्ती-

पलक्कड़ स्थित फ्लूइड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीट्यूट (FCRI) ने मल्टी-टास्क असिस्टेंट-कम-ड्राइवर (MTAD) पद के लिए भर्ती की घोषणा की है। यह भर्ती अनारक्षित (क्र) श्रेणी के लिए है और कुल 2 संभावित रिक्तियां संविदात्मक आधार पर भरी जाएंगी। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार स्न्नष्टञ्र्ढ्ढ के करियर पेज से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र को पूरा भरने के बाद इसे careers@fcriindia.com पर अंतिम तिथि से पहले ईमेल के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य है।

### बोरिंग तकनीशियन के 402 पदों पर भर्ती

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने सहायक बोरिंग तकनीशियन के 402 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगी, इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा, शुल्क मिलान और आवेदन में सुधार करने की अंतिम तिथि 12 मई 2026 निर्धारित की गई है।

**आवेदन की सभी शर्तें**- उम्मीदवार ने हाई स्कूल (10वीं) या समकक्ष परीक्षा पास की होनी चाहिए। इसके साथ उम्मीदवार के पास निम्न में से कोई एक प्रमाण पत्र होना जरूरी है- सरकारी आईटीआई या गोरखपुर के सरकारी तकनीकी केंद्र से नालकूप मैकेनिक कोर्स का सर्टिफिकेट होना चाहिए। या आईटीआई से मशीनिस्ट, फिटर, वायरमैन या टर्नर ट्रेड में कम से कम 2 साल का कोर्स किया होना चाहिए। या NCVT (भारत सरकार) से इन ट्रेडों में 3 साल का राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (ह्रष्ट) होना चाहिए।

# सफलता सिर्फ टैलेंट पर नही, बल्कि उस पूरे सिस्टम पर निर्भर

आज के समय में किसी भी संगठन की सफलता केवल कुछ प्रतिभाशाली लोगों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उस पूरे सिस्टम पर निर्भर करती है, जो प्रतिभा को सही दिशा देता है और लोगों को हर दिन बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। इसके लिए एक सफल लीडर प्रतिभा, टीम और कार्य प्रणाली को इस तरह जोड़ता है कि संगठन लगातार प्रगति करता रहे। साथ ही सीखना, सहयोग करना और अनुशासित कार्यप्रणाली संगठन की रोजमर्रा की संस्कृति बन जाए।



**टीम संस्कृति को दें बढ़ावा**

सफल लीडर टीमवर्क को बहुत महत्व देते हैं। उनकी टीम में केवल वरिष्ठ अधिकारियों का ही नियंत्रण नहीं होता, बल्कि टीम के सभी सदस्य एक-दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे माहौल में लोग सहज रहते हैं, जिस कारण वे खुलकर अपनी बात रख पाते हैं, गलतियों से सीखते हैं और सामुहिक रूप से बेहतर परिणाम हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस स्थिति में जब टीम के भीतर उच्च मानक तय होते हैं, तो हर सदस्य उन्हें बनाए रखने की जिम्मेदारी महसूस करता है।

**काम करते-करते सीखें**

कई लीडर प्रतिभा विकास को केवल प्रशिक्षण कार्यक्रमों या सेमिनारों तक सीमित रखते हैं, लेकिन सफल लीडर ऐसा करने के बजाय काम को इस प्रकार डिजाइन करते हैं कि लोग काम करते-करते ही सीखते रहें। इसके लिए नए कर्मचारियों को चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती हैं और वरिष्ठ अधिकारी उनका मार्गदर्शन करते हैं। इससे कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी क्षमता तेजी से विकसित होती है। इस प्रकार सीखना किसी अलग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं, बल्कि काम की प्रक्रिया का हिस्सा बन जाता है।

**दिनचर्या को करें ठीक**

किसी लीडर के कार्यकाल में कुछ महत्वपूर्ण क्षण ऐसे होते हैं, जहां उन्हें गुणवत्ता और प्रदर्शन का स्तर तय करना होता है। जैसे-मीटिंग, निर्णय प्रक्रिया, प्रोजेक्ट समीक्षा आदि। सफल लीडर इन प्रक्रियाओं को स्पष्ट और अनुशासित बनाते हैं। नियमित समीक्षा, फीडबैक और सुधार की प्रक्रिया से कर्मचारी लगातार सीखते रहते हैं। ऐसे में धीरे-धीरे यह दिनचर्या संगठन की पहचान बन जाती है और उत्कृष्टता स्वाभाविक रूप से विकसित होने लगती है।

**बेहतरीन सिस्टम बनाएं**

किसी संगठन में उत्कृष्ट सिस्टम बनाना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं होता, बल्कि यह सामूहिक नेतृत्व की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में प्रतिभा, टीम और दिनचर्या को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। यदि प्रतिभा हो, लेकिन सही दिनचर्या न हो, तो लोग गलत आदतें दोहराते रहेंगे। यदि दिनचर्या अच्छी हो लेकिन टीम सहयोग न करे, तो केवल औपचारिकता रह जाएगी। इसलिए सफल लीडर ऐसा सिस्टम बनाते हैं, जिसमें मानक स्पष्ट हों, फीडबैक जल्दी मिले और जिम्मेदारी तय हो, ताकि संगठन निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करे।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किस दिन विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2026 मनाया गया?**

(क) 14 मार्च
(ख) 15 मार्च
(ग) 16 मार्च
(घ) 17 मार्च

**उत्तर -(घ)**

**2. निम्न में से किसे मार्च 2026 में किसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है?**

(क) अंकित खत्री
(ख) ज्योति रावत
(ग) कोम्पेला वेंकट रमना मूर्ति
(घ) निधि मिश्रा

**उत्तर -(ग)**

**3. निम्न में से किस राज्य में केंचुए की 'ड्रॉविडा वझानिया नामक नई प्रजाति खोजी गयी है?**

(क) बिहार
(ख) केरलम
(ग) पश्चिम बंगाल
(घ) मध्य प्रदेश

**उत्तर -(ख)**

**4. निम्न में से किसे हाल ही में ज्ञानपीठ सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है?**

(क) आर. वैरामुथु
(ख) रामप्रसाद यादव
(ग) गुलजार
(घ) शंकर मिश्रा

**उत्तर -(क)**

**5. निम्न में से किसने हाल ही में आयोजित चीनी ग्रैंड प्रिक्स 2026 का खिताब जीता है?**

(क) लैंडो नॉरिस
(ख) मैक्स वेरस्टैप्पन
(ग) लुईस हैमिल्टन
(घ) किमी एंटोनेली

**उत्तर -(घ)**

# गर्मी की छुट्टियों में घर बैठे सीखें इंग्लिश

## एआई को बनाएं आपका फ्री स्पीकिंग कोच

अब अंग्रेजी बोलना सीखना किसी मुश्किल काम जैसा नहीं रहा। आजकल स्मार्टफोन और इंटरनेट की मदद से कोई भी इंसान, चाहे वो गांव में हो या शहर में, आराम से घर बैठे इंग्लिश सीख सकता है। न तो महंगी कोचिंग की जरूरत है और न ही तय समय पर क्लास लेने की टेंशन। आपको बस थोड़ी लगन और सही दिशा चाहिए, और फिर देखिए कैसे आपकी इंग्लिश में धीरे-धीरे निखार आने लगता है। अब जब हर चीज डिजिटल हो रही है, तो अंग्रेजी सीखने का तरीका भी स्मार्ट हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी ढ्ढ की मदद से अब आप ऐसे टूल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं जो आपकी प्रैक्टिस भी करवाते हैं और आपकी गलतियों को सुधारते भी हैं। ष्टद्धड्डह्लत्रक्क्ष जैसे प्लेटफॉर्म अब सिर्फ चैट करने के लिए नहीं, बल्कि एक वर्चुअल इंग्लिश टीचर की तरह भी काम करते हैं। ये आपकी भाषा समझते हैं और उसी के हिसाब से सिखाते हैं। **1. रोजाना बातचीत करें** - हर दिन कुछ मिनट अंग्रेजी में बातचीत करने का अभ्यास करें। इससे आपकी भाषा पर पकड़ मजबूत होती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। नियमित अभ्यास से सोचने और बोलने की गति में सुधार आता है। **2. रोल-प्ले करें** - आप किसी काल्पनिक स्थिति की कल्पना करके उसमें संवाद करें, जैसे कि किसी दुकान में ग्राहक बनना या किसी दफ्तर में कर्मचारी बनना। इससे बोलचाल की शैली और शब्दों का प्रयोग करने की आदत बनती है। **3. गलतियों को सुधारें** - जब आप कुछ बोलें या लिखें, तो उसे सही कराने की आदत डालें। इससे यह पता चलता है कि आप कहां गलती कर रहे हैं और क्या सुधार करना है। समय के साथ आपकी भाषा शुद्ध होती जाती है। **4. नई शब्दावली सीखें** -हर दिन कुछ नए शब्द सीखें और उन्हें अपनी भाषा में शामिल करने की कोशिश करें।

# रिजल्ट का दबाव बच्चों पर न डालें

## अभिभावकों को विशेषज्ञ की अहम सलाह

10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं किसी भी विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती हैं। परीक्षाएं समाप्त होने के बाद छात्रों और अभिभावकों की नजरें रिजल्ट पर टिक जाती हैं। इस दौरान कई छात्रों पर अच्छे अंक लाने का दबाव बढ़ जाता है और रिजल्ट का इंतजार उनके लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण बन सकता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि बच्चों पर बढ़ते रिजल्ट के दबाव को कैसे कम किया जाए और अभिभावक इस समय उन्हें किस तरह सहयोग दे सकते हैं? **रिजल्ट का इंतजार**- रिजल्ट का इंतजार और भविष्य को लेकर अनिश्चितता अक्सर बच्चों में तनाव की स्थिति पैदा कर देती है। इस विषय पर चर्चा करते हुए नोएडा वर्ल्ड्स स्कूल, सेक्टर-48 की प्रधानाध्यापिका सुनीता खटाना ने कहा कि इस समय बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने में अभिभावकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। **पहले से बच्चे का भविष्य तय करना गलत**- उन्होंने बताया कि परीक्षा समाप्त होने के बाद बच्चों के मन में लगातार यह सवाल चलता रहता है कि उनका रिजल्ट कैसा आएगा। कई बार माता-पिता भी अनजाने में बच्चों पर अतिरिक्त दबाव बना देते हैं। उदाहरण के तौर पर, वे पहले से ही यह तय कर लेते हैं कि उनका बच्चा आगे चलकर साइंस या कॉमर्स स्ट्रीम ही चुनेगा और उसी दिशा में सोचने के लिए बच्चों पर दबाव डालते हैं। इससे बच्चों का तनाव और बढ़ सकता है।

# ऑफिस में संवाद बनाए रखना क्यों है जरूरी, बातचीत से बढ़ती है समझ

अक्सर आप कार्यस्थल पर दिनभर कई मीटिंग्स में शामिल होते हैं, जैसे व्यक्तिगत मीटिंग, विभागीय अपडेट आदि। आपके पास समय सीमित होता है, इसलिए आप हर मीटिंग पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में आपकी सोच यही होती है कि क्या मीटिंग का यह विषय इतना महत्वपूर्ण या रोचक है कि मुझे इस पर पूरी गंभीरता के साथ ध्यान देना चाहिए? असल में यह एक तरह का मानसिक शॉर्टकट है। यानी आप पहले से ही यह अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं कि कौन-सी बातचीत आपके लिए महत्वपूर्ण होगी। यहां समस्या यह है कि शुरुआत में किसी विषय को कम रोचक समझने की वजह से आप नए विचारों से चूक सकते हैं। इसलिए केवल रोचक या बड़ी मीटिंग्स पर ध्यान देने के बजाय, सामान्य मीटिंग्स को भी गंभीरता से लेना जरूरी है।



**थोड़ा समय दें**- अक्सर लोग पहले से ही यह तय कर लेते हैं कि उन्हें किस विषय या बातचीत पर ध्यान देना चाहिए और किस पर नहीं। इसके लिए वे जल्दी फैसला लेने वाले मानसिक शॉर्टकट का सहारा लेते हैं। लेकिन कई बार जो चर्चा शुरुआत में साधारण या कम रोचक लगती है, वही बातचीत शुरू होने के बाद ज्यादा प्रभावी और उपयोगी बन जाती है। इसलिए किसी विषय को पहले से नजरअंदाज करने के बजाय उसे थोड़ा समय देना बेहतर होता है।

**मीटिंग्स में रुचि दिखाएं**- जब आप किसी बैठक में पूर्ण गंभीरता और मनोयोग के साथ शामिल नहीं होते, जैसे बीच-बीच में दूसरे काम करना या जल्दी से निष्कर्ष पर पहुंचने की कोशिश करना, तो बातचीत गहराई तक नहीं जा पाती। लेकिन जब आप सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल होते हैं, सवाल पूछते हैं और तुरंत अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, तो साधारण-सा लगने वाला विषय भी महत्वपूर्ण और उपयोगी चर्चा में बदल सकता है। इससे नए विचार सामने आते हैं और टीम के साथ बेहतर समझ भी बनती है।

**अपनी सक्रियता दिखाएं**- यदि नियमित बैठकों या अपडेट के समय आप अनिच्छुक नजर आते हैं, तो आपके सहकर्मी भी खुलकर अपनी बात साझा करने से हिचकने लगते हैं। ऐसी स्थिति में संगठन के अंदर एक दूरी पनपने लगती है। जब तक आपको इन समस्याओं की जानकारी मिलती है, तब तक वे काफी गंभीर रूप धारण कर चुकी होती हैं। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित अपडेट के दौरान भी सक्रियता दिखाएं, ताकि कर्मचारी खुलकर जानकारी साझा कर सकें।

**बातचीत को बढ़ावा दें**- रोजमर्रा के विषयों पर खुलकर बातचीत होने से काम में सुगमता और वृद्धि देखने को मिलती है। ऐसे में कर्मचारी भविष्य की चिंताओं या नए विचारों को साझा करने में खुलकर भाग लेते हैं। इसके अलावा, यह धारणा कि नियमित बैठकें काम करने की दक्षता को कम करती हैं, सही नहीं है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बुधवार, 18 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते वसंत ऋतौ चैत्र मासोमते कृष्ण पक्षे चतुर्दशी तिथौ बुध वासरे 08/26/ शतभिषा नक्षत्रे 06/10/ साध्य योग 06/23/ शकुनि करणे 08/26/ मीन राशिगत चन्द्रमा 23 घं.37मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- स्नान दान श्राद्धादि की अमावस्या। सूर्य उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में घं.09 मि.21पर।

**मेष**- उत्तरदायित्व की पूर्ति। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। सुख सुविधओं पर खर्च होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**तुला**- कारोबारी विषमता दूर होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**वृष**- अनावश्यक विवादों को टालें। व्यर्थ की भ्रमण प्रियता रहेगी। कारोबारी अभ्युदय होगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृश्चिक**- भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**मिथुन**-दिनचर्या में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वभाव में उदासी रहेगी। रोग भय रहेगा। संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**धनु**-आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनो कूल कार्य सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**कर्क**-कोष में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों पर खर्चा होगा। शत्रु परास्त्र होगा। व्यापारिक उलझनें यथावत रहेंगी।

**मकर**- जनसंपर्क बढ़ेगा संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझने बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि होगी।

**सिंह**-रुके कार्यों में प्रगति होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। घरेलू कार्यों पर व्यय होगा। अनुबंध लाभ होगा।

**कुंभ**- जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिया कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या**- सामाजिक कार्यों पर व्यय होगा। संतान की चिंता रहेगी। भोजन शमन असुविधा रहेगी। संबंधो की निकटता रहेगी।

**मीन**- रोजी रोजगार में सम्मान होगा। यात्रा में कष्ट होगा। कार्य विलंब से पूरे होंगे। दांपत्य सुख बाधा रहेगी।

# नगर निकायों की आय वृद्धि को प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं : डीएम

## अतिक्रमण नियंत्रण में शिथिलता न हो, साप्ताहिक अभियान के साथ सतत प्रवर्तन अनिवार्य : शशांक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित संबंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली एवं विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय में पूर्व की भांति सप्ताह में एक दिन चलने वाले अतिक्रमण विरोधी अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा इसके साथ ही सतत प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोई भी दुकान सड़क पर न लगने पाए। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं नालियों पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई




सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों में स्थित सभी तालाबों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी दशा में तालाबों पर अतिक्रमण न होने पाए। आय वृद्धि के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकाय अपने-अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग करें। तालाबों को मत्स्य पालन हेतु नियमानुसार नीलाम कर आय बढ़ाई जाए तथा अन्य संभावित स्रोतों को विकसित कर राजस्व सुदृढ़ किया जाए। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकायों में प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी खाली प्लॉट पर कूड़ा एकत्रित न होने पाए। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

जिन नगर निकायों में कल्याण मंडप का निर्माण नहीं हो रहा है, वे तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त, राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्वलन्त मुद्दों पर पीएम की सामूहिक हस्ताक्षर याचिका प्रस्तुत करेंगे पेन्शनर्स

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** भारत सरकार एवं केन्द्रीय 8वे वेतन आयोग द्वारा पुराने पेन्शनर्स के हितों की अन्देखी से खिन्न लाखों पेन्शनर्स के प्रतिनिधि संगठन सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेन्शनर्स एसोसिएशन, उ0प्र0 ने चरणबद्ध प्रदेश व्यापी आन्दोलन का ऐलान कर दिया है, जिसके तहत प्रधानमंत्री को प्रस्तुत की जाने वाली सामूहिक हस्ताक्षर याचिका का अभियान 20 मार्च से आरम्भ करने और 21 अप्रैल को प्रदेश भर के जनपदों में धरना प्रदर्शन/विरोध सभा कर स्थानीय प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

ज्ञातव्य है कि 21 अप्रैल को आल इण्डिया स्टेट गवर्नमेण्ट पेन्शनर्स फेडरेशन द्वारा भी राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन का आवाहन भी उसी कार्य को किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव द्वारा सभी जनपद शाखाओं को परिपत्र एवं सामूहिक हस्ताक्षर याचिका का प्रारूप भेजकर पूरी शक्ति से आन्दोलन को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कोई मांग नहीं बल्कि वरिष्ठ नागरिक बन चुके



पेन्शनरों की बची जिन्दगी के जीवन यापन की लड़ाई है। क्योंकि सरकार ने वित्त-विधेयक 2025 पारित कराते पेन्शनरों में भेद करने क तरीका बनाया और अब उसी का सहारा लेकर 8वें वेतन आयोग के टीओआर में पुराने पेन्शनरों को आयोग की परिधि से बाहर कर दिया गया है।

सचिव एसके मिश्र एवं महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि आन्दोलन का निर्णय विगत दिनों हुए बैठक में लिया जा चुका है, जिसके तहत 20 मार्च से प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाली सामूहिक याचिका में सभी पेन्शनर्स के हस्ताक्षर कराकर एवं उनसे रू0 10/- प्रति सदस्य के हिसाब से अंशदान लेकर 21 अप्रैल के पहले प्रान्तीय कार्यालय को उपलब्ध कराना है और 21 अप्रैल को प्रदेश एवं देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पेन्शनर का धरना आयोजित कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मांग पत्र पर अपनी व्याख्या करते हुए मांगों का खुलासा किया जिसमें कहा गया है कि वित्त निधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाते हुये पुराने, पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाया जाय। भारत सरकार के राजपत्र 29 अगस्त 2008 में प्रकाशित निर्णयों के अनुसार कर्मचारियों, पेंशनरों, शिक्षकों के लिये अलग सीपीआई बनाई जाय। पेंशन उच्चतम न्यायालय के पूर्ण पीठ के निर्णयानुसार लम्बी सेवा अवधि का लम्बित वेतन है, वह नान-कन्ट्रीब्यूटरी अनफण्डेड नहीं है, इसलिये ओपीएस बहाल किया जाय। पेंशनरों के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बन्द कर दी जाय। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन की वृद्धि की जाय। पेंशन को आयकर से मुक्त रखा जाय। करोना काल की 18 महीने का डीए एरियर का भुगतान किया जाय। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जाय।

आयुष्मान भारत में कैशलेस उपचार कराने की सीमा 10 लाख किया जाय। मंहगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर उसे मूल वेतन/पेंशन में मर्ज किया जाय। कार्यक्रम का संचालन बाबू लाल वर्मा ने किया और गीत-संगीत कार्यक्रम में रागिनी श्रीवास्तव, मुन्नी सिंह, अशोक सोनी, सुरेन्द्र वर्मा, मधुकर खरे और सुशीला बाजपेई ने अपने मोहक दीप और कविताएं सुनाईं। उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों ने ओम प्रकाश वर्मा, अखिल भारतीय कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव सतीश मिश्र तथा सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।

## खबर एक नजर

### दहेज लोभियों ने महिला से की मारपीट

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** दहेज के लालची लोगों ने चार माह पूर्व हुयी शादी के बाद चार पहिया वाहन की मांग कर पीड़िता को मारा पीटा, जिसकी शिकायत पीड़ित ने जैदपुर थाने में की, पुलिस द्वारा तीन लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है, बताते चलें कि हिना बानों पुत्री मुजीब ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उनकी शादी जैदपुर कस्बे के मोहल्ला छोटी मीरा निवासी, मोहम्मद आमिर पुत्र कुतुबुद्दीन के साथ चार माह पूर्व हुयी थी, जिसे दहेज को लेकर सास ससुर और पति ने मारा पीटा और चार पहिया वाहन की मांग करने लगे, पीड़ित हिना बानों की शिकायत पर जैदपुर द्वारा पति आमिर,के साथ,सास ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### तरावी मुकम्मल 'समापन' के अवसर हाथ बुलंद करके अमन चैन की मांगी दुआ



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत के मोहल्ला पचदरी स्थित मस्जिद मोहम्मदी में तरावी मुकम्मल 'समापन' के अवसर पर नई ईदगाह के इमाम कारी अजीजुद्दीन द्वारा सदर हाजी वहीद सेक्रेटरी मुन्ना खान इमाम छोटी मीरा मस्जिद नायब इमाम बड़ी मीरा मस्जिद अनेक हाफिज नमाजियों नमाजी बच्चों के उपस्थिति में फतिया पढ़ा। इसके पश्चात हाथ बुलंद करके रब से देश दुनिया में अमन चैन भाईचारा सद्भावना प्रेम कायम रखने के लिए दुआ मांगी। इसके पश्चात लोगों में तबररूक का वितरण किया गया। यहां बताते चले की मस्जिद मोहम्मदी के पूरब तरफ निवासी हाफिज मोहम्मद जुबेर ने इमामत के साथ तरावीह भी मुकम्मल की। इस अवसर पर शब्बीर हसन पूर्व अध्यक्ष रियाज शफीक खान अहमद हाजी जमील कवि इस्लामुद्दीन मोहम्मद कैफ खान मोहम्मद हनीफ हाफिज गयासुद्दीन हाफिज गुड्डू अंसारी अरशद खान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### अकीदत के साथ मनाया गया बाबा गुलाब शाह वारसी का उर्स

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** सूफी संत बाबा गुलाब शाह वारसी का उर्स बड़े ही अकीदत एवं एहतराम के साथ मनाया गया। देवां स्थित बाबा की मजार पर भारी संख्या में उनके अनुयायियों/भक्तों ने पहुंचकर चादर और प्रसाद चढ़ाकर माथा टेका। तथा माता बेनजीर शाह वारसी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।कुल शरीफ के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें क़व्वालों के द्वारा, ये बाबा गुलाब शाह तेरा रूप सलोना लगता है, हुआ मैं तेरा दीवाना जो होगा देखा जाएगा, मोहब्बत करने वालों सितम ढाती है ये दुनिया, ऐ चमक ऐ दमक उपवन में महक सब कुछ सरकार तुम्हीं से है। मेरे सुख दुख की रखते हो खबर मेरे सर पर साया तुम्हारा है। मेरी नैय्या के खेवन हार तुम्हीं हो सब कुछ सरकार तुम्हीं से है।प्रस्तुत किया तो पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।देर रात तक बाबा की मजार पर मत्था टेकने वालों का तांता लगा रहा। सोमवार को दिन में मजार पर गुसल व् रस्म अदा की गई। उर्स का आयोजन माता बेनजीर वारसी की अगुवाई में किया गया। बाबा के मानने वाले मुरीद भारी संख्या में उत्तर प्रदेश के साथ साथ बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली आदि प्रान्तों से पहुंचे थे।

### 90 किलो बिजली के तार के साथ पांच अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले पांच शातिर चोर/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के बिजली के उपकरण (एमसीबी, शॉकेट, रेगुलेटर व बिजली बोर्ड) व कुल 90 कि0ग्रा0 बिजली के तार तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का अनावरण करते हुए आज अभियुक्तगण अभिषेक यादव पुत्र बेचालाल निवासी ग्राम धौरहरा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, सचिन कश्यप पुत्र मुन्ना कश्यप निवासी ग्राम धौरहरा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, साजन सिंह यादव पुत्र पृथ्वीराज सिंह यादव निवासी ग्राम धौरहरा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, रितेश यादव पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम धौरहरा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ व अभिषेक यादव पुत्र बनवारी यादव निवासी ग्राम धौरहरा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को हैदरगढ़ रोड, मक्का दास कुटी बड़ेल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से बिजली के उपकरण 31 एमसीबी, बिजली के स्विचयुक्त बोर्ड, शॉकेट, 26 रेगुलेटर, 06 फैन कवर तथा प्लास्टिक की बोरी में 31.500 कि0ग्रा0 बिजली का तार, 27.700 कि0ग्रा0 कॉपर का छिला हुआ तार, 31 कि0ग्रा0 एल्मुनियम का छिला हुआ तार व अन्य प्लम्बरिंग का सामान 38 कि0ग्रा0 बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त दो अदद पेचकश, दो मोटरसाइकिल यूपी 32 एमपी 6927, यूपी 32 आरबी 9180 बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पैसा कमाने के उद्देश्य से चोरी, जैसे अवैध क्रिया-कलापों से धनोपार्जन कर अपराध कारित करते है। अभियुक्तगणों द्वारा कोतवाली नगर बड़ेल क्षेत्रान्तर्गत आस-पास अलग अलग स्थानों पर निर्माणाधीन मकानों से बिजली का सामान तथा बिजली के तारों को चुराया जाता है तथा चोरी के बिजली उपकरणों को बेचकर धनोपार्जन किया जाता है। जिस संबंध में थाना कोतवाली नगर में क्रमशः मु0अ0सं0 186/2026 धारा 305(ड्)/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 196/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 122/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 592/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

# मंदिर स्थापना दिवस पर किया कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** कस्बा रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी-2 में स्थित नर्मदेश्वर रामेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के प्रबंधक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक की अगुवाई में मन्दिर पर चौबीस घंटे तक '? नमः शिवाय' का अखंड जाप किया गया, जिसके समापन पर मंगलवार को विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे में छोले-चावल व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर के प्रबंधक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है।



ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कारों का केंद्र भी है। इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी, संजय पाठक पंकज पाठक, सोनू पाठक मोनू पाठक, सनी मिश्रा, हरीश तिवारी का आयोजन में विशेष योगदान रहा। संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# गौकशी की घटना से क्षेत्र में माहौल गरम

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में गौकशी की सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके का माहौल गरमा दिया है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में कई टीमें लगा दी गई हैं। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है। बताते चले कि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम सुल्तानपुर निवासी राकेश कुमार यादव पुत्र राम दुलारे यादव ने सोमवार की शाम को अपनी दो कीमती गायों को चारा-पानी देने के बाद घर के सामने खूंटे से बांध कर सो गया रात के अंधेरे में अज्ञात चोरों ने दोनों गायों को खोलकर ले जाकर घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर वध कर मांस उठा ले गये मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे जब परिजन जागे तो गायें गायब थीं। आनन-फानन में ग्रामीणों के साथ तलाश शुरू की गई। कुछ दूरी पर रोशन चक मोड़ के पास पहुंचने पर जो मंजर सामने आया, उसने सभी को झकझोर कर रख दिया–दोनों गायों के कटे हुए अवशेष अलग-अलग हिस्सों में पड़े मिले। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही मसौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में करने के लिए अतिरिक्त फोर्स बुला ली गई। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इलाके में गश्त बढ़ा दी है। तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अज्ञात लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से उनकी गायों की चोरी कर उनकी हत्या की है। उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। वहीं, घटना के बाद हिंदू संगठनों में भी भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। हिन्दू जागरण मंच के मनीष श्रीवास्तव ने घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि 'योगी सरकार में इस तरह की हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी' और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। हिन्दू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के बाराबंकी जिलाध्यक्ष मोहित हिन्दू और मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 'सबसे पहले आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए, अन्यथा हम लोग धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।' उन्होंने आरोपियों के लिए कठोर सजा, यहां तक कि फांसी की मांग की है। ट्रस्ट ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 'आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं, लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। 'पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला बेहद गंभीर है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। संदिग्धों को चिन्हित कर दबिश दी जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने मौके का जायजा लिया और जल्द गौहत्यारो तक पहुंचने का आश्वासन दिया। फिलहाल सुल्तानपुर गांव में हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में हैं। पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजी पाती




**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ-बाराबंकी के आह्वान पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमानाथ मिश्र(संयोजक) तथा बाबू हनुमन्त अवस्थी के (सह संयोजक)के नेतृत्व में ब्लॉक रामनगर के सभी न्याय पंचायत- अमोली कलां,बुढ़वल, गनेशपुर बिछलखा, सुरवारी, सआदतगंज, तिलोकपुर तथा शेखपुर अली के शिक्षकों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश, माननीय प्रधानमंत्री माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं माननीय शिक्षामंत्री को पोस्टकार्ड एवं ई मेल के माध्यम से अवगत कराने हेतु ज्ञापन को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया । इस अवसर पर श्री देवेन्द्र सिह जिला महामंत्री जू0हा0 शि0संघ, जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, श्याम किशोर बाजपेयी, ललित वर्मा,डॉ आलोक शुक्ला, पवन मिश्र-ब्लॉक मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - अयोध्या प्रसाद, प्रदीप वर्मा कोषाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ मिश्र जिला मंत्री शिक्षामित्र संघ,विजय बहादुर सिंह उपाध्यक्ष, सन्तोष मिश्र, रवि प्रताप सिंह भदौरिया, नितेश त्रिपाठी ,देशदीपक शुक्ल ,ज्योत्सना तत्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी, अंजली दुबे, अपर्णा, ज्योति शुक्ला, सुनीता देवी, अंकुर गिरि, आलोक वर्मा, हरीश दीक्षित, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** क्षेत्र पंचायत की बैठक विकास खंड सभागार सिरौलीगौसपुर में आयोजित हुई । ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिलापंचायत सदस्य सांसद प्रतिनिधियो के साथ ही ब्लॉक स्तरीय सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।बैठक में सबसे पहले गतकार्यवाहि पढकर सुनाई गई इसके पश्चात विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने विस्तृत रूप से अवगत कराया। खंड विकास अधिकारी ने शासन द्वारा चलाई जा रही लाभार्थी परख योजनाओं में पात्र एवं छुटे हुवे लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर में अब तक 5830 प्रधानमंत्री आवास का आवंटन किया गया है ।जिसमे 22 प्रधानमंत्री आवास अभी तक अपूर्ण है।उन्होंने ने सदन को अवगत करते हुवे बताया कि आवास विहिन को आवासीय सुविधा उपलब्ध करने के



लिए आवास प्लस सर्वे 20 24 के अंतर्गत विकास खण्ड के अंतर्गत सेल्फ़सर्वे द्वारा 2768 परिवार सर्वेक्षण करता द्वारा 5231 परिवारों सहित कुल 7999 परिवारों का सर्वे किया गया ।जिसके सत्यापन की कार्यवाही चल रही है शीघ्र ही नियमानुसार आवास विहीन परिवारों की अस्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार होकर आवास आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी । वही मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक 382 मुख्यमंत्री आवास का आवंटन किया गया है ।जिसमे 12मुख्यमंत्री आवास अपूर्ण है इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 1251 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया।जिसमें से 213 स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल का लाभ प्रदान किया जा चुका है ।

11 स्वयं सहायता समूह को सीआईएफ का लाभ प्रदान किया गया है समूह की 920 महिलाओं को वृद्धा पेंशन 135 को निराश्रित महिला पेंशन 18 को दिव्यंजन पेंशन कल का लाभ दिया जा रहा है इसी बीच ब्लॉक प्रमुख द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2 वर्ष से मानदेय न दिए जाने का मुद्दा उठाया गया जिस पर खण्ड विकास अधिकारी ने शीघ्र ही कार्यवाही का अस्वासन दिया है । बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सड़के खोदकर डाल दिये जाने का मुद्दा उठाया गया जिला पंचायत सदस्य ममता सोनी के प्रतिनिधि द्वारा विधुत विभाग की कार्यशैली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा गया कि उनके क्षेत्र में 4 वर्ष से ट्रांसफार्मर स्थापित नही किया गया ।

खंड विकास अधिकारी द्वारा पंचम राज्यहित योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 20 25 26 में कुल उपलब्ध धनराशि 310.95 लाख रुपए के सापेक्ष 292.4 लाख रुपये व्यह होने एवं केंद्रीय 15वां वित्त योजना अंतर्गत कुल उपलब्ध धनराशि 165.73लाख रुपये के सापेक्ष 161.40 लाख रुपए व्यह होने के साथ ही वित्तीय वर्ष 20 24 25 एवं 20 25 26 में कराए गए कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया अंत मे ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया बैठक में जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव, मोहम्मद शहंशाह ,मोहम्मद कलाम,व मनोज सोनी, के साथ ही फैजाबाद संसद प्रतिनिधि सुधांशु वर्मा व बाराबंकी संसद प्रतिनिधि अमित कुमार त्रिवेदी सहित ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे

# जनपद स्तरीय कॅरियर मेला 'उड़ान' का हुआ आयोजन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद स्तरीय कॅरियर मेला 'उड़ान' का आयोजन आज ऑडिटोरियम राजकीय इण्टर कालेज, बाराबंकी में किया गया।

जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के कॅरियर को दिशा देने तथा उसके लिए विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं को तलाशने के लिए निर्मित पंख पोर्टल पर वर्ष भर की गयी गतिविधियों की एक झांकी भी विद्यालयों द्वारा लगाये गये स्टाल्स पर दिखी। कॅरियर मेले में जनपद के सभी विभागों सहित बैंकिंग, तकनीकी क्षेत्रों के स्टाल्स भी लगाये गये। मेले का शुभारम्भ अपर जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अपर जिला न्यायाधीश ने विधि क्षेत्र तथा न्यायपालिका क्षेत्र में विद्यार्थियों को कॅरियर बनाने हेतु महत्वपूर्ण जानकारिया प्रदान की तथा क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें इस बारे में भी चर्चा की। उन्होने एक मधुर गजल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया। कॅरियर मेले में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी जब विद्यार्थियों से रूबरू हुए उन्होने इन्जीनियरिंग एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा में कॅरियर बनाने हेतु उपयोगी टिप्स तो दिये ही साथ ही



साथ उन्होने यह भी कहा की आज इण्टरनेट की वजह से हमारे सामने ज्ञान का अथाह समुद्र है, इसलिए क्या पढ़ा जाये? इससे अधिक आवश्यक इस बात का ज्ञान होना है कि क्या ना पढ़ा जाये।

विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक जिलाधिकारी महोदय से विभिन्न जिज्ञासाओं के सम्बन्ध में प्रश्न रखे जिसका जिलाधिकारी महोदय ने सरलता से उत्तर देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस पूरे आयोजन के लिए उन्होने माध्यमिक शिक्षा विभाग की सराहना भी की। मेले में पधारे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने स्वयं का अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि, उन्होने तीन बार विफल होने के बाद चौथे प्रयास में यूपीएससी में चयन होने की सफलता पायी। सफलता के दृढ संकल्प को सबसे आवश्यक बताते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के लिए शिद्दत से किये प्रयास अवश्य सफल होते है। विद्यार्थियों के प्रश्नो का उत्तर देते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि, पुलिस सेवा एक ऐसी सेवा है जिसमें आने के बाद आप किसी के जीवन में सीधे गुणात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होने पुलिस सेवा में कॅरियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारिया प्रदान की। अपर राज्य परियोजना निदेशक, विष्णु कान्त पाण्डेय ने कला विषय के साथ कॅरियर बनाने के लिए अत्यन्त उपयोगी जानकारियां विद्यार्थियों से साझा की। जिला विद्यालय निरीक्षक, ओपी त्रिपाठी ने सभी अतिथियों स्वागत करते हुए बताया जनपद में विद्यार्थियों के कॅरियर गाइडेंस के कार्यक्रम वर्ष भर सतत रूप में संचालित रहते है तथा शैक्षिक सेवा संवर्ग में विद्यार्थियों को कॅरियर बनाने हेतु प्रेरित भी किया। वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा संतोष कुमार मौर्य, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेन्द्र सिंह द्वारा भी अतिथियों का स्वागत किया गया। कॅरियर मेले मे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, द्वय डॉ0 राजीव सिंह एवं डॉ0 डीके श्रीवास्तव ने एमबीबीएस के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। हिन्द मेडिकल कॉलेज से पधारे डॉ0 कांजमी एवं नर्सिंग कालेज की प्रधानाचार्या डॉ0 सुष्मिता सिंह ने नर्सिंग एवं विभिन्न पैरामेडिकल कोर्सेस के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला रोजगार सहायता अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा विभाग से डॉ0 नियाज हसन, जिला उद्योग केन्द्र से मो0 रहमान, पशुपालन विभाग से डा0 एन के राय, डायट गनेशपुर से राहुल सिंह सूर्यवंशी, भारतीय स्टेट बैंक से मो0 वासिफ के साथ दुग्ध विकास विभाग, मत्स्य विभाग से भी पधारे अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में कॅरियर बनाने की संभावनाओं में प्रकाश डाला। कॅरियर मेले में पंख पोर्टल की नोडल श्रीमती दीपमाला वर्मा प्रधानाध्यापिका रा0हा0 मित्तई के निर्देशन में, वहां की छात्राओं ने एक लघु नाटिका 'परी हूँ मै' प्रस्तुत की। अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इण्टर कालेज के एन0सी0सी0 कैडेट्स के द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष पाठक, प्रवक्ता नेशनल इण्टर कालेज, फतेहपुर, बाराबंकी ने किया। कॅरियर मेले की सह संयोजक डॉ0 पूनम सिंह द्वारा सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कुमार त्रिपाठी, राधेश्याम, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज, बाराबंकी, अरविन्द सिंह, भानू प्रताप सिह, एकनाथ मणि त्रिपाठी, विजय कुमार गुप्ता, राकेश कुमार ठाकुर, डॉ0 प्रमोद कुमार, श्रीमती पूनम, श्रीमती पूनम कन्नौजिया, डॉ0 सुविद्या वत्स, श्रीमती इक्बाल फातिमा, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती मंजू श्रीवास्तव आदि विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा अनन्त कुमार अस्थाना, तौहीद हसन खान सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पेड़ से दुपट्टे के सहारे किशोरी की लाश लटकी मिली

**महराजगंज, रायबरेली।** हैदरगढ़ मार्ग पर पाली गांव के पास सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 14 वर्षीय किशोरी की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे एक पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और दिन भर तरह.तरह की चर्चाएं होती रहीं। जानकारी के अनुसार बंद पड़ी पेट्रोल टंकी पर इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। यहां लखीमपुर निवासी रामविलास अपने परिवार के साथ रहकर काम कर रहे हैं। सोमवार सुबह उनकी 14 वर्षीय पुत्री आरती का शव टंकी से करीब दस मीटर दूर एक पेड़ से लटका मिला। सुबह जब लोगों की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी तो मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। मृतका की मां ने बताया कि आरती रविवार रात करीब नौ बजे घर से बाहर निकली थी। हमें लगा कि वह आसपास सहेलियों के यहां गई होगी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू कर दी। सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिलने की सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह.तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

### तीनों नामित सभासदों को स्थानीय लोगों ने दी बधाई

**डलमऊ, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पंचायत लालगंज में तीन नए सभासदों का नामांकन किया गया है। शासन के इस निर्णय से क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। समर्थकों ने इस फैसले का स्वागत किया है। नामित सभासदों में वार्ड नंबर 2 के टिकैत गंज निवासी अभिषेक तिवारी उर्फ बाबी पंडित, पवन जायसवाल तथा शिवप्रसाद शाहू शामिल हैं। तीनों नव-नामित सभासदों को स्थानीय लोगों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। लोगों का कहना है कि नए सभासद जनसमस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। नामित सभासदों ने शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिध सुभम गौड़, समाजसेवी अनुष्ठान सिंह, भाजपा नेता महेंद्र पटेल सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 23, 24 व 25 मार्च को

**रायबरेली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशन पर जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मार्गो पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में अल्पकालिक सुधार, सड़क दुर्घटना एवं मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने के लिये जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने एवं स्टेक होल्डर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जनपद के सामु0स्वा0केन्द्र बछरावां, लालगंज, ऊंचाहार एवं डलमऊ में 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार आईडीटीआर हरचन्दपुर में 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक एवं जिला चिकित्सालय पुरुष, रायबरेली 25 मार्च 2026 को प्रातः 08 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र, कॉन, ब्लड ग्रुप एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराये जायेंगे।

### प्राइवेट कर्मचारी पर तहसीलदार की मेहरबानी, दे दिया खतौनी उद्धरण का प्रभार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** साहब यदि मेहरबान हो तो कुछ भी हो सकता है। सरकारी नियम कानून भी ताक पर रखे जा सकते हैं। ताजा मामला तहसील का है, जहां तहसीलदार की मेहरबानी से यूपीडा के एक निजी कर्मचारी को राजस्व विभाग में खतौनी उद्धरण की जिम्मेदारी दे दी गई है। इस मेहरबानी की पूरे विभाग में चर्चा है। तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें यूपीडा के निजी कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर गौरव शुक्ला को खतौनी निकालने के काम पर लिखित रूप में लगा दिया गया है। गौरव शुक्ला को यूपीडा ने ऊंचाहार तहसील में गंगा एक्सप्रेस वे औद्योगिक गलियारा, गंगा एक्सप्रेस वे के चेंज ऑफ स्कोप के बैनामा ए वेनिफिशनरी आदि टाइपिंग हेतु तैनात किया था। यह प्राइवेट कर्मचारी है। जबकि तहसील में संविदा कर्मचारी की आपूर्ति हेतु संपूर्ण हरियाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अनुबंधित है। अभी तक इसी कंपनी के ऑपरेटर मुस्कीम द्वारा यह कार्य संपादित होता रहा है। तहसीलदार ने जो आदेश जारी किया है, उसमें गौरव शुक्ला की जमकर तारीफ की गई है, उनके कार्यों को तहसीलदार द्वारा सराहा गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि साहब की कितनी बड़ी कृपा इस ऑपरेटर पर है। यहां पर बता दें कि खतौनी उद्धरण करने वाला ऑपरेटर का पटल काफी अतिरिक्त कमाई वाला पटल माना जाता है। मजेदार बात यह है कि किसी भी प्राइवेट कर्मचारी को बकायदा लिखित आदेश द्वारा तैनात करना तहसीलदार पद का दुरुपयोग है।

### विकास प्राधिकरण, नियम कायदे ताख पर

**रायबरेली।** शहर में कार्मशियल कामप्लेक्स व अपार्टमेन्ट बनाने वाले बिल्डरो के साथ रायबरेली विकास प्राधिकरण कें जिम्मेदारो की सांठ-गांठ के खुलासे किये जाये तो महीनो लग जायेगे आरडीए की एक सीमा सें दूसरी सीमा तक बिल्डिंग निर्माणों में खेल ही खेल है। कानपुर रोड का राजघाट क्षेत्र अभिलेखो में बतौर ग्रीन बेल्ट दर्ज है। राजघाट से लेकर गोरा बाजार, सारस चौराहे से डिडौली पुल तक त्रिपुला सें लेकर शहर कें गली कूचो में मानक मानचित्र की धज्जिया रा0वि0प्रा0 की खाऊ कमाऊ नीति उडवा रही है। रा0वि0प्रा0 बिल्डरो से सांठ.गांठ कर मोटी मलाई खा रहा है। बिल्डर कामिर्शियल कामप्लेक्स निर्माण कें लिये भूस्वामी की ओर से मानचित्र तीन हजार रूपये शुल्क सहित जमां करा देता है। 6 जोन में बटें विकास प्राधिकरण के सम्बन्धित जिम्मेदार निश्चित सुविधा शुल्क लेकर काम शुरू करा देते है। भवन स्वामी को नोटिस जारी कर अभियन्ता अपनी गर्दन बचा लेते है। नोटिस और उसके जवाब का खेल निर्माण पूरा होने तक अनवरत चलता रहता है। निर्माण के बाद राजस्व बढाने कें नाम पर शमन कार्यवाही कर भवन स्वामी सें शमन शुक्ल जमां करा अवैध निर्माण का वैध निर्माण में परिवर्तित करने का हथकण्डा अपनाते है। मानचित्र के खेल के साथ बिल्डरो को रा0वि0प्रा0 लाभ के बदले में कमाई करता है। दूसरी तरफ लोबेसमेन्ट के नाम पर गहरे बेसमेन्ट का निर्माण भी ज्यादातर भवनो में हो रहा है। रा0वि0प्रा0 की ढुल.मुल नीति से शहर कें एक व्यवसायिक कीमती मार्ग पर कई व्यवसायिक भवन मानचित्र की स्वीकृति के बिना निर्मित हो गये। उन पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुयी हैं। व्यवसायिक भवनो में हर सड़क गली में जिस तरह की खुले आम धांधली चल रही है। उसकी अनदेखी किसी दिन बहुत भारी पडने की आशंका से इन्कार नही किया जा सकता कारण बेसमेण्ट के साथ निर्मित होने वाले भवनो के ध्वस्तीकरण के पूर्व अगल.बगल के पुराने कमजोर मकानो में यदि कोई हादसा हो जाये तो उसकी जिम्मेदारी किस पर होगी। यह निष्चित नही है। धन हानि की वापसी संमत है पर जनहानि की भरपाई कैसे की जायेगी यह सोचने का विषय है। रा0वि0प्रा0 की नियम कायदो का पालन करते हुये बिल्डरो को भवन निर्माण की जिस तरह छूट दी जा रही है। बह धीरे.धीरे पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले चुकी है। शहर के जेल रोड में पर भी अवैध व्यवसायिक भवनो की भरमार हो चुकी है। समय रहते यदि नियमो के पालन में शिथिलता बरती गयी तो किसी बड़े हादसे के बाद शहर की स्थित गंभीर हो सकती है। बिल्डर बडी बुद्धिमानी से अपना काम करतें है।

# खनन के विरोध में ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के बभनपुर गांव में सरकारी व निजी भूमि पर चल रहे खनन कार्य के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फू ट पड़ा। दर्जनों ग्रामीण बभनपुर-मितई संपर्क मार्ग पर एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे और पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि खनन कार्य पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सरकारी भूमि के साथ ही एक भट्ठे की जमीन से बीते एक सप्ताह से लगातार रात भर डंपरों के जरिए मिट्टी का खनन और ढुलाई की जा रही है। इससे पूरे गांव में दहशत और असुविधा का माहौल बना हुआ है। प्रधान प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि रात भर भारी डंपरों के आवागमन से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है। साथ ही, सड़क



पर लगातार भारी वाहनों के चलने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि बीती रात एक तेज रफ्तार डंफर की टक्कर से गांव निवासी हीरालाल का टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं ग्रामीण शिव श्याम ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि खड़े गेहूं की फसल के बीच से जबरन डंपरों के लिए रास्ता बना लिया गया है। जब किसानों ने इसका विरोध किया तो उन्हें मारपीट की धमकी दी गई। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है और उनकी फ सल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण धीरेन्द्र, पंकज, संतराम, गंगाराम, सनी कुमार वर्मा, राजीव और विवेक पांडेय ने बताया कि करीब दो माह पहले ही बभनपुर-मितई संपर्क मार्ग का लाखों रुपये की लागत से डामरीकरण कराया गया था, लेकिन लगातार भारी वाहनों के आवागमन के चलते सड़क कई स्थानों पर उखड़ने लगी है। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खनन कार्य पर रोक नहीं लगाई गई और क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे जिला प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान रवि द्विवेदी, सुशील कुमार, प्रेम वर्मा, राहुल पटेल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में थानाध्यक्ष पवन कुमार सोनकर ने बताया कि खनन कार्य की अनुमति सलोन एसडीएम द्वारा दी गई है। यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह एसडीएम से संपर्क कर सकता है। पुलिस का इस मामले में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं है।

## 300 किलो लहन नष्ट 3 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अवैध शराब के निर्माणए बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा सदर तहसील के थाना गुरुबख्शगंज अंतर्गत संदिग्ध ग्राम आशाराम का पुरवा एवं सराय मुबारक में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 75 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 300 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# अराजकता ने पहुंचाई आस्था पर चोट, घंटी चोरी के साथ की तोड़फोड़



### अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया मौके का जायजा, टीम का किया गठन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, गदागंज रायबरेली।** थाना क्षेत्र स्थित जलालपुर धई गांव में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक के बाद एक तीन मंदिरों में चोरी और तोड़फ ोड़ की घटना सामने आई। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। गांव निवासी दिलीप कुमारए पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार, रोज की तरह महादेव मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गए। मंदिर का सामान बिखरा पड़ा था और पूजा में इस्तेमाल होने वाली एक घंटी गायब थी। इसके अलावा गांव के हनुमान मंदिर और हरि साहनी माता मंदिर में भी अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा तोड़फ ोड़ और सामान अस्त-व्यस्त करने की घटना सामने आई। ग्रामीणों ने तत्काल गदागंज थाने में सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को देखते हुए आसपास के कई थानों की फोर्स भी तैनात की गई फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से लोगों में आक्रोश है और आशंका जताई जा रही है कि यह किसी साजिश के तहत माहौल खराब करने की कोशिश हो सकती है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है जल्द ही कृत करने वाले पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
**संजीव कुमार सिंन्हा**
**अपर पुलिस अधीक्षक**
**रायबरेली**

## सर्वर ने दिन भर दिया धोखा

**रायबरेली।** जिले में रसोई गैस की कमी का असर अब घरों में दिखने लगा है। एक ओर जहां महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैंए वहीं गैस सिलिंडरों की तलाश में पुरुष एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। हालांकि, जिला प्रशासन ने गैस की कमी से इन्कार करते हुए पर्याप्त स्टॉक होने का दावा किया है। जिले की कई एजेंसियों में गैस न होने के कारण ताला लटके रहे। जिले में रसोई गैस का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को भी कई गैस एजेंसियों पर सिलिंडर न मिलने से उपभोक्ता निराश होकर लौटे। उपभोक्ताओं को सर्वर संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ा, जिससे ईकेवाईसी न होने के कारण बुकिंग नहीं हो सकी। शहर के बालापुर में सिलिंडर खत्म होने के बाद पूजा को भोजन तैयार करने के लिए चूल्हा जलाना पड़ा। कई दिनों तक प्रयास करने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिला।

## तहसीलदार का पद खाली, धारा 67 के 884 मामलों की सुनवाई ठप

### सरकारी जमीनों पर बढ़ रहे अवैध कब्जे, कार्रवाई न होने से कब्जेदारों के हौसले बुलंद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** तहसील में तहसीलदार का पद खाली होने का असर अब सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों से जुड़े मामलों पर साफदिखाई देने लगा है। धारा 67 के सैकड़ों मामलों की सुनवाई ठप पड़ी है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही, जिससे कब्जेदारों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। गांवों में तालाब, खलिहान और सार्वजनिक जमीनों पर तेजी से अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही हैं। तहसील में धारा 67 के कुल 884 मामले विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित हैं। इनमें 487 मामले ऐसे हैं जो 45 दिन की समयसीमा के भीतर दर्ज किए गए हैं और जिनका जल्द निस्तारण होना जरूरी है। तहसीलदार न्यायिक कोर्ट में 284 मामले लंबित हैं, जिनमें 160 मामले 45 दिन के अंदर के हैं। वहीं तहसीलदार के न्यायालय में 366 मामले दर्ज हैं, जिनमें 231 मामले 45 दिन के भीतर के हैं। इसी प्रकार परगना सरेनी न्यायालय में 111 मामले विचाराधीन हैं, जिनमें 33 मामले 45 दिन की अवधि के हैं। खीरो परगना न्यायालय में 123 मामले लंबित हैंए जिनमें 63 मामले 45 दिन के भीतर के हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर लेखपालों की मिलीभगत से तालाब, खलिहान और खाद के गड्ढों जैसी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर मकान तक बना लिए गए हैं। शिकायत होने पर धारा 67 के तहत मामले तो दर्ज कर दिए जाते हैं, लेकिन तहसीलदार का पद रिक्त होने से न सुनवाई हो पा रही है और न ही डिमार्केशन की कार्रवाई। समय पर कार्रवाई न होने से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## आरेडिका महिला कल्याण संगठन ने किया श्रमिक महिलाओं का सम्मान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज में विश्व महिला दिवस-2026 के उपलक्ष्य में मंगलवार को आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा डा0 अंजना खरे ने आरेडिका में कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा डा0 अंजना खरे ने महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी एवं उनके प्रति जागरूक रहने और स्वच्छता को अपनाने की सलाह दी। इसी के साथ ही आरेडिका की महिला कलयाण संगठन की सभी सदस्याओं ने कारखाना परिसर का दौरा किया एवं कारखाने में बन रहे कोचों को देखा तथा कारखाने में कार्य करने वाली महिलाओं से मुलाकात कर उनका हाल.चाल जाना। इस अवसर पर आरेडिका की महिला कलयाण संगठन की सचिव बॉबी जिंदल, मधु मीना, संतोषी, अनुपमा कपूर, सुनीता शुक्ला, बीना तिवारी, रमा पाल सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी व परिवाहन विभाग की लापरवाही से नौनिहालों की जान आये दिन रहती है खतरे में

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महाराजगंज रायबरेली।** बच्चों को स्कूल लाने और वापस घर पहुंचाने में लावरपाही बरती जा रही है। महराजगंज क़स्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अनफिट वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चे ठूंसकर ढोए जा रहे हैं, तो कहीं नियम-कायदों को ताक पर रखकर जुगाड़ू वाहन से बच्चों को ढोया जा रहा है। स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जहा स्कूल संचालक बेपरवाह बने हुए हैं, वहीं परिवाहन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है। यह लापरवाही ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर तक निजी स्कूली बच्चों के साथ परिवाहन के लिहाज से अनफिट, जर्जर और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूली वाहन सुरक्षित नहीं हैं। ग्रामीण इलाकों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को ठूंसकर ढोया जा रहा है। इसके बाद बच्चे



स्कूली वाहनों के फर्श पर बैठने को मजबूर होते हैं।

मजे की बात यह है कि स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के दौरान फ र्श की मजबूती पर जिम्मेदार अफसरों का ध्यान ही नहीं जा रहा है। इस तरह बाहर से पेंट कराकर तकरीबन दर्जनों खटारा वैने मायजिक मासूमों बच्चों को ढोते हुए उनकी जान से खिलवाड़ कर रही हैं। ऐसे में जिम्मेदारों को कुछ दिन पहले क्षेत्र मे ही हुई घटनाओ से सबक लेने की जरूरत है। खासकर ग्रामीण इलाकों मे स्कूलों द्वारा चलवाऐ जा रहे वाहनों की फिटनेस और ड्राइवरों की योग्यता सवालों के घेरे में है। महराजगंज क़स्बा सहित ग्रामीण इलाकों में संचालित स्कूल प्रबंधनों ने स्कूली वाहनों की फि टनेस और ढेर सारे मानकों का झंझट ही खत्म कर दिया है। यहां अधिकतर जर्ज़र वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को ढोया जाना रोज की बात है। वही नौनिहालो की जान से खिलवाड़ करने वाले निजी स्कूलों के बारे मे आरटीओ प्रवर्तन उमेश चन्द कटियार से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि समय समय पर ऐसे स्कूली वाहनों को चेकिंग कर कार्यवाही भी किया जा रहा है और जल्द ही एक चेकिंग अभियान चलाकर फि टनेस न कराने पर वाहनों के पंजीकरण निरस्त किए जाएंगे। इसमें लापरवाही सामने आने पर स्कूल प्रबंधनों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम डलमऊ कर रहे पक्षपात हकीकत या फसाना, डीएम की चौखट पर मामला

### गाटा संख्या 1336 व 1337 में अवैध कब्जे की बुलंद हुई आवाज ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने भरी हुंकार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौरा हरदो में जमीनी विवाद बीते दिन सुर्खियों में आ गया जहां पर ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व ग्राम प्रधान डीएम की चौखट पर पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और 5 दिन का अल्टीमेटम दिया। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में उप जिलाधिकारी डलमऊ के ऊपर आरोप लगे कि उनके द्वारा संरक्षण देकर सरकारी जमीन में अवैध कब्जा कराया जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए शिकायत कर्ता अनुराग कुमार ने कहा की ग्राम सभा की गाटा संख्या 1336 ख और 1337 जो तालाब और बंजर के रूप में दर्ज है लेकिन भू माफिया लालमनऊ व अयोध्या प्रसाद के द्वारा सरकारी जमीन में



अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिसके पीछे उप जिलाधिकारी डलमऊ का संरक्षण प्राप्त है। सड़क किनारे मौजूद करोड़ों की बेस कीमती जमीन में हो रहे अवैध कब्जे को लेकर कई बार शिकायत की गई किंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मामले का संज्ञा लेने की जहमत नहीं जुटाई। ग्रामीणों का कहना है की तहसील स्तर पर उनकी किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की जा रही जबकि प्रशासन के द्वारा उन्हीं के ऊपर दबाव बनायाजा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा उप जिलाधिकारी डलमऊ पर लगाए गए आरोप काफी संगीन है किंतु इन आरोपों में हकीकत कितनी है यह जांच का विषय है।

परंतु इसी ग्राम की अन्य गाटा संख्या 1335, 309, 1050 बंजर भूमि में कुल मिलाकर लगभग सौ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है की ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों के द्वारा उपरोक्त शिकायती पत्र में जिन ग्रामीणों के नाम अंकित किए गए हैं अगर वह भू-माफिया हैं तो बाकी बंजर भूमि में पैर गढ़ा, अन्य लोग क्या है? आखिर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के द्वारा डीएम की चौखट पर पक्षपात पूर्ण रवैया क्यों अपनाया जा रहा है। ग्राम प्रधान बाकि लोगों पर क्यों मेहरबान। महत्वपूर्ण विषय यहां पर यह भी है की लगातार हो रही अवैध कब्जे की शिकायत का संज्ञान और कार्यवाही में उपजिलाधिकारी के द्वारा सुस्ती क्यों बरती जा रही। बरहाल जिलाधिकारी से शिकायत करने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों को 5 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कार्यवाही की स्थिति उत्पन्न न होने पर धरना प्रदर्शन पर बैठेंगे।

उक्त प्रकरण की जांच टीम गठित कर कराई गई जल्द ही अवैध कब्जा दारो के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएंगी। विवादित भूमि सहित अन्य पर 100 लोगों का अवैध कब्जा है तथा अपने ऊपर लगे हुए आरोपों को निराधार बताते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन नियमानुसार कार्य कर रहा है।
**सत्येंद्र सिंह**
**उपजिलाधिकारी डलमऊ**

## कैंप कार्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया होली मिलन व सम्मान समारोह




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय मंत्री अवधक्षेत्र दिलीप यादव ने अपने कैंप कार्यालय त्रिपुला मे होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम मे भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित जिले व मण्डल स्तर तक के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह ने आए हुये सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ से गले मिलकर होली की बधाई एवं शुभकामनाए दिया और पूर्व जि.अ. व क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने भी होली मिलन व सम्मान समारोह मे आए हुये सभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मान किया व होली की शुभकामनाए दिया और आने वाले चुनाव मे संगठन को कैसे मजबूती मिलेगी। इस पर भी विस्तृत चर्चा कियाद्य कार्यक्रम मे राजा राकेश प्रताप सिंह, राजा राम त्यागी, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, देवेंद्र सिंह, विवेक शुक्ल, शरद सिंह, जनमेजय सिंह, विजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुज मौर्य, अभिषेक वर्मा, दिगेंद्र सिंह, सिधार्थ पासी, रश्मी पासी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी सहित सभी महिला मोर्चा की पदाधिकारी व जिले के सभी जेस्ठ एवं श्रेस्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काशी विश्वनाथ धाम : श्रद्धालुओं की वेशभूषा में फीडबैक लेंगे पुलिसकर्मी



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में तैनात पुलिसकर्मियों के व्यवहार का फीडबैक अब श्रद्धालुओं की वेशभूषा में पुलिसकर्मी लेंगे। हर सप्ताह पुलिस व्यवहार से संबंधित वास्तविक फीडबैक और निरीक्षण किया जाएगा। पुलिस आयुक्त मोहित

### ■ पुलिस आयुक्त ने दिए निर्देश

अग्रवाल ने सोमवार को धाम में तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण के दौरान निर्देश दिए। प्रशिक्षण व पुलिस आयुक्त की काउंसलिंग के बाद नए पुलिसकर्मियों की नियुक्ति होगी। त्रयंबकेश्वर हॉल में प्रशिक्षण और संवाद कार्यशाला में सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता को पुलिसिंग की मूल भावना के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया गया। पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ विनम्र, सम्मानजनक, प्रभावी संवाद कौशल, भीड़ प्रबंधन व तनावपूर्ण परिस्थितियों में संयमित प्रतिक्रिया देने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया गया। पुलिस कर्मियों को भीड़ प्रबंधन, तीर्थ स्थलों पर व्यवस्था संचालन और तनावपूर्ण परिस्थितियों में संयमित और संतुलित प्रतिक्रिया देने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया गया। बताया गया कि कठोर या असंवेदनशील संवाद नागरिकों में असंतोष उत्पन्न कर सकता है, जबकि सम्मानजनक और सकारात्मक संवाद कई बार तनावपूर्ण स्थितियों को भी सहज बना देता है। संचालन मुंबई ऑयस्टर एचआर सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की विशेषज्ञ टीम ने किया। पुलिस आयुक्त ने टीम की पूजा कृष्णा, दीपशिखा शर्मा व अंजलि मिश्रा को सम्मानित किया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा अनिल कुमार यादव आदि रहे।

# सिविल कोर्ट को आतंकी हमले की धमकी भरा पत्र



जांच करते सुरक्षाकर्मी।

**गोरखपुर।** शहर के सिविल कोर्ट परिसर को आतंकी हमले का धमकी भरा पत्र मिलने के बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। यह पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल कोर्ट गोरखपुर के कार्यालय में सोमवार को प्राप्त हुआ, जिसमें 30 मार्च को कोर्ट परिसर पर आतंकी हमले की चेतावनी दी गई

### ■ सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

है। जानकारी के अनुसार, पत्र पर छह मार्च की तारीख अंकित है और उस पर शिवशंकर गोस्वामी नाम से हस्ताक्षर किए गए हैं। पत्र लिखने वाले ने स्वयं को एक लॉ क्लर्क बताया है। उसने दावा किया है कि उसे इस संभावित हमले की जानकारी बंगाल पुलिस के अधिकारी सुदीप्त प्रमाणिक से मिली है। धमकी भरे इस पत्र में यह भी कहा गया है कि प्रेषक पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़ा हुआ है और उसने यह पत्र अपने एक एजेंट के माध्यम से डाक द्वारा भेजा है। हालांकि, पत्र में किए गए दावों की सत्यता को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।पत्र मिलने के बाद कोर्ट प्रशासन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को दे दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही एहतियात के तौर पर सिविल कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# गैस एजेंसियों पर भीड़ घटी कंपनियों के सर्वर सुधरे

**बिजनौर।** सर्वर में सुधार आने से सोमवार को घरेलू गैस की बुकिंग पटरी पर आ गई। इससे एजेंसियों पर बुकिंग के लिए लगने वाली भीड़ कम हो गई है। घरेलू गैस की पूरी सप्लाई मिलने के बाद अब कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। मेरठ जिले की लगभग 85 गैस एजेंसियों से घरेलू गैस की सप्लाई हो रही है। अभी तक गैस कंपनियों का ऑनलाइन

### ■ कॉमर्शियल की सप्लाई भी बढ़ेगी

बुकिंग का सर्वर भी डाउन चल रहा था। ऑनलाइन गैस बुकिंग नहीं होने के कारण लोगों की भीड़ गैस एजेंसियों पर जुट रही थी। भीड़ बढ़ने पर एजेंसियों पर ऑफलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू हुई और एक पॉइंट बनाकर लोगों को सिलिंडर वितरित किए जा रहे हैं। इसके बाद दो दिन से गैस कंपनियों के सर्वर में सुधार हो रहा है। सोमवार को सर्वर की स्थिति में सुधार आया और लोगों ने गैस की



ऑनलाइन बुकिंग की। इस कारण गैस एजेंसियों पर भी लोगों की कम भीड़ आई। गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस की सप्लाई तो पूरी आ रही है, लेकिन कॉमर्शियल गैस की सप्लाई केवल अस्पताल, स्कूल-कॉलेज के मेस के लिए शुरू हुई है। औद्योगिक इकाइयों के लिए भी कॉमर्शियल गैस सप्लाई के प्रयास किए जा रहे हैं,ताकि स्थिति बेहतर हो सके। अभी सरकार ने गैस कंपनियों को कुल मांग की 20 प्रतिशत कॉमर्शियल गैस सप्लाई करने की अनुमति दी है। जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायतों के अनुसार जिले में अधिकतम एलपीजी गैस एजेंसी कार्यालयों व उन पर कार्यरत कर्मचारियों के दूरभाष नंबर मिलाए जाने पर नहीं उठाए जाते हैं। गैस एजेंसी के प्रोप्राइटर व प्रबंधकों के मोबाइल नंबर भी अक्सर बंद पाए जाते हैं। इससे लोगों को एलपीजी सिलिंडर प्राप्त करने और अन्य जानकारी पाने में कठिनाई होती है।

## एक नजर

### मिशन-2027 के लिए सपा की नई टीम तैयार

**जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार**

**आगरा।** समाजवादी पार्टी ने मिशन-2027 के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष उदल सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में संतोष पाल बघेल को जिला महासचिव बनाया गया। जबकि छह उपाध्यक्ष, 15 सचिव सहित कुल 51 सदस्यों को कार्यकारिणी में जगह दी गई है।

जिलाध्यक्ष उदल सिंह ने कहा कि इस टीम के गठन में पीडीए के नारे को सर्वोपरि रखा गया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए की एकजुटता ने सपा को 37 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत दिलाई। अब इसी ऊर्जा के साथ 2027 में अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर लल्ला सिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा, रामगोपाल बघेल, चौ. वाजिद निसार, पवन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### मैनपुरी की भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष को जान की धमकी

**मैनपुरी।** मैनपुरी से भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष साधना तिवारी को एक बार फिर से फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने सदर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि पिछले कुछ दिनों एक मोबाइल नंबर से उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्हें मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। कई बार कॉलर को समझाया, मगर वह बाज नहीं आ रहा है। आए दिन मिल रही धमकियों से वह व परिजन बेहद भयभीत हैं। बता दें कि इससे पूर्व भी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भोगांव थाने में प्राथमिकी दर्ज करा चुकी हैं।

### गंगा में नाव पर इफ्तारी में नॉनवेज खाने का आरोप

**पुलिस को दिया गया वीडियो, शुरू हुई जांच**

**वाराणसी।** काशी में गंगा नदी के बीच नाव पर इफ्तार पार्टी कर चिकन बिरयानी खाने और अवशेष गंगा में फेंकने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। तहरीर में आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय के कुछ युवकों ने गंगा में नाव पर बैठकर इफ्तार के दौरान बिरयानी खाई और बचा हुआ हिस्सा गंगा में फेंक दिया। इस कृत्य से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। तहरीर के साथ घटना का वीडियो भी साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराया गया है। उनका आरोप है कि इस घटना से आम जनमानस में आक्रोश है। ये जानबूझकर हिंदू भावनाओं को आहत करने की मंशा से किया गया। इसके अलावा उक्त नाव चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए और लाइसेंस को निरस्त किया गया। भविष्य में घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। थाना प्रभारी दयाशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वीडियो की जांच की जा रही है।

### पशुपालकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मेहनवन।** मंगलवार को विकास खंड मुजेहना के सरयू सभागार में पशुपालन विभाग गोण्डा के सौजन्य से पशुपालकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार सिंह द्वारा उन्नत पशु?पालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उन्नत नसलो संतु?लित आहार, रखरखाव के तरीके, पेट के कीड़ों से होने वाली समस्या और वैक्सीनेशन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण दौरान अजय श्रीवास्तव ,पशुधन प्रसार अधिकारी शिवाकान्त पाण्डेय ,पशुधन प्रसार अधिकारी, धर्मराज ,पशुधन प्रसार अधिकारी, पैरावेट और क्षेत्र के सम्मानित पशुपालकों ने प्रतिभाग किया।

# दिल्ली में नाले पर बना फुटओवर ब्रिज ढहा

**महिला की मौत, जर्जर हालत में था पुल**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रूपनगर के ब्लॉक 3 में मदर डेरी के पास नाले के ऊपर बना एक पुराना लोहे का फुटब्रिज ढह गया। इस हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई।

रूप नगर इलाके में नाले पर बना एक फुटओवर ब्रिज अचानक भरभराकर गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय महिला पुल से गुजर रही थी, तभी अचानक ब्रिज



का एक हिस्सा ढह गया और वह सीधे नीचे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका। शुरुआती जांच में सामने आया है कि फुटओवर ब्रिज काफी जर्जर हालत में था, जिसे लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं। लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 67 की उम्र में भी रफ्तार का ऐसा जोश

**दौड़ में अच्छे-अच्छों को पछाड़ रहे मोहन सिंह**

**आगरा।** आगरा के वैभव नगर निवासी वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय धावक मोहन सिंह आर्य 67 वर्ष की उम्र में भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। उन्होंने बीते एक साल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में 18 पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने श्रीलंका और थाईलैंड में पांच और 10 किलोमीटर दौड़ में रजत पदक जीते। वहीं, नेपाल में उन्होंने पांच और 10 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किए। देश में विभिन्न स्थानों पर होने वाली मैराथन व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं। वह मूल रूप से सादाबाद के गांव मंस्या के रहने वाले हैं। वह 2019 में दूर संचार विभाग आगरा से मुख्य लेखाधिकारी पद से सेवानिवृत्त हैं।

# निलंबित बीएसए और लिपिक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**गोरखपुर।** शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या के मामले में न्यायालय ने देवरिया की निलंबित बीएसए शालिनी श्रीवास्तव और लिपिक

### ■ 25-25 हजार के हैं दोनों इनामी

### ■ शिक्षक आत्महत्या प्रकरण

संजीव सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने यह आदेश सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह की अर्जी पर दिया है। गुलरिहा थाने में दर्ज मामले में भ्रष्टाचार की धाराओं को जोड़ने के बाद सीओ ने अदालत में अर्जी दी कि दोनों आरोपी पुलिस को चकमा दे रहे हैं। उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देने के बावजूद गिरफ्तारी संभव नहीं हो रही है। न्यायालय ने सीओ की अर्जी पर सुनवाई के बाद वारंट जारी किया, जिसके तहत अब पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए किसी भी स्थान पर दबिश दे सकती है। इससे पहले एसएसपी ने आरोपियों की सूचना देने पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अब इस राशि को 25-25 हजार रुपये तक बढ़ा दी गई है। कुशीनगर जिले के हरैया बुजुर्ग निवासी 37 वर्षीय कृष्ण मोहन सिंह देवरिया के गौरीबाजार स्थित कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक थे। 21 फरवरी की सुबह उन्होंने गोरखपुर के गुलरिहा स्थित आवास में फंदे पर लटककर जान दे दी थी। सुसाइड से पहले उन्होंने चार पेज का सुसाइड नोट लिखा और एक वीडियो बनाया, जिसमें बीएसए, लिपिक संजीव सिंह और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह पर नियुक्ति बहाली के नाम पर 16 लाख रुपये की मांग और लगातार उत्पीड़न करने के आरोप लगाए थे।

# राष्ट्रपति मुर्मू का मथुरा आगमन कल

**आगरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को आगरा आ रही हैं। यहां से वह मथुरा जाएंगी और तीन दिन तक रहेंगी। पुलिस-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सेफ जोन बनाने के साथ ही चिकित्सकीय टीम भी बना दी है। राष्ट्रपति के आगमन के लिए

### ■ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पुलिस-प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम समेत अन्य विभागों को भी निर्देशित कर दिया है। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रपति 19-21 मार्च तक मथुरा रहेंगी। आगरा में ट्रांजिट विजिट रहेगा। इसके लिए तीन एसीएमओ के नेतृत्व में तीन टीमें बनाई हैं। ये आगरा, मथुरा में सक्रिय रहेंगी। एसएन कॉलेज में सेफ जोन भी बनाया गया है। एंबुलेंस भी लगाई गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा में प्रस्तावित दौरे को देखते हुए आगरा में भी अलर्ट जारी किया गया है। खेरिया एयरपोर्ट पर अधिकारी फोर्स के साथ रहेंगे। साथ ही आपात स्थिति के लिए मथुरा तक हाईवे पर फोर्स रहेगी। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार



राष्ट्रपति 19 मार्च की सुबह विशेष विमान से अयोध्या पहुंचेंगी। वहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगी। शाम को राष्ट्रपति विशेष विमान से खेरिया एयरपोर्ट आएंगी। आगरा से वायुसेना के हेलिकॉप्टर से मथुरा कैंट स्थित आर्मी हेलिपैड पर उतरेंगी। आगरा में खेरिया एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए अलर्ट किया गया है। सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। खुफिया एजेंसियां भी जांच में जुट गई हैं। आपात स्थिति में मथुरा जाने के लिए सड़क मार्ग का भी प्रयोग किया जा सकता है। इसको देखते हुए खेरिया एयरपोर्ट के साथ ही मथुरा जाने तक के मार्ग पर पुलिस फोर्स रहेगी। अगर मथुरा में कार्यक्रम के लिए फोर्स की मांग की जाएगी तो वहां भी पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गैंग पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़े संगठित साइबर ठग गिरोह पर शिकंजा कसते हुए 17 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यह गिरोह अंतर्राज्यीय स्तर पर

### ■ 17 आरोपियों के खिलाफ एक्शन

सक्रिय था और करीब 110 करोड़ रुपये के अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड में संलिप्त पाया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों के साथ विदेशों तक फैला हुआ था। विवेचना में इनके संबंध चीन, दुबई सहित अन्य देशों में बैठे हैंडलरों से भी सामने आए हैं। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद थाना साइबर क्राइम में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम के तहत गैंग लीडर सुल्तान अंसारी समेत 17 आरोपियों के खिलाफ




प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने गिरोह लोगों के व्हाट्सएप पर पीएम किसान योजना (एपीके) नाम से फर्जी लिंक या ऐप भेजता था। इसे डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो जाता था और ठग बैंक खाते, ओटीपी व अन्य निजी जानकारी हासिल कर खातों से रुपये निकाल लेते थे। इसी क्रम में 18 नवंबर 2025 को गंभीरपुर क्षेत्र के बिंद्रा बाजार निवासी करन गुप्ता के व्हाट्सएप पर फर्जी एपीके लिंक भेजकर इंस्टॉल कराया गया, जिसके बाद उनके खाते से करीब 7.77 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली गई थी। इस मामले में थाना साइबर क्राइम में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने 30 नवंबर 2025 को दो और 8 दिसंबर 2025 को 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 26 मोबाइल फोन, 15 सिम कार्ड, 14 एटीएम कार्ड, 26,500 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त दो कारें और भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए थे। इसके अलावा आरोपियों के बैंक खातों में मौजूद लगभग 17.50 लाख रुपये की रकम भी फ्रीज कराई गई थी।

## गैस कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, कई एजेंसियों पर छापेमारी

**सुल्तानपुर।** जनपद में रसोई गैस की संभावित कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्य द्वारा जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य एवं रसद विभाग की टीम ने कई गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली तथा उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की। जांच के दौरान एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की जमाखोरी या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# किसानों की समस्याएं सरकार तक पहुंचाएंगे : टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ के हस्तिनापुर में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत सोमवार को हस्तिनापुर पहुंचे। यहां उन्होंने नगर अध्यक्ष अंकित जावला के आवास पर किसानों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से सुना। संवाद के दौरान किसानों ने क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को सामने रखते हुए उनके समाधान की मांग की। राकेश टिकैत ने भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा और उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। किसानों ने बताया कि खादर क्षेत्र में हर वर्ष आने वाली बाढ़ उनकी सबसे बड़ी समस्या है। बाढ़ के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो जाती हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।



लगातार नुकसान होने के कारण किसान आर्थिक रूप से उबर नहीं पा रहे हैं। किसानों ने मवाना चांदपुर गंगा पुल की अप्रोच रोड की समस्या भी उठाई। उनका कहना था कि बाढ़ के पानी की निकासी सही ढंग से नहीं होने के कारण हर वर्ष अप्रोच रोड क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे क्षेत्र में आवागमन प्रभावित होता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। टिकैत ने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने किसानों से संगठन को मजबूत करने और एकजुट रहने का आह्वान भी किया। सभा की अध्यक्षता नरेश चौधरी ने की।

### देश-धर्म की रक्षा में सिख समाज का बड़ा योगदान - राकेश टिकैत

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि गुरु परंपरा और खाप पंचायतों का आपस में पुराना और गहरा संबंध रहा है। दोनों ने समय-समय पर समाज को दिशा देने और देश-धर्म की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म ने देश और धर्म की रक्षा के लिए इतिहास में अनेक बलिदान दिए हैं।

# वेतन को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, दी एक हफ्ते की चेतावनी

**सुलतानपुर।** राज्य कर्मचारी कल्याण समिति चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति विभाग सुलतानपुर के तत्वाधान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों



ने विगत फरवरी माह का वेतन न मिलने के कारण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रधानाचार्य कार्यालय पर प्रदर्शन कर वेतन भुगतान करने की मांग की ज्ञात हो की विगत फरवरी माह में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट आदेश जारी किया था कि कर्मचारियों को होली से पहले वेतन का भुगतान कर दिया जाए। परन्तु खेद का विषय है कि मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने आज तक भुगतान न कर कर्मचारियों को आंदोलन पर जाने के लिए विवश कर दिया गया है। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि हमारे मुस्लिम भाइयों की महत्वपूर्ण त्यौहार ईद में भी सूखा रहेगा। आज प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह के अंदर वेतन का भुगतान न किया गया तो आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उच्च अधिकारियों की होगी। प्रदर्शन में राजकीय नर्सेज संघ की अध्यक्ष रेनू मिश्रा मंत्री चंद्रिका प्रसाद चतुर्थ श्रेणी के मंत्री राम रतन कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल उपाध्यक्ष कमालुद्दीन आडीटर सलीम खान नेत्र परिक्षण अधिकारी संघ अध्यक्ष जय भीम लैबटेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष विजय चौधरी मंत्री धर्मेन्द्र यादव एक्सरे टेक्निशियन अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के अतिरिक्त विभाग के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

# हज कमेटी आफ इण्डिया की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

**गोण्डा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया है कि हज कमेटी आफ इण्डिया की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं, हज - 2026 की यात्रा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं्-1. हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा तीसरी एवं अन्तिम किश्त के रूप में जमा की जानी वाली धनराशि की घोषणा दिनांक 15.03.2026 तक कर दी जायेगी परन्तु इस धनराशि में कैटरिंग की धनराशि सम्मिलित नही होगी। जो हज यात्रियों को बाद में जमा करनी होगी। 2.हज 2026 में मक्के में स्वयं बिल्डिंग में किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गयी है सभी हज यात्रियों को कैटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत खान-पान उपलब्ध करायी जायेगी। भारत में अनेक प्रान्त हैं जहां लोग अपनी सुविधानुसार प्रान्तीय खान-पान का सेवन करते हैं परन्तु हज में ऐसा सम्भव नही है। इसीलिये हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई एक कामन फूड का चयन कैटरिंग सेवा हेतु विचार किया जा रहा है। 3.हज 2026 में जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल पर बुकिंग उपरान्त प्रपत्रों के वितरण के समय एक स्मार्टवाच भी उपलब्ध करायी जायेगी। यह स्मार्टवाच डाटा केबिल से रिचार्ज होगी। जिसे हज यात्रा हेतु प्रस्थान करने उपरान्त प्रत्येक हज यात्री को अपनी कलाई पर पहनना आवश्यक होगा। इस स्मार्टवाच में यात्री के यात्रा से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा। स्मार्टवाच इण्डिया में काम नही करेगी सऊदी अरब पहुंचने उपरान्त ही स्वतः एक्टिवेट हो जायेगी। यह स्मार्टवाच जी0पी0एस0 से कनेक्ट होगी जिससे यात्री के बिछड़ जाने अथवा किसी अन्य समस्या होने पर इसमें लगे बटन को यात्री द्वारा दबाते ही सीधे कन्ट्रोल रुम में सिगनल पहुंच जायेगा। जिससे यात्री की सही लोकेशन पता लगाने उपरान्त उसकी समस्या निवारण किया जाना सम्भव हो सकेगा। हज यात्री अपनी स्मार्टवाच की चार्जिंग पूर्ण रखें अन्यथा डिस्चार्ज होने पर यह कार्य नही करेगी जिससे यात्री को आवश्यकता पड़ने पर असुविधा होगी। 4.सभी हज यात्रियों को उड़ान तिथि आवंटित हो चुकी है। यात्रियों को उड़ान तिथि से दो दिवस पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुंचकर अपनी फ्लाइट की बुकिंग कम्फर्म कराना आवश्यक होगा। बुकिंग कन्फर्मेशन हेतु यात्री अपने सगे-सम्बन्धी को भेजकर भी करा सकते हैं परन्तु उड़ान तिथि से 24 घण्टे पूर्ण यात्री को उड़ान स्थल पहुंचना होगा। यात्रा से सम्बन्धित प्रपत्र सम्बन्धित यात्री को उपलब्ध कराये जायेंगे। 5. हज 2026 हेतु चयनित हज यात्रियों से पासपोर्ट पहले से जमा नही कराये गये हैं बुकिंग के समय प्रत्येक हज यात्री को अपना पासपोर्ट लाना आवश्यक होगा। यात्रियों को स्वयं यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि उनका पासपोर्ट डैमेज श्रेणी के अन्तर्गत न अन्यथा यात्रा बाधित हो जायेगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित हज यात्री का ही होगा। 6.प्रत्येक हज यात्री को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर हज सुविधा एप एवं नुसुक एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। बिना नुसुक एप के मदीने में रियाजु जन्नाह हेतु पंजीकरण सम्भव नही होगा। जिन हज यात्रियों ने अपने नम्बर के स्थान पर किसी अन्य सगे-सम्बन्धी / एजेण्ट का नम्बर अंकित कर रखा है उनसे अनुरोध है कि उनके स्थान पर अपना नम्बर रजिस्टर्ड करा लें अन्यथा हज यात्री को हज यात्रा के दौरान असुविधा होगा।

# सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर 76071 पर बंद निफ्टी भी 172 अंक बढ़कर 23581 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** धातु और ऑटो शेयरों में तेजी और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और ये लगभग एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया 12 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 92.40 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 567.99 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,070.84 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 801.41 अंक या 1.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 76,304.26 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 172.35 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़कर 23,581.15 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटरनल के शेयरों में सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति भी प्रमुख लाभ



कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थे।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी 1.63 प्रतिशत बढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक मामूली रूप से ऊपर बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक नीचे बंद हुए। यूरोप के बाजारों में तेजी देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार भी तेजी के साथ बंद हुआ।

**विस्तार-** पोको ने लॉन्च की नई एक्स8 प्रो सीरीज़, पोको एक्स8 प्रो मैक्स में मिलेगा देश का पहला डाइमेंसिटी 9500एस चिपसेट और खास आयरन मैन एडिशन।

**साझेदारी-** पेक्सपो ने सोनी याय के साथ साझेदारी में नया लाइफस्टाइल ब्रांड 'गो24' लॉन्च किया है, जो शिन-चैन और नारुतो जैसे लोकप्रिय किरदारों और उन्नत थ्री-लेयर इंसुलेशन तकनीक के साथ युवाओं को लक्षित करता है।

**पोर्टफोलियो पहल-**उत्तर भारत में एक बड़ा विस्तार है, जो शहर के बढ़ते व्यापारिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। गोरखपुर के मेडिकल रोड पर पीएनजी ज्वेलर्स के उद्घाटन अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और सांसद रवि किशन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस अवसर पर ग्राहकों के लिए मेकिंग चार्ज पर भारी छूट के साथ कई आकर्षक ऑफर्स की भी घोषणा की गई है। डॉ. सौरभ गाडगीळ, अध्यक्ष एवं व्यवस्थापकीय संचालक शामिल रहे।

**श्रंखला विस्तार-**फ्लिपकार्ट की द लास्ट माईल लीप रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 50प्रतिशत डिलीवरी पार्टनर इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के इच्छुक हैं, जो देश के औसत 46प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि बेहतर फाइनेंसिंग और चार्जिंग सुविधाओं से अपनाकर डिलीवरी पार्टनर अपनी आय में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकते हैं।

# चांदी 4 हजार बढ़कर 2.52 लाख पर पहुंची सोना 46 बढ़कर 1.56 लाख का हुआ

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी में आज यानी 17 मार्च को मामूली बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 4 हजार बढ़कर 2.52 लाख पर पहुंच गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 46 बढ़कर 1.56 लाख पर पहुंच गया है।

**सोना इस साल 23 हजार और चांदी 24 हजार महंगी**

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 22 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 22 हजार रुपए महंगी हुई है।

**अमेरिका-ईरान तनाव पर निर्भर रहेगा बाजार**

जानकारों का मानना है कि सोने-चांदी की अगली चाल इन दो बातों पर निर्भर करेगी- **मिडिल ईस्ट संकट-** अगर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ता है या

**सोने की कीमत**

| 14 कैरेट | 18 कैरेट | 22 कैरेट | 24 कैरेट |
|---|---|---|---|
| ₹91,285 | ₹1,17,032 | ₹1,42,934 | ₹1,56,042 |




कच्चे तेल की कीमतें फिर से उछलती हैं तो सोने-चांदी में दोबारा तेजी आ सकती है।

**अमेरिकी डेटा-** अगर अमेरिका के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से बेहतर आते हैं तो डॉलर मजबूत होगा और इससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है।

**एक्सपर्ट की राय- क्या अभी सोना खरीदना सही है?**

एक्सपर्ट्स के इनुसार, रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोना फिलहाल करेक्शन फेज (कीमतों में सुधार) में है। शॉर्ट टर्म में मोमेंटम थोड़ा कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन लॉन्ग टर्म में तेजी का रुझान बरकरार है। ऐसे में निवेशक सोने में थोड़ा-थोड़ा करके निवेश कर सकते हैं।

**ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान**

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें-** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- ?4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

## एनबीएसएल ने डिजिटल समावेश बढ़ाने के लिए किया करार

**नई दिल्ली।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपने प्लेटफॉर्म 'भीम पेमेंट्स ऐप' का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह रणनीतिक साझेदारी डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भरोसे, विश्वसनीयता और समावेशिता को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है, क्योंकि भीम ऐप जल्द ही अपने सफर के एक दशक पूरे करने जा रहा है। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज के अनुसार, धोनी की छवि उसी विश्वास और निरंतरता का प्रतिनिधित्व करती है जिसे भीम ऐप हर भारतीय परिवार के सदस्य तक पहुँचाना चाहता है। इस सहयोग का मुख्य लक्ष्य डिजिटल ट्रांजेक्शन के अगले चरण में उपयोगकर्ताओं के भरोसे को और गहरा करना और भीम को भुगतान के लिए भारत की पहली पसंद के रूप में स्थापित करना है।

## राइडर्स ने तय की कई किलोमीटर से ज्यादा की दूरी

**नई दिल्ली।** रिसर्च-ड्रिवन ओबेन इलेक्ट्रिक ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जानकारी दी है कि उसके राइडर्स ने देशभर में मिलकर 3.2 करोड़ किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर लिया है। कंपनी के अनुसार, राष्ट्रीय विस्तार के मात्र दो साल के भीतर यह आंकड़ा साबित करता है कि लोग अब ओबेन रोर , रोर ईज़ेड और रोर ईज़ेड सिग्मा जैसी मोटरसाइकिलों को अपने प्राथमिक वाहन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में बढ़ता उपयोग यह दर्शाता है कि उनकी मोटरसाइकिलें हर तरह के ट्रैफिक और मौसम के अनुकूल हैं।

## सिगरेट के मुकाबले कम हानिकारक है वेपिंग

**नई दिल्ली।** फ्रांस की सरकारी एजेंसी ने 2,500 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों की समीक्षा के बाद निष्कर्ष निकाला है कि वेपिंग से होने वाले स्वास्थ्य जोखिम पारंपरिक सिगरेट की तुलना में काफी कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ई-सिगरेट में तंबाकू के न जलने के कारण जहरीले और कैंसरकारी तत्वों का उत्सर्जन बहुत कम होता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने भी इस बात का समर्थन किया है कि ई-सिगरेट धूम्रपान छोड़ने में एक प्रभावशाली साधन साबित हो सकती है, बशर्ते इसका उपयोग जिम्मेदारी से और केवल सिगरेट छोड़ने के उद्देश्य से किया जाए।

## डिजिटल तकनीक से आसान हुई त्योहारों की तैयारी

**नई दिल्ली।** चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पाड़वा और ईद के आगामी त्योहारों को देखते हुए इस बार डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने पारंपरिक खरीदारी को आधुनिक तकनीक से जोड़ दिया है। राजधानी दिल्ली सहित देश के प्रमुख शहरों में व्रत के सामान, प्रीमियम ड्राई फ्रूट्स और पारंपरिक मिठाइयों की त्वरित डिलीवरी के साथ-साथ अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जा रहा है। अमेजन का नया एआई-पावर्ड असिस्टेंट 'रूफस' ग्राहकों को न सिर्फ उनकी पसंद के अनुसार सामान खोजने में मदद कर रहा है, बल्कि पिछले 90 दिनों की 'प्राइस हिस्ट्री' ट्रैक कर यह भी बता रहा है कि डील किफायती है या नहीं। खास बात यह है कि अब उपभोक्ता 'प्राइस अलर्ट' सेट कर सकते हैं, जिससे मनमुताबिक दाम होने पर सिस्टम खुद ही खरीदारी पूरी कर देता है, जिससे व्यस्त त्योहारी सीजन में समय और बजट दोनों की बचत हो रही है।

# वॉइस और क्षेत्रीय भाषाओं में एआई को बढ़ावा देने पर जोर

## पीयूष गोयल ने पुच एआई के सीईओ से की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को बढ़ाने के मुद्दे पर पुच एआई के को-फाउंडर और सीईओ सिद्धार्थ भाटिया के साथ अहम बैठक की। इस दौरान खासतौर पर वॉइस-फर्स्ट और क्षेत्रीय भाषाओं (वर्नाक्युलर) पर आधारित एआई समाधान को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई, ताकि तकनीक देश के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके। मंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, बैठक में एआई के जरिए देशभर में डिजिटल पहुंच को विस्तार देने और आम नागरिकों के लिए तकनीक को आसान बनाने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों ने इस बात पर भी चर्चा की कि



एआई का उपयोग स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (ख्स्ख्ह्य) और नागरिक सेवाओं को मजबूत करने में कैसे किया जा सकता है।

**स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने सेबी के साथ एफपीआई नियमों के उल्लंघन के मामले का किया निपटारा**

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के साथ एफपीआई नियमों और अन्य नियामक मानदंडों के उल्लंघन के आरोपों से जुड़े एक मामले को निपटाने के लिए निपटान शुल्क के रूप में 57.20 लाख रुपये का भुगतान किया। सेबी की ओर से निपटान राशि प्राप्त होने के बाद, 17 जून, 2025 की कारण बताओ नोटिस (एससीएन) के माध्यम से स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के खिलाफ शुरू की गई तत्काल न्यायिक कार्यवाही को निपटान नियमों के अनुसार समाप्त कर दिया गया है। नियामक ने मंगलवार को पारित अपने आदेश में यह जानकारी दी।

## घर किराए पर देते समय जरूर ध्यान रखें ये बातें

**नई दिल्ली।** मकान मालिकों को अपना घर किराए पर देते हुए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए- **मकान मालिक को कौन से 4 काम करवाने होते हैं- पुलिस वेरिफिकेशन-** अगर आप घर पर किसी को किराए पर दे रहे हैं तो पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी हैं। इसके लिए आपको किराएदार से आधार कार्ड जैसे दस्तावेज लेने होते हैं। पुलिस वेरिफिकेशन से आप सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योर हो जाते हैं। **रेंट एग्रीमेंट-** जिसे घर किराए पर दे रहे हैं उसका रेंट एग्रीमेंट जरूर बनवाएं। रेंट एग्रीमेंट हर 11 महीने का बनाएं। रेंट एग्रीमेंट में नियम व शर्तें भी जरूर लिखवाएं, ताकि आपको दिक्कत न हो। **सिक्योरिटी अमाउंट लेना भी जरूरी-**कई मकान मालिक सिर्फ हर महीने का किराया लेकर घर किराए पर दे देते हैं। पर आपको सिक्योरिटी अमाउंट जरूर लेना चाहिए।

## एक अप्रैल से इनकम टैक्स के नए नियम लागू होंगे

# सैलरी, घर-गाड़ी, रिटायरमेंट फंड और एम्प्लॉयर गिफ्ट्स पर टैक्स लगेगा, ये है बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 1 अप्रैल 2026 से देश में नया इनकम टैक्स सिस्टम लागू करने जा रही है। यह नया कानून मौजूदा इंकम-टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। इनकम-टैक्स रूल्स 2026 के ड्राफ्ट के मुताबिक, मिडिल क्लास टैक्सपेयर्स, प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों और बड़े बिजनेस घरानों के लिए टैक्स कैलकुलेशन के तरीके पूरी तरह बदल जाएंगे।

इन ड्राफ्ट नियमों को 22 फरवरी 2026 तक जनता के सुझावों के लिए रखा गया था। नए नियमों का मकसद सैलरी के साथ मिलने वाली सुविधाओं जैसे- कंपनी का घर, कार और गिफ्ट्स की वैल्यू तय करने के लिए एक फिक्स फॉर्मूला बनाना है, ताकि टैक्स असेसमेंट यानी कैलकुलेशन में पारदर्शिता रहे।

**बड़े बदलाव जो आपकी जेब पर असर डालेंगे-**

**1. नया कानून FY 2026-27 से प्रभावी होगा-** इनकम-टैक्स रूल्स 2026 आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसका मतलब है कि ये नियम वित्त वर्ष 2026-27 की कमाई और असेसमेंट ईयर 2027-28 के टैक्स रिटर्न पर लागू होंगे। यह नया इनकम-टैक्स एक्ट 2025 को सपोर्ट करने के लिए लाया गया है। जिसमें टैक्स कैलकुलेशन की प्रोसेस को और सरल बनाया गया है।

**2. रिटायरमेंट फंड में 7.5 लाख से ज्यादा योगदान पर टैक्स-**अगर आपकी कंपनी आपके क्क्र, ह्रक्क्र और सुपरएन्युएशन फंड में सालभर में 7.5 लाख से ज्यादा जमा करती है, तो अब उस पर टैक्स लगेगा। ड्राफ्ट रूल्स में एक खास फॉर्मूला दिया गया है, जिससे ?7.5 लाख की सीमा से ऊपर वाले कॉन्ट्रीब्यूशन और उस पर मिलने वाले रिटर्न (ब्याज/लाभांश) को टैक्सेबल पर्क्स माना जाएगा।

**3. कंपनी के एकोमोडेशन की वैल्यू फिक्स होगी-** प्राइवेट सेक्टर कर्मचारियों को मिलने वाले एकोमोडेशन यानी घर की टैक्स वैल्यू अब शहर की आबादी के आधार पर तय होगी- 40 लाख से ज्यादा आबादी= सैलरी का 10त्न हिस्सा टैक्सेबल वैल्यू माना जाएगा। 15 से 40 लाख की आबादी= सैलरी का 7.5त्न हिस्सा टैक्सेबल वैल्यू माना जाएगा। अन्य शहर- सैलरी का 5% हिस्सा।यदि कर्मचारी खुद कुछ किराया चुका रहा है, तो उसे इस वैल्यू में से घटा दिया जाएगा।

# आधार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य, नहीं कराया तो हो सकती है बड़ी परेशानी

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती एलपीजी मांग और सप्लाई सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने गैस कनेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब सभी घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए आधार आधारित द्र-चड्ढ्ष्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नए नियम के तहत बायोमेट्रिक या फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए पहचान सत्यापन जरूरी होगा। अगर यूजर द्र-चड्ढ्ष्ट पूरा नहीं करता है, तो गैस सिलिंडर की बुकिंग और सब्सिडी दोनों प्रभावित हो सकती हैं।

**क्यों जरूरी किया गया e-KYC?**

सरकार के इस फैसले के पीछे कई अहम वजह-

फर्जी और डुप्लीकेट गैस कनेक्शन खत्म करना।

ब्लैक मार्केटिंग और स्टॉकिंग पर रोक लगाना।

सही लाभार्थियों तक सब्सिडी पहुंचाना।

कई मामलों में यह सामने आया था



कि कुछ लोग एक से ज्यादा गैस कनेक्शन लेकर सब्सिडी का गलत फायदा उठा रहे थे। आधार ई-केवाईसी के जरिए ऐसे मामलों पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही है।

**क्या है एलपीजी आधार ई-केवाईसी?**

एलपीजी ई-केवाईसी एक डिजिटल प्रक्रिया है, जिसमें गैस कनेक्शन धारक अपनी पहचान को आधार के माध्यम से सत्यापित करता है।

इसमें आधार नंबर के साथ बायोमेट्रिक या फेस ऑथेंटिकेशन किया जाता है।

इससे गैस कंपनियों का डेटा अपडेट होता है और सरकार यह सुनिश्चित कर पाती है कि सब्सिडी सही व्यक्ति तक पहुंच रही है।

**मोबाइल से ही करें e-KYC, एजेंसी जाने की जरूरत नहीं**

अब यूजर्स को गैस एजेंसी के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। यह पूरा प्रोसेस मोबाइल फोन से ही आसानी से किया जा सकता है।

**स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया-**

**स्टेप 1-**

अपनी गैस कंपनी का मोबाइल ऐप डाउनलोड करें और मोबाइल नंबर या कंज्यूमर नंबर से लॉगिन करें।

ऐप में दिए गए ई-केवाईसी या आधार ऑथेंटिकेशन विकल्प पर क्लिक करें।

**स्टेप 2-**

अब Aadhaar FaceRD ऐप डाउनलोड करें।

निर्देशों के अनुसार फेस स्कैन या बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन पूरा करें।

प्रक्रिया पूरी होते ही आपका ई-केवाईसी सफलतापूर्वक अपडेट हो जाएगा।

सरकार के अनुसार यह प्रक्रिया पूरी तरह मुफ्त है और कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है। ई-केवाईसी के लिए क्या-क्या जरूरी है?

**ई-केवाईसी करते समय इन चीजों को तैयार रखें-**

आधार कार्ड

एलपीजी कंज्यूमर नंबर

गैस एजेंसी का नाम

मोबाइल नंबर

बैंक अकाउंट डिटेल सब्सिडी के लिए।

# चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पहली बार 9.5 लाख करोड़ रुपये के करीब

**नई दिल्ली।** भारत का निर्यात भले ही हाल के महीनों में अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा हो, लेकिन चीन के साथ व्यापार घाटे ने एक नया और चिंताजनक रिकॉर्ड बना दिया है। चालू वित्त वर्ष खत्म होने में अभी एक महीना बाकी होने के बावजूद, अप्रैल-फरवरी की अवधि के दौरान यह घाटा पहली बार 100 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया है। आइए सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं, इस आंकड़े के क्या मायने हैं और इसका आर्थिक प्रभाव क्या होगा?

**व्यापार घाटे के ताजा और सटीक आंकड़े क्या कहते हैं?**

वाणिज्य विभाग की ओर से जारी हालिया आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी के दौरान चीन के साथ व्यापार घाटा 102 अरब डॉलर (करीब 9,42,492 करोड़ रुपये) हो गया है, जो पिछले साल इसी अवधि में 91.1 अरब डॉलर (करीब 8,41,775 करोड़ रुपये) था। पूरे पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत का व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर से थोड़ा ही कम था। आपको बता दें कि अमेरिका के बाद, चीन के साथ सबसे ज्यादा व्यापार घाटा




भारत का ही है, जिसके बाद वियतनाम का नंबर आता है।

**क्या भारत से चीन को होने वाले निर्यात में कोई सुधार हुआ है?**

हां, निर्यात के मोर्चे पर मजबूत वृद्धि देखी गई है। अप्रैल-फरवरी के दौरान भारत के निर्यात में लगभग 38त्न की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यह 17.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, आयात का आधार इतना बड़ा है कि इसमें महज 15त्न की वृद्धि होने से कुल आयात लगभग 120 अरब डॉलर तक जा पहुंचा, जिसने घाटे की इस खाई को और चौड़ा कर दिया है।

**किन सेक्टर्स ने निर्यात में बाजी मारी और भारत चीन से सबसे ज्यादा क्या खरीद रहा है?**

इस व्यापार के आंकड़ों का सेक्टोरल असर काफी स्पष्ट है- भारत से चीन को बड़े निर्यात= अप्रैल-जनवरी के दौरान स्मार्टफोन और टेलीकॉम उपकरणों का निर्यात लगभग छह गुना बढ़कर 2.3 अरब डॉलर हो गया है। इसके अलावा पेट्रोलियम उत्पादों में 133त्न का उछाल (2.1 अरब डॉलर) और तांबे के सामान के निर्यात (500 मिलियन डॉलर) ने भी बाजार को मजबूती दी है।




**बड़े आयात-** इलेक्ट्रिकल मशीनरी और टेलीकॉम उपकरणों के आयात में तेज वृद्धि हुई है। चीन से भारत आने वाले सामानों में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स सबसे ऊपर बने हुए हैं।

**आयात कम करने की कोशिशों के बावजूद भारत की चीन पर यह निर्भरता क्यों?**

भारत ने सस्ते और खराब गुणवत्ता वाले आयात को रोकने के लिए कई कड़े मानक तय किए हैं, लेकिन देश की विनिर्माण गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उद्योग अब भी भारी रूप से चीन पर निर्भर हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े सामान, भारी मशीनरी, रसायन और दवाओं से जुड़ी सामग्री जैसी आवश्यक चीजों के लिए चीन पर आश्रित है।

**भारत और चीन के बीच व्यापार में भारी असंतुलन का बड़ा कारण क्या?**

एक तरफ भारत अपनी विनिर्माण जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर चीन के कच्चे पर निर्भर है, वहीं दूसरी तरफ चीन ने अपने देश में संरक्षणवादी नीतियां अपनाई हुई हैं। कई अपीलों के बावजूद, चीन कड़े निरीक्षण और मानकों का हवाला देकर भारतीय उत्पादों की अपने बाजार में एंट्री को प्रतिबंधित करता है, जिससे व्यापार एकतरफा हो गया है।

**क्या इस व्यापारिक स्थिति के बीच विदेशी निवेश नियमों में बदलाव किया गया?**

जी हां, भारत सरकार की ओर से निवेश के मोर्चे पर भी एक नीतिगत कदम उठाया गया है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने सोमवार को एफडीआई नीति (एफडीआई नीति) में बदलावों को अधिसूचित किया है। नए नियमों के तहत, अब 10त्न तक चीनी शेयरधारिता वाली विदेशी कंपनियों को ऑटोमैटिक रूट के माध्यम से भारत में निवेश करने की अनुमति मिल गई है। चीन के साथ 102 अरब डॉलर का व्यापार घाटा यह साफ करता है कि घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाने के बावजूद, भारतीय सप्लाई चेन आज भी बुनियादी कच्चे माल के लिए चीनी आयात पर निर्भर है। स्मार्टफोन और पेट्रोलियम निर्यात में भारी उछाल सकारात्मक संकेत है, लेकिन आयात-निर्यात के अंतर को कम करने के लिए भारत को कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग पर आक्रामक रूप से काम करना होगा।

# पढ़ाई में तो अच्छे नंबर नहीं मिले, लेकिन क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक हासिल किए : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। मुंबई के रहने वाले सूर्यकुमार स्वाभाविक रूप से अपने इन आंकड़ों से बेहद खुश थे, क्योंकि शिक्षा ग्रहण करते समय वह कभी इतने अधिक नंबर लेकर नहीं आए थे। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 कप्तान का पद संभालने के बाद लगातार सफलता हासिल की। उनकी अगुवाई में भारत ने अभी तक जो 52 मैच खेले हैं उनमें से 42 मैच में उसे जीत मिली है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रही है।''



उन्होंने कहा, ''वहां (स्कूल या कॉलेज में) मैं कभी 50-60 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। लेकिन यह (जीत की दर 80 प्रतिशत) सुनकर वास्तव में बहुत अच्छा लग रहा है। मैं वैसे आंकड़ों पर बहुत ज्यादा गौर नहीं करता हूं लेकिन किसी को भी किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं होता और मुझे भी जीतना पसंद है।'' सूर्यकुमार के पिता अशोक कुमार यादव भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। लेकिन सूर्यकुमार का कभी पढ़ाई लिखाई में मन नहीं लगा और उनके परिवार ने क्रिकेट में उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरा सहयोग दिया। उन्होंने कहा, ''मेरे परिवार ने मुझे पढ़ाई में अच्छा करने के लिए बहुत प्रेरित किया लेकिन कुछ समय बाद ही उन्हें समझ में आ गया कि इस लड़के को पढ़ाई में कोई दिलचस्पी नहीं है। यह लड़का उनके हाथ नहीं आएगा।'' सूर्यकुमार ने कहा, ''लेकिन उन्होंने खेल में मेरा हमेशा समर्थन किया क्योंकि उन्होंने पाया कि इसमें मुझे पूरा आनंद आ रहा है और मुझे खेलना पसंद है। इसलिए उन्होंने कहा, 'ठीक है, जाओ खेलो। अगर कुछ हासिल नहीं होता है तो फिर ख्याल रखने के लिए हम तो हैं ही।'' हमेशा मुस्कुराते रहने वाले इस दिग्गज बल्लेबाज ने हालांकि ऐसी नौबत नहीं आने दी जिससे कि उन्हें 'प्लान बी' का सहारा लेना पड़े।

## आईपीएल से पहले सीएसके का मेगा रीयूनियन होगा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के रोमांचक आगाज से पहले पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने प्रशंसकों के लिए एक भव्य सरप्राइज की घोषणा की है। आगामी 22 मार्च को चेन्नई के ऐतिहासिक एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में एक 'मेगा रीयूनियन' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ टीम के गौरवशाली इतिहास को बनाने वाले दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर एक साथ नजर आएंगे। इस कार्यक्रम में सुरेश रैना, मैथ्यू हेडन, मुथैया मुरलीधरन और ड्वेन ब्रावो जैसे लगभग 20 पूर्व स्टार खिलाड़ियों के शामिल होने की पुष्टि हो चुकी है। शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस इवेंट का मुख्य आकर्षण विश्व प्रसिद्ध संगीतकार ए.आर. रहमान की लाइव परफॉर्मेंस होगी, जो अपनी धुनों से स्टेडियम में समां बांधेंगे।

## कुलदीप के रिसेप्शन में शामिल हुए कई दिग्गज



**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने शादी के बाद मंगलवार को लखनऊ के एक होटल में रिसेप्शन पार्टी दी। कुलदीप अपनी दुल्हन वंशिका के साथ ट्रेडिशनल लुक में नजर आए। कुलदीप ने ब्लैक कलर का प्रिंस सूट तो वंशिका ने क्रीम कलर की साड़ी पहनी। जिस पर रेड स्टोन का वर्क था। जोड़ी बेहद खूबसूरत और शाही लग रही थी। होटल में फूलों की वर्षा के साथ इस जोड़े का जोरदार अभिनंदन किया गया। रिसेप्शन में यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व सीएम अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत कई सियासी हस्तियां पहुंचीं थीं। कुलदीप ने ष्टरूयोगी के 2 बार पैर छुए। अखिलेश ने कुलदीप को गले लगाकर दांपत्य जीवन की बधाई दी। रिसेप्शन में टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर, क्रिकेटर शिखर धवन और रविंद्र जडेजा पत्नी के साथ आए थे। कुलदीप ने 14 मार्च को बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी। उत्तराखंड के मसूरी में परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में शादी हुई थी।

## पहलवान मीनाक्षी गोयत ने किया उलटफेर, अंतिम पंघाल को हराया

**नई दिल्ली।** पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर हार झेलनी पड़ी। ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6-2 की बढ़त लेने के बाद विन बाय फॉल से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया। शुरुआत में अंतिम ने मीनाक्षी के दोनों पैरों को जकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह चाल नाकाम हो गई। अंतिम हार के बाद कुछ समय तक अविश्वास में मैट पर ही पड़ी रहीं, जबकि मीनाक्षी मुस्कुराते हुए उनके पास गईं और हाथ बढ़ाया।

मीनाक्षी बोलीं- अपनी क्षमता पर संदेह था

दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन 25 वर्षीय मीनाक्षी सोनीपत में पूर्व राष्ट्रीय कोच कुलदीप मलिक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेती हैं। वह पहले 50 किग्रा वर्ग में भी खेल चुकी हैं, लेकिन अब 53 किग्रा में चुनौती पेश करती हैं। मीनाक्षी ने कहा, ट्रायल जीतना बेहद खुशी की बात है। मैं इस पल का आनंद ले रही हूं। पहले मैं बड़े नामों के खिलाफ अच्छा खेलते हुए भी हार जाती थी, लेकिन इस बार मैंने मौका नहीं गंवाया। मेरे मन में अपनी क्षमता को लेकर संदेह था, जिसे मैंने दूर कर लिया। अंतिम से भी गलतियां हुईं और मैंने उनका फायदा उठाया।

एशियाई चैंपियनशिप छह से 11 अप्रैल तक किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित होगी। इसी बीच 50 किग्रा वर्ग में नीलम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में जगह बनाई। अन्य वर्गों में मानसी अहलावत (62 किग्रा) और मनीषा भानवाला (57 किग्रा) ने जीत दर्ज की। मनीषा के 62 किग्रा से 57 किग्रा में आने के कारण इस वर्ग में कम पहलवानों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा हंशिका (55 किग्रा), नेहा सांगवान (59 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठेर (68 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) ने भी अपने-अपने वर्ग में जीत हासिल की।

## राजस्थान रॉयल्स क्यों छोड़ा? संजू सैमसन ने सीएसके जॉइन करने पर तोड़ी चुप्पी, बताई असली वजह

**नई दिल्ली।** टीम बदलने को लेकर संजू सैमसन ने सामने आकर पहली बार राजस्थान टीम छोड़ने के फैसले पर खुलकर बयान दिया है। बता दें कि संजू सैमसन को पिछले साल राजस्थान की टीम से चेन्नई टीम में स्थानांतरित किया गया था। इस सौदे की कीमत करीब 18 करोड़ रुपये बताई गई थी। उस समय टीम प्रबंधन की ओर से यह संकेत दिए गए थे कि सैमसन खुद टीम छोड़ना चाहते थे, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहा था। अब सैमसन ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि उन्हें लगा कि टीम में उनका समय पूरा हो चुका था। उन्होंने साफ किया कि मैदान पर वह भावनाओं को अपने ऊपर हावी नहीं होने देते हैं। गौरतलब है कि आगामी सत्र में चेन्नई टीम का पहला मुकाबला राजस्थान के खिलाफ ही खेला जाना है। ऐसे में सैमसन पहली बार अपनी पुरानी टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे।



मौजूद जानकारी के अनुसार उन्होंने कहा कि वह इस मुकाबले को सामान्य तरीके से लेंगे और अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलेंगे। उनके अनुसार किसी भी टीम के खिलाफ खेलते समय उनका ध्यान सिर्फ अपने प्रदर्शन पर रहता है। सैमसन ने यह भी बताया कि उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी से बात की है और उनके साथ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में पहले भी उनके साथ समय बिताने का मौका मिला है, जिससे उन्हें हमेशा सकारात्मक अनुभव मिला। बता दें कि सैमसन ने चेन्नई के दर्शकों से मिले समर्थन को भी याद किया। उन्होंने कहा कि विश्व कप के दौरान जब वह टीम में वापस आए तो चेन्नई के दर्शकों ने उनका खास समर्थन किया, जो उनके लिए काफी खास रहा। गौरतलब है कि सैमसन ने हाल ही में हुए विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कई अहम मुकाबलों में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मौजूद जानकारी के अनुसार उन्होंने सुपर चरण और सेमीफाइनल में भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जिससे उनकी स्थिति टीम में मजबूत हुई। बता दें कि विश्व कप की शुरुआत में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, लेकिन बाद में टीम प्रबंधन ने रणनीति में बदलाव करते हुए उन्हें फिर से मौका दिया। जानकारों का मानना है कि चेन्नई टीम के साथ खेलते हुए सैमसन को एक नया अवसर मिलेगा, जहां वह अपने खेल को और बेहतर बना सकते हैं।

## रोहित अब पहले से कहीं ज्यादा फिट, अपने कौशल पर काफी काम किया : जयवर्धने

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने मंगलवार को कहा कि रोहित शर्मा आईपीएल 2026 से पहले काफी फिट और पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं तथा उन्होंने अपने कौशल पर जमकर काम किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके रोहित ने पिछली बार जनवरी में भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेली थी। जयवर्धने को उम्मीद है कि भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान टीम का मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। जयवर्धने ने एमआई जूनियर 2026 फाइनल्स के दौरान कहा, 'उन्होंने काफी मेहनत की है। पिछले सप्ताह उन्होंने अपने कौशल पर काफी काम किया और अभ्यास शिविर के पहले दिन से ही हमारे साथ जुड़ गए। नेट सत्र में वह लय में दिख रहे हैं। ' उन्होंने कहा, 'यह रोहित का नया रूप है (काफी फिट और पूरी तरह समर्पित)। मैं उनसे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की उम्मीद कर रहा हूं। '



जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव की भी तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय टी20 कप्तान अपनी व्यक्तिगत फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप में टीम को रिकॉर्ड तीसरा खिताब दिलाने में सूर्यकुमार की कप्तानी सराहनीय रही। उन्होंने कहा, 'सूर्यकुमार को अपनी फॉर्म की ज्यादा चिंता नहीं है। वह कमाल के खिलाड़ी हैं और सही समय पर योगदान देते हैं। हां, निरंतरता एक पहलू है जिस पर वह काम करना चाहेंगे, लेकिन जिस तरह उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, वह काबिले-तारीफ है। ' जयवर्धने ने जसप्रीत बुमराह की भी जमकर सराहना की और कहा कि वह एक खास खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'बुमराह की कार्यशैली और खेल को समझने का तरीका अलग है। विश्व कप के अहम मौकों पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा। ' उन्होंने कहा कि भारत ने टूर्नामेंट के अंतिम चरण में बेहतरीन प्रदर्शन किया और पुरुषों के टी20 विश्व कप तथा महिला वनडे विश्व कप की जीत से नई पीढ़ी और खासकर एमआई जूनियर शिविर के खिलाड़ियों को काफी प्रेरणा मिल रही है। जयवर्धने ने कहा, 'महिला टीम और पुरुष टीम दोनों की विश्व कप जीत ने एक पीढ़ी को प्रेरित किया है। हमारे पास रोहित, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा और बुमराह जैसे खिलाड़ी हैं, जो युवाओं को प्रेरित करते हैं। '

उन्होंने कहा कि विश्व कप जैसे कठिन टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी उठानी होती है और भारतीय टीम ने ऐसा ही किया, जिसके कारण उसे सफलता मिली। श्रीलंका के इस पूर्व दिग्गज ने कहा कि टीम चयन को लेकर उनके सामने सुखद समस्या है, क्योंकि टीम में कई शीर्ष खिलाड़ी मौजूद हैं, जिनमें विल जैक्स और मिचेल सैंटनर शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी समस्या है। जैक्स के अलावा शेरफेन रदरफोर्ड, रयान रिकेल्टन, क्विंटन डी कॉक और सैंटनर जैसे खिलाड़ी हमारे पास हैं। हमने विश्व कप से पहले ही एक मजबूत टीम तैयार कर ली थी।

## नेमार के विश्व कप खेलने पर संशय: ब्राजीली टीम से हुए बाहर, संन्यास के संकेतों से फैंस को लगा झटका

**नई दिल्ली।** फुटबॉल जगत के दिग्गज स्ट्राइकर नेमार के करियर और आगामी फीफा विश्व कप 2026 में उनकी भूमिका को लेकर अनिश्चितता के बादल गहरा गए हैं। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ होने वाले दो महत्वपूर्ण मैत्री (फ्रेंडली) मैचों के लिए टीम की घोषणा की है, जिसमें नेमार को जगह नहीं दी गई है। कोच एंसेलोटी के अनुसार, टीम में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई है जो पूरी तरह फिट हैं। गौरतलब है कि 34 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 में लगी गंभीर चोट के बाद से अपनी पुरानी लय और फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस फैसले पर निराशा व्यक्त करते हुए नेमार ने साओ पाउलो में मीडिया से कहा कि वह टीम से बाहर होने पर दुखी हैं, लेकिन उन्हें अभी भी 18 मई को होने वाली विश्व कप की अंतिम टीम चयन में वापसी की उम्मीद है। हालांकि, फुटबॉल प्रशंसकों के लिए अधिक चिंता की बात नेमार का हालिया बयान है, जिसमें उन्होंने साल के अंत तक फुटबॉल से संन्यास लेने के संकेत दिए हैं। नेमार ने कहा कि वह अब 'साल दर साल' की योजना पर चल रहे हैं और संभव है कि दिसंबर तक वे खेल को अलविदा कह दें। चोटों से प्रभावित करियर और गिरते फॉर्म के बीच नेमार का टीम से बाहर होना ब्राजील के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि टीम 31 मई को पनामा के खिलाफ अपने आखिरी अभ्यास मैच के बाद विश्व कप के मिशन पर निकलेगी।

## एक नज़र

### हरिहरन-अर्जुन युगल के दूसरे दौर में, आकर्षी ने ओरलियंस मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** हरिहरन अम्साकरुनन और एम आर अर्जुन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि आकर्षी कश्यप ने क्वालीफाइंग दौर में दो जीत दर्ज कर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। हरिहरन और अर्जुन के खिलाफ चेक गणराज्य के जिरी क्राल और ओन्ड्रेज क्राल की जोड़ी पहले गेम में 10-21 से हारने के बाद मुकाबले से हट गई। पिछले साल अल ऐन मास्टर्स सुपर 100, तुर्किये इंटरनेशनल चैलेंज और तेलंगाना इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज खिताब जीतने वाली यह भारतीय जोड़ी अब स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन और एडम प्रिंगल की जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज आकर्षी ने पहले मुकाबले में हमवतन श्रीयांशी वलीशेट्टी को 21-19, 17-21, 21-13 से हराया और फिर अगले मैच में ताइपे की ली वाई एच को 21-17, 21-19 से मात दी।

### अनाहत सिंह का ध्यान लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपने खेल करियर का सबसे बड़ा लक्ष्य निर्धारित करते हुए लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। गौरतलब है कि 2028 के इन खेलों में स्क्वाश को पहली बार ओलंपिक का हिस्सा बनाया गया है, जिसे लेकर अनाहत बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने साझा किया कि ओलंपिक में पदक जीतना हर एथलीट का सर्वोच्च सपना होता है और अब जबकि स्क्वाश को वैश्विक स्तर पर यह मंच मिल रहा है, तो अगले दो वर्षों तक उनका पूरा प्रशिक्षण और रणनीति इसी मेगा इवेंट के इर्द-गिर्द रहेगी। एशियाई खेलों में दो कांस्य पदक जीत चुकीं अनाहत ने स्पष्ट किया कि यद्यपि उनका दीर्घकालिक लक्ष्य ओलंपिक पदक है, लेकिन वर्तमान में वह 'एक समय में एक टूर्नामेंट' की नीति पर चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि आगामी एशियाई खेलों में वह अपने पिछले प्रदर्शन को और बेहतर कर देश के लिए स्वर्ण पदक जीत सकेंगी।

### पाकिस्तान क्रिकेट की फिर फजीहत: मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने आगा के रन आउट को ठहराया जायज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट की एक बार फिर फजीहत हो गई है क्योंकि क्रिकेट नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने सलमान अली आगा के विवादित रन आउट को जायद ठहराया है। हाल ही में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान मेहदी हसन मिराज ने आगा को रन आउट किया था जिस पर काफी विवाद हुआ था। लेकिन अब एमसीसी ने स्पष्ट किया है कि मिराज द्वारा गेंदबाजी छोर पर रन आउट किया जाना नियमों के तहत जायज है। यह घटना पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में घटी। मेहदी हसन मिराज की गेंद चौथी गेंद पर मोहम्मद रिजवान ने शॉट खेला। गेंद को रोकने के लिए मिराज आगे बढ़े और अपने पैर से उन्होंने इसे रोका। इस दौरान नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े सलमान आगा क्रीज से बाहर निकले हुए थे। चूंकि गेंद सलमान आगा के पास रुक गई थी तो उन्हें लगा कि गेंद पूरी हो गई है। लेकिन मिराज ने तत्परता दिखाते हुए गेंद को स्टंप्स की ओर मारा और रन आउट की अपील कर दी। सलमान इससे चौंक गए, लेकिन वह क्रीज से बाहर थे और इस कारण तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दिया। इससे सलमान बौखला गए और उन्होंने गुस्से में हेलमेट मैदान पर फेंक दिया और गुस्से से ड्रेसिंग रूम की ओर लौटे।

## फीफा विश्व कप 2026 पर युद्ध का साया : सुरक्षा कारणों से अमेरिका जाने से ईरान का इनकार

**नई दिल्ली।** अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले फीफा विश्व कप 2026 के आयोजन से पहले एक गंभीर सुरक्षा और कूटनीतिक संकट पैदा हो गया है। अमेरिका और इस्राइल के साथ चल रहे भीषण सैन्य संघर्ष के बीच ईरान की फुटबॉल टीम का विश्व कप में हिस्सा लेना संदिग्ध नजर आ रहा है। ईरानी फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की है कि वे सुरक्षा जोखिमों के चलते अपने मैच अमेरिका के बजाय मैक्सिको में स्थानांतरित करने के लिए फीफा से बातचीत कर रहे हैं।

ईरान का यह रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने ईरानी टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर असमर्थता जताई थी। ईरान, जो 25 मार्च 2025 को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी, उसे वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार लॉस एंजिलिस और सिएटल में अपने ग्रुप मैच खेलने हैं। हालांकि, ईरानी फुटबॉल महासंघ ने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा आश्वासन के बिना वे अमेरिका की धरती पर कदम नहीं रखेंगे। कूटनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि फीफा मैचों को मैक्सिको शिफ्ट करने की मांग नहीं मानता, तो ईरान टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले सकता है। हालांकि एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा है कि उन्हें अभी तक आधिकारिक तौर पर हटने की कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन तेजी से बदलते क्षेत्रीय हालात और ट्रंप की 'धमकी' ने इस मेगा इवेंट के आयोजन पर अनिश्चितता के बादल गहरा दिए हैं।




## स्वदेश में टूर्नामेंट खेलने से बेहतर तैयारी और कोई नहीं हो सकती : रमित टंडन

**नई दिल्ली।** स्क्वाश के दिग्गज खिलाड़ी रामित टंडन की नजरें इस साल सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी फॉर्म के शीर्ष पर होने के 'बड़े लक्ष्य' पर टिकी है लेकिन भारत का यह पूर्व नंबर एक खिलाड़ी अभी इंडियन ओपन में घरेलू टूर्नामेंट में खेलने के अवसर का पूरा लुत्फ उठाना चाहता है। टंडन उभरती हुई महिला स्टार अनाहत सिंह के साथ बुधवार से यहां शुरू हो रहे जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन में हिस्सा लेंगे। उनका मानना है कि यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों को विदेश यात्रा नहीं करने के बावजूद खेलने का बेहतरीन मौका देता है।टंडन ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''यह बहुत शानदार है, खासकर ऐसे समय में जब यात्रा बहुत अधिक प्रभावित है।

इससे आसान कुछ नहीं हो सकता कि आप बस एक घरेलू उड़ान लें और अपने ही घर के पास होने वाले टूर्नामेंट में खेलने पहुंच जाएं।'' उन्होंने कहा, ''इसके बावजूद स्वदेश में खेलना हमेशा खास होता है। आप उन लोगों के सामने खेलते हैं जिनसे आप प्यार करते हैं और जिन्होंने आपकी खेल यात्रा में आपका साथ दिया है। एक भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी के तौर पर मुझे ऐसा करने का मौका उतनी बार नहीं मिलता जितना मेरे साथियों को अमेरिका या ब्रिटेन में मिलता है इसलिए मैं हमेशा भारत लौटने का बेसब्री से इंतजार करता हूं। खासकर सीसीआई मेरे लिए बहुत खास रहा है।'' टंडन ने कहा कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए दुनिया भर में यात्रा करने से शरीर पर असर पड़ता है जिसके बारे में अधिक बात नहीं होती। उन्होंने कहा, ''यात्रा, जिसके बारे में लोगों ने अधिक बात नहीं की है, वह सच में शरीर पर असर डालती है।''

## आईपीएल से पहले आरसीबी को लगा बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड के आईपीएल 2026 के शुरुआती मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलने की संभावना कम है क्योंकि वे मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। हेज़लवुड को अभी तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से आगामी सीजन के लिए आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड फिलहाल रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं। 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और एसआरएच के बीच होने वाले आईपीएल 2026 के पहले मैच के लिए हेज़लवुड के समय पर मैच फिटनेस हासिल करने की कोई संभावना नहीं है। आरसीबी के एक अधिकारी के अनुसार कि पिछले सप्ताह से कुछ खास बदलाव नहीं हुआ है।

# पहली बार होगी अलग-अलग श्रेणियों में दिव्यांगों की जनगणना




**नई दिल्ली, ब्यूरो।** हर दस वर्ष में होने वाली जनगणना की प्रक्रिया भले

**आठवले ने दी जानकारी- 'दिव्यांगता के सभी 21 श्रेणियों को सही तरीके से पहचान कर किया जाएगा दर्ज'**

ही कोरोना महामारी के कारण काफी देर से आरंभ हो रही है लेकिन कई मायनों में यह बेहद ऐतिहासिक होने वाली है। खास तौर से जहां एक ओर जातिगत जनगणना को सरकार की ओर से पहली बार हरी झंडी दिखाई जा चुकी है वहीं दूसरी ओर इस दफा पहली बार देश में दिव्यांगों की अलग से भी गणना की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए केंद्रीय सामाजिक कल्याण मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपानीत राजग के घटक रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया यानी आरपीआई के सुप्रीमो रामदास आठवले ने बताया कि वर्ष 2027 में होने जा रही जनगणना दिव्यांगजनों के लिए ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के लागू होने के बाद यह देश की पहली जनगणना होगी जिसके माध्यम से प्रशिक्षित गणनाकर्मियों और बेहतर डेटा संग्रह प्रणाली के जरिए दिव्यांगता की सभी 21 श्रेणियों को सही तरीके से पहचान कर इससे संबंधित विस्तृत आंकड़े इकट्ठा किए जाएंगे। उन्होंने सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प को दोहराते हुए आश्वासन दिया कि दिव्यांगजनों के सटीक और संपूर्ण आंकड़े जुटाने की पहल यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी नागरिक पीछे न छूटे। आठवले ने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस जनगणना के द्वारा सटीक और वर्गीकृत आंकड़ों से सरकार को देशभर में दिव्यांगजनों के लिए अधिक लक्षित और प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल यानी एनसीपीईडीपी द्वारा तैयार की गई भारत की पहली दिव्यांगता संबंधी हैंडबुक 'बियॉन्ड द विजिबलः ए हैंडबुक ऑन डिसेबिलिटी इन्क्लूजन फॉर पार्लियामेंटेरियंस' का लोकार्पण करते हुए रामदास आठवले ने उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, ईटाला राजेंद्र, डॉ. फौजिया खान, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. गुरु प्रकाश पासवान, बीजेवाईएम की उपाध्यक्ष नेहा जोशी और एनसीपी (एसपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिश गावांदे के साथ ही एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में आठवले ने कहा कि यह हैंडबुक देशभर में समावेशी नीतिनिर्माण को मजबूत करने के लिए सांसदों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शिका साबित होगी। उन्होंने भारत सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 एक ऐतिहासिक सुधार था जिसने 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को मान्यता दी। कल्याण-आधारित दृष्टिकोण से अधिकार-आधारित दृष्टिकोण की ओर बदलाव किया और भारत को यूएनसीआरपीडी के अनुरूप बनाया। पहली बार इस कानून में दिव्यांगजनों के सामने आने वाली राजनीतिक बाधाओं को भी स्पष्ट रूप से एक बड़ी चुनौती के रूप में स्वीकार किया गया। अठावले ने कहा कि इस हैंडबुक का विमोचन और आज की गोलमेज चर्चा संसद और सार्वजनिक जीवन में दिव्यांग अधिकारों और समावेशी नीतिनिर्माण की चर्चा को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर अरमान अली ने स्वास्थ्य बीमा की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों के पास कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं होने का मुख्य कारण अधिक प्रीमियम, दिव्यांगता से संबंधित उपचारों को बीमा से बाहर रखा जाना और कवरेज से इनकार किया जाना है।

# चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने अष्टभुजा निरीक्षण गृह में अधिकारियों के साथ समीक्षा कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने

**नवरात्र मेला मे आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सहज वातावरण प्राप्त हो -योगी आदित्यनाथ**

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को बढ़ावा देने पर दिया बल, गौ तस्करी व गौ-कशी करने वाले पर करें प्रभावी कार्यवाही**



आज जनपद भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह में जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियो के साथ बैठक कर आगामी 18/19 मार्च 2026 से प्रारम्भ होने वाले चौत्र नवरात्र मेला के तैयारियो एवं जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों व निर्माणाधीन परियोजनाओ के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां शुचिस्मिता मौर्या, छानबे रिंकी कोल, सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केसरी, जिला अध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री जी ने मेला से जुड़े अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि नवरात्र व रामनवमी मे यात्रियो के सुविधा के दृष्टिगत व मन्दिर मे श्रद्धालुओ को सुगम दर्शन हो सके इसको ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र, तीनो मन्दिरो व उसके आस पास के क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र सहित मीरजापुर नगर को भी पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त मेला करे। उन्होंने कहा कि नवरात्र मेला के नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा बेहतर साफ सफाई, सड़को की मरम्ममत आदि सभी कार्यो को बेहतर ढंग से कराया जाए। धाम का सुन्दरीकरण कराते हुए लोगो के सामने स्वच्छ सुन्दर विन्ध्याचल प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाए। घाटो पर बेहतर साफ-सफाई आवागमन हेतु मार्ग, नदी मे नहाते समय सुरक्षा के लिए पर्याप्त बैरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में सामान्य नागरिको के सुरक्षा के साथ ही महिलाओ की सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंधन किए जाए। गर्मी के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र व पूरे जनपद में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। कहीं भी पेयजल की समस्या न आने पाए। मेला क्षेत्र में मोबाइल टायलेट, विद्युत व्यवस्था, गंगा किनारे ए न 0 डी 0 आ र 0 ए फ0, एस0डी0आर0एफ0, गोताखोर व जल पुलिस की तैनाती की जाए। नाविको को लाइव जैकेट उपलब्ध कराया जाए। मेला क्षेत्र को बनाने के दृष्टिगत स्वंय सेवी संगठनो एवं सिविल डिफेंस के सदस्यो का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक दुकानो पर श्रद्धालुओ के सामानो की सुरक्षित व्यवस्था रहे, प्रयास किया जाए कि जिस रास्ते दर्शन के लिए श्रद्धालु जाए उन्हें उसी रास्ते पर वापस भेजा जाए ताकि उन्हे किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री जी ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही निर्देशित किया कि गौ तस्करी व गौ-कसी करने वालो को चिन्हित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री को शत प्रतिशत पूर्ण करने के साथ चकबन्दी के कार्य में समय सीमा तय करते हुए निस्तारण किया जाए तथा देरी करने वालो की जबावदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने हा कि पशुपालन, गौ संरक्षण केन्द्रो का क्रास सत्यापन भी कराया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0धा0 अजय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धरमजीत सिंह, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ संजीव कुमार, उपायुक्त एन0आर0 एल0एम0 सुशान्त सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री ने विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का किया दर्शन पूजन



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद भ्रमण के दौरान विन्ध्याचल पहुंचकर आदि शक्ति महाभगवती मॉ विन्ध्यवासिनी देवी का मंत्रोच्चार के साथ दर्शन व पूजन किया। मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ्य व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मा0 मुख्यमंत्री जी ने मां को लाल चुनरी अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की और मन्दिर की परिक्रमा भी की। मुख्यमंत्री जी ने चौत्र नवरात्र मेला की तैयारियो का जायजा लिया। जिला प्रशासन को चौत्र नवरात्र व रामनवमी में आने वाले श्रद्धालुओ को सुगम दर्शन कराने और मन्दिर प्रांगण के साथ ही आस पास के क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए मेला को प्लास्टिक मुक्त रखने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री जी ने विन्ध्यवासिनी कारीडोर का अवलोकन और स्टालो का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओ का अभिवादन भी किया। इस दौरान कारीडोर मा0 मुख्यमंत्री जी को कुछ बच्चे दिखाई दिए। उन्होंने बच्चो के पास पहुंचकर उनसे सवांद किया। उनका हाल चाल पूछा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी ने बच्चो को मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने की सीख दी और उन्हें चाकलेट भी दिया। इस अवसर पर ए0डी0जी0 वाराणसी पीयूष मोडिया, मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार भी उपस्थित रहें।

## ट्रैक्टर ट्राली में टकराया बाइक सवार, हालत गंभीर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित दुर्जनीपुर गांव में ओवर ब्रिज के पास सोमवार की रात दस बजे के करीब सामने से आ रहे ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली में टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मध्य प्रदेश के सीधी जिला के अमिलिया थाना क्षेत्र के चितरंगी गांव निवासी 28 वर्षीय चंद्रिका जायसवाल बाइक से अपनी रिश्तेदारी प्रयागराज जिले के कोरांव जा रहे थे।रात दस बजे के करीब जैसे ही दुर्जनीपुर गांव स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तो सामने से ईंट लादकर ड्रमंडगंज की ओर जा रहे ट्रैक्टर के पिछले पहिए की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक के पैर व सिर में गंभीर चोटें आ गई व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे एसआइ रामविशाल व पीआरवी पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा। सूचना पर पहुंचे घायल बाइक सवार के रिश्तेदार उपचार हेतु प्रयागराज लेकर चले गए।वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली को थाना परिसर में खड़ी करा दिया और घटना की जांच में जुट गई है। ट्रैक्टर ट्राली भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव का बताया जा रहा है।एसआइ रामविशाल ने बताया कि घायल बाइक चालक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## महिला दर्शनार्थी से मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव निवासी राजकुमारी ने सोमवार की रात्रि में हलिया थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की सोमवार को परिवार के साथ दर्शन करने गड़बड़ा धाम आई थी । वंहा पर चूल्हा खरीदने को लेकर पैसे के लेनदेन की बात को लेकर समय करीब 4 बजे दुकानदार इंद्रावती पत्नी भोला धरकार, प्रमिला, भोला, आचल,निवासी गड़बड़ा राजा ने गाली गुप्ता देते हुए महिलाओ द्वारा लाठी डंडा लात घुसा से मुझे मारने लगे तथा मेरी पुत्री सरस्वती मुझे बचाने आई । तो उसे भी मारे पीटे वंहा पर मौजूद कुछ लोगो ने बीच बचाव किया तथा विपक्षीगण जान से मारने की धमकी दिए तथा मारने पीटने राजकुमारी व मेरी बेटी सरस्वती को काफी चोटे आई है । जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट करने वाले दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की दर्शनार्थी के साथ मारपीट करने वाले दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत पशुधन टीकाकरण का हुआ शुभारम्भ



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** आकांक्षी ब्लॉक हलिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुबाव कलाँ(गढ़वा) में पशु चिकित्साधिकारी डॉ कमलेश मित्तल,सीएम फेलो गौरव सिंह के द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत पशुधन स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मंगलवार को विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा मवेशियों में फैलने वाली गंभीर बीमारी (खुरपका-मुहपका) से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया।पशुपालन विभाग की टीम द्वारा सर्वप्रथम सुबाव कलाँ गौशाला पर पशुओं को टीका लगाया गया तत्पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर पशुपालकों को जागरूक किया गया तथा गाय,भैंस,बकरी एवं अन्य पशुओं को टीका लगाया गया। अभियान के दौरान पशुपालकों को बताया गया कि यह टीकाकरण राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखना तथा पशुधन उत्पादन को बढ़ावा देना है। टीकाकरण के दौरान पशुपालकों से आधार एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीयन किया गया तथा ओटीपी सत्यापन के जरिए टीकाकरण की डिजिटल एंट्री सुनिश्चित की गई, जिससे रिकॉर्ड पारदर्शी एवं सटीक बने रहें।अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को पशुओं के नियमित टीकाकरण, स्वच्छता तथा उचित देखभाल के प्रति जागरूक किया। पशुपालकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण कराने में सहयोग दिया।सीएम फेलो गौरव सिंह द्वारा बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण एवं पशुधन विकास से जुड़े विभिन्न संकेतकों को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। टीकाकरण के दौरान पशुपालन विभाग से पैराबेट अरुण दूबे, कृष्णमुरारी, संजय सिंह, गौरीशंकर, धर्मेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फल गोदाम में लगी आग, फल जलकर हुआ नष्ट



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार के रामलीला गली निवासी फल विक्रेता ओमप्रकाश केशरी उर्फसचिन किराए के मकान में फल गोदाम बनाकर फलों को बेचने के लिए रखे हुए थे।मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब अज्ञात कारणों से मकान के भीतर आग लग गई। अगल बगल के लोगो ने मकान के भीतर से धुआं निकलने पर फल विक्रेता को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर गोदाम पर पहुंचे फल विक्रेता व स्थानीय लोग आनन फानन में डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से मकान के भीतर दो कमरों में प्लास्टिक के कैरेट तथा लकड़ी की पेटियों में रखा सेब, संतरा, नारियल,कीवी, अंगूर, केला आदि जलकर नष्ट हो गया।फल विक्रेता ओमप्रकाश केशरी ने बताया कि किराए के मकान में बनाए गए फल गोदाम में दो कमरों में रखा गया करीब 25 हजार रुपए का फल संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से जलकर नष्ट हो गया है। गोदाम में आग कैसे लगी पता नही चल सका है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता ने फल विक्रेता को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## जन कल्याण समिति ने मनाया वार्षिक उत्सव

स्वतंत्र भारत मिर्जापुर। सिटी क्लब में रीतू जन कल्याण समीति (एन0जी0ओ)का वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया गया। समाजवादीके जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा साफ सफाई ही स्वच्छ भारत की निर्माण कर सकती है। शीला गोंड ने कहा बेटी ही दहेज है। यदि कोई दहेज मागता है। तो उसे जेल में डाला जाय रीतु जन कल्याण समिति के प्रबन्धक भरतलाल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण, अमाध उत्थान और जन कल्याण इन्ही पर यह संस्था काम करेगी । सरकार से जुड़ कर यह संस्था उन क्षेत्रों में काम करेगी जहा पर लोग सरकार की योजना से वंचित हो रहे है।

मिर्जापुर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गोंड, चन्दौली जिलाअध्यक्ष किशुन देव भारती, सोनभद्र जिला अध्यक्ष विजय सरौतीया धर्मराज, रामप्यारे, पार्वती, सुरेश पटेल, राजाराम, राधेश्याम, श्री राम वर्षा गुड्डू, पूजा भारती, ऊषा मौर्य,अर्जुन, नेहा, निरज आदि मौजूद रहे।

# दो बाइको की टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुखड़ा गांव में मंगलवार की दोपहर दो बाइको की टक्कर में एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने बाइक चालक को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी 40 वर्षीय राजकुमार सिंह बाइक से सुखड़ा आये थे की वापस घर लौटते समय गांव निवासी बाइक चालक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक राजकुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को एम्बुलेंस सेवा वाहन के पायलट दिलीप यादव व ईएमटी अतर सिंह यादव ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बाइक चालक के दाहिने पैर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की बाइक चालक के पैर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

## लेखपाल पर जानलेवा हमला, घर में घुसकर की बदसलूकी

**स्वतंत्र भारत अदलहाट (मिर्जापुर)।** जनपद के थाना अदलहाट अंतर्गतग्राम अल्हउआ में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। तहसील सदर में कार्यरत एक लेखपाल को न केवल घर में घुसकर प्रताड़ित किया गया, बल्कि उन पर पत्थर से जानलेवा हमला भी किया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। अल्हउआ निवासी अरविन्द कुमार पाण्डेय, जो तहसील सदर में लेखपाल के पद पर तैनात हैं, शनिवार (14 मार्च) को विभागीय कार्य निपटाकर छुट्टी लेकर घर आए थे। पीड़ित के अनुसार, पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही अशोक कुमार पाण्डेय और उनके पुत्र श्रेयधर पाण्डेय उनके घर में घुस आए और महिलाओं के साथ गाली-गलौज करने लगे लेखपाल अरविन्द कुमार ने बताया कि जब वे सूचना पाकर घर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें दौड़ा लिया।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सिलिंडर उपलब्ध कराने का दिया निर्देश, होम डिलीवरी पर रोक

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** लालगंज तहसील क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने निर्देश दिए हैं कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति केवल निर्धारित सेंटरों से और तय दर पर ही की जाए। नई व्यवस्था लागू होने तक होम डिलीवरी पर रोक रहेगी।उपभोक्ताओं को स्वयं सेंटर पर पहुंचकर गैस प्राप्त करनी होगी और बुकिंग की प्रक्रिया भी वहीं पूरी करनी होगी। तहसील सभागार में मंगलवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव के साथ बैठक कर गैस एजेंसी संचालकों को ये स्पष्ट निर्देश दिए।

बैठक में दुबार कला इंडियन, ददरी स्थित एचपी, हलिया विंध्य गैस एजेंसी, पतार कला भारत, लहंगपुर तन्मय समेत सभी एजेंसियों के लिए पारदर्शी वितरण व्यवस्था की विस्तृत रणनीति तय की गई। प्रत्येक एजेंसी के लिए वितरण केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जहां से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी।उपभोक्ताओं के सत्यापन और वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए लेखपाल और ग्राम विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये अधिकारी मौके पर बुकिंग रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और डिलीवरी की जांच करेंगे। अनियमितता मिलने पर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि बुकिंग के अनुसार समय से आपूर्ति सुनिश्चित हो। विलंब, मनमानी या अतिरिक्त वसूली की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर ही गैस उपलब्ध कराई जाएगी। आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव को नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कालाबाजारी, अवैध भंडारण, स्टॉक में हेराफेरी या फर्जी बुकिंग मिलने पर लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता हितों से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं होगा।

## हटाए गए पैक्स साधन सहकारी समिति रामपुर खोमर मैना के अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के रामपुर खोमर मैना बी पैक्स साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में 9 के सापेक्ष छः सदस्यों ने अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल के खिलाफ मतदान किया। बी पैक्स साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल को डायरेक्टर मंडल की बैठक में बहुमत के साथ पद से हटा दिया गया है। मंगलवार को संचालक मंडल की आहूत बैठक में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसे बहुमत के साथ सदस्यों ने पारित कर दिया। अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल कुर्सी बचाने में नाकाम रहे।उनको करारी हार का सामना करना पड़ा। उपस्थित समिति के 9 डायरेक्टरो में अध्यक्ष को केवल तीन मत से संतोष करना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में छः सदस्यों ने अपने हाथ खड़े किए।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# गैस एजेंसी हलिया पर बांटे गए 324 सिलिंडर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत के बीच प्रशासन की निगरानी में सोमवार को विंध्य भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए गए। निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित करने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह के निर्देश पर लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई। हलिया स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी पर सोमवार को उपभोक्ताओं के बीच गैस सिलेंडरों का वितरण प्रशासनिक देखरेख में कराया गया। जोनल मजिस्ट्रेट महेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और स्टाक का सत्यापन किया। लेखपाल विनोद कुमार ने बताया कि एजेंसी को 14 किलो के कुल 524 सिलेंडर प्राप्त हुए थे। जिनमें से लालगंज क्षेत्र के पतार कला में 200 यूनिट भेजे गए। जबकि 324 सिलेंडरों का वितरण हलिया एजेंसी के माध्यम से उपभोक्ताओं को किया गया।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मौके पर 14 किलो के 114 सिलेंडर तथा 5 किलो के 87 सिलेंडर शेष उपलब्ध रहे।

गैस वितरक मंटू सिंह ने बताया कि एजेंसी पर आने वाले उपभोक्ताओं का कार्ड मिलान कर बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर दिए जा रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि एक-दो दिन में स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। किसी को गैस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रशासन की निगरानी में हो रहे इस वितरण से उपभोक्ताओं में संतोष देखा गया।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# दावों के बीच पश्चिम एशिया में भीषण हमले जारी

**दोहा/वॉशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल का दावा है कि संयुक्त हमलों में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है और उसके कई लॉन्चर नष्ट कर दिए गए हैं। इसके बावजूद ईरान अब भी क्षेत्रीय देशों और इस्राइल की दिशा में असरदार तरीके से मिसाइल

- **ड्रोन-मोबाइल लॉन्चर बने बड़ी चुनौती**

और ड्रोन दाग रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार ईरान की हमला क्षमता जरूर घटी है, लेकिन उसके पास अभी भी इतने हथियार और वैकल्पिक रणनीतियां मौजूद हैं कि वह सीमित लेकिन रणनीतिक हमलों के जरिये पूरे क्षेत्र में तनाव बनाए रख सकता है।

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि अभियान एपिक फ्यूरी में ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता कार्यात्मक रूप से नष्ट हो चुकी है, उसकी नौसेना को युद्ध के लिहाज से अप्रभावी माना जा रहा है और अमेरिकी व इस्राइली वायुसेना ने ईरान के हवाई क्षेत्र पर लगभग पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इन दावों के बावजूद सोमवार को कतर ने घोषणा की कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने भी मिसाइल अलर्ट जारी किए। अबू धाबी में एक मिसाइल के कार पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत भी हुई। विशेषज्ञों के अनुसार इसकी वजह यह है कि ईरान की पूरी क्षमता खत्म नहीं हुई है। उसके पास अभी



भी मिसाइलों का बड़ा भंडार, मोबाइल लॉन्चर और विकेंद्रीकृत सैन्य ढांचा मौजूद है, जिससे वह सीमित स्तर पर हमले जारी रख सकता है।

**हमले कम हुए पर लगा रहा सटीक निशाना**

रिपोर्ट के अनुसार हालांकि युद्ध के शुरुआती दिनों की तुलना में ईरान के हमलों में स्पष्ट कमी आई है। संघर्ष के पहले 24 घंटों में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात की ओर 167 मिसाइलें और 541 ड्रोन दागे थे। लेकिन युद्ध के 15वें दिन यह संख्या घटकर सिर्फ 26 मिसाइल और करीब 50 ड्रोन रह गई, यह आंकड़े यूएई के रक्षा मंत्रालय के बयानों के आधार पर संकलित किए गए हैं। इस्राइल पर हमलों में भी गिरावट आई है। शुरुआती दो दिनों में लगभग 100 प्रोजेक्टाइल दागे गए थे, जबकि हाल के दिनों में यह संख्या 15 से 20 सिमट गई है। पेंटागन ने भी कहा कि युद्ध के पहले दिन की तुलना में ईरानी मिसाइल लॉन्च 90 प्रतिशत और ड्रोन हमले 86 प्रतिशत तक घट गए हैं।

### विशाल भूगोल और छिपे लॉन्चर बड़ी चुनौती

वॉशिंगटन स्थित नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डेविड डेस रोशेस के अनुसार, ईरान जैसे विशाल देश में सभी लॉन्चरों को पूरी तरह खत्म करना बेहद कठिन है, खासकर तब जब जमीन पर सैनिक तैनात न हों।उन्होंने कहा कि कई मिसाइलें युद्ध से पहले ही ऐसे गुप्त स्थानों पर छिपा दी गई थीं जो सैन्य ठिकानों से जुड़े नहीं थे। ऐसे लॉन्चरों की पहचान करना मुश्किल होता है।डेस रोशेस के अनुसार ईरान अब बड़े पैमाने पर मिसाइलों की बौछार करने की क्षमता खो चुका है। इसलिए वह एक समय में एक या दो मिसाइलें दागकर नागरिक या वाणिज्यिक ढांचों को निशाना बना रहा है।

### ईरान की रणनीति : थकावट का युद्ध

जर्मनी के जर्मन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड सिक्योरिटी अफेयर्स के विशेषज्ञ हामिदरेजा अजीजी के अनुसार तेहरान की रणनीति यह हो सकती है कि खाड़ी देश और इस्राइल अपनी रक्षात्मक क्षमता पहले खो दें, जबकि ईरान के पास मिसाइलें बची रहें। उनके अनुसार ईरान ने अपने मिसाइल ठिकानों और कमांड सिस्टम को विकेंद्रीकृत कर दिया है और अब वह अधिकतर मोबाइल लॉन्चरों का उपयोग कर रहा है, जिन्हें ढूंढना और निशाना बनाना मुश्किल होता है।

### ईरान के पास क्षेत्र का सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल भंडार

अमेरिकी खुफिया एजेंसी ऑफिस ऑफ द डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस ने 2022 में आकलन किया था कि ईरान के पास क्षेत्र का सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल भंडार है। हालांकि इसकी सटीक संख्या सार्वजनिक नहीं है, लेकिन इस्राइली खुफिया रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 3000 मिसाइलें थीं। पिछले साल जून में हुए 12 दिन के युद्ध के बाद यह संख्या घटकर लगभग 2500 रह गई थी।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन

- **युद्ध खत्म होने के संकेत नहीं**
- **बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट**

के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाचार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

**विशेष परिस्थितियों में ही निकल सकेंगे जहाज : तेहरान**

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। एजेंसी

**ईरान ने खाड़ी देशों को बनाया निशाना**

ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई।

**आवासीय इमारतों व स्कूल पर हमला**

मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया।

# पश्चिम एशिया : चिंता और डर में जी रहे आम लोग

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा

- **संघर्ष के 18वें दिन भी हालात नहीं सुधरे**

है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है और अभी भी ईरान की तरफ से इजरायल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार बमबारी जारी है, जिसके चलते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कतर, ईरान और लेबनान अब सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे हैं। तेल और गैस के बड़े क्षेत्र पर हमलों के कारण आम लोगों में डर और चिंता बढ़ गई है।

तेज होते हमलों के बीच मंगलवार को यूएई के पूर्वी तट पर स्थित फुजैराह में एक तेल टैंक फार्म में आग लग गई। यह आग ड्रोन हमले के कारण लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ। आग को जल्द से जल्द बुझाने के लिए दमकल और सुरक्षा बल काम कर रहे हैं। इसी घटना के बाद यूएई की सेना ने बड़ा कदम उठाते हुए अपनी वायुमार्ग (एयरस्पेस) कुछ समय के लिए बंद कर दी। उन्होंने कहा कि वे ईरान से मिसाइल और ड्रोन खतरों का जवाब दे रहे हैं। बाद में एयरस्पेस को फिर से खोल दिया गया।

**दुबई में मिसाइल अलर्ट**

यूएई के दुबई में भी मिसाइल चेतावनी भेजी गई। लोगों को तुरंत सुरक्षा के उपाय अपनाने के लिए अलर्ट किया गया।

**तेहरान में रात भर धमाके और बारिश**

दूसरी ओर ईरान की राजधानी तेहरान में भी मंगलवार रात धमाकों की आवाजें सुनी गईं। यह हमला भारी बारिश और तूफ़ान के बीच हुआ। लोग डर गए और कई जगहों पर लोग अपने घरों में छिप गए।

सऊदी अरब की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने पूर्वी प्रांत में आने वाले लगभग 12 ड्रोन को रोक लिया। यह क्षेत्र तेल और गैस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ड्रोन हमला रोककर उन्होंने बड़े नुकसान को टाल दिया। कुवैत में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन पर हिजबुल्ला से जुड़े होने का शक है। उनके पास हथियार, ड्रोन और गुप्त उपकरण मिले।

**यूएई में मिसाइल हमले में मौत :** अबू धाबी में मिसाइल हमले के दौरान एक पाकिस्तानी व्यक्ति की मौत हुई। मिसाइल को रोकते समय उसके टुकड़े गिरने से यह हादसा हुआ। अब तक यूएई में कुल 8 लोगों की मौत हो चुकी है।

# 'इस्लामोफोबिया की मनगढ़ंत कहानियां गढ़ने में माहिर है हमारा पड़ोसी'

**न्यूयॉर्क।** भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और उसके फर्जी प्रोपेगैंडा की पोल खोलकर रख दी। संयुक्त राष्ट्र में

- **संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा**



भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपनी धार्मिक पहचान को हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है और अपने संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र के मंच का गलत इस्तेमाल करता है।

**'भारत में सभी प्रमुख धर्मों को मानने वाले लोग सह-अस्तित्व से रहते हैं'**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथनेनी हरीश ने कहा, भारत एक ऐसा देश है जहां दुनिया के लगभग सभी प्रमुख धर्मों को मानने वाले लोग शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहते हैं। साथ ही, हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म जैसे चार प्रमुख धर्मों की उत्पत्ति भी भारत में ही हुई है। ऐसे में भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में धार्मिक भेदभाव से मुक्त दुनिया की जरूरत को ज्यादा बेहतर समझता है।

**संयुक्त राष्ट्र को भी दिखाया आईना**

भारतीय राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र को भी आईना दिखाते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान के रूप में की गई थी जो धर्म, संस्कृति और राजनीति से ऊपर उठकर काम करे। इसलिए हम ऐसे किसी भी ढांचे को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत पर जोर देते हैं, जो केवल एक धर्म पर ध्यान दे और धार्मिक भय (रिलिजियोफोबिया) की व्यापक समस्या पर ध्यान न दे।

उन्होंने कहा, हमारे विचार में 1981 का धर्म या आस्था के आधार पर सभी प्रकार की असहिष्णुता और भेदभाव के उन्मूलन संबंधी घोषणा एक संतुलित दस्तावेज है, जो किसी एक धर्म को विशेष महत्व दिए बिना सभी धर्मों को मानने वाले लोगों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, संयुक्त राष्ट्र को धार्मिक पहचान को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उसका गलत इस्तेमाल किए जाने के प्रति आगाह रहना चाहिए और इन खतरों की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

**पाकिस्तान को लगाई बुरी तरह लताड़**

भारत ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा, भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने आसपास के क्षेत्र में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने में माहिर है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि उस देश में अहमदिया समुदाय के खिलाफ क्रूर दमन को क्या कहा जाएगा, या बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी को किस रूप में देखा जाएगा, या फिर पवित्र रमजान के महीने के दौरान किए गए हवाई हमलों को क्या नाम दिया जाएगा?

भारत ने इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी को लेकर कहा कि पाकिस्तान इस मंच का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करता है और पाकिस्तान के मनगढ़ंत दावों के आधार पर इस मंच से भारत के खिलाफ झूठे और निराधार आरोप लगाए जाते हैं। पी. हरीश ने कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोग अपना प्रतिनिधि खुद चुनते हैं और वे प्रतिनिधि उनकी आवाज बनते हैं। भारत ने यूएन से अपील की कि वे अपना समय और संसाधन समावेशी समाज के निर्माण में लगाएं, जहां हर धर्म के व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो।

# अमेरिका ने ईरान पर और कड़े किए नियम

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे

- **तेल व्यापार और वित्तीय सपोर्ट पर सख्त एक्शन की तैयारी**



मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ और सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान के ऊर्जा क्षेत्र पर बैन को और कड़ा करने के लिए बड़ा बिल पास किया है। तेहरान के साथ चल रहे तनाव के बीच अमेरिका की दोनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने और कड़े कदम उठाने पर जोर दिया।

इस नए बिल का नाम एन्हांस्ड ईरान सैंक्शन्स एक्ट है, जो सीनेट में पास हो गया। इससे ईरान के तेल व्यापार और उसके ग्लोबल नेटवर्क पर दबाव बढ़ाने के लिए दोनों पार्टियों का बड़ा समर्थन दिखा। वोट के बाद एक बयान में कांग्रेसी माइक लॉलर ने कहा कि इस जरूरी कानून का मकसद ईरान के गैरकानूनी तेल व्यापार को बढ़ावा देने वाली विदेशी कंपनियों पर अमेरिका के बैन सिस्टम को और मजबूत करना है।

**इस कानून से राष्ट्रपति को मिलेगा ये अधिकार**

इस बिल को 295 सदस्यों ने को-स्पॉन्सर किया था, 171 रिपब्लिकन और 124 डेमोक्रेट। बता दें कि यह कदम राष्ट्रपति को उन विदेशी कंपनियों पर बैन लगाने का अधिकार देगा जो ईरान से तेल, कंडेनसेट या दूसरे पेट्रोलियम या पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट की प्रोसेसिंग, रिफाइनिंग, एक्सपोर्ट, ट्रांसफर या बिक्री से जुड़े या उससे जुड़े किसी भी बड़े ट्रांजैक्शन में शामिल हैं।

**ईरान की वित्तीय नेटवर्क पर रोक की बड़ी कोशिश**

लॉलर ने इस बिल को ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और वित्तीय नेटवर्क पर रोक लगाने की एक बड़ी कोशिश के हिस्से के तौर पर बनाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी सरकार को बैन से बचने और गैर-कानूनी तेल बेचकर आतंकवाद को पैसे देने की इजाजत नहीं देगा। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय से, ईरान बैन किए गए तेल को लाने-ले जाने के लिए विदेशी बैंकों, बीमा कंपनियों और लॉजिस्टिक्स प्रोवाइडर्स के नेटवर्क पर निर्भर रहा है। यह कानून उस पूरे नेटवर्क को टारगेट करता है और यह पक्का करता है कि आतंकवाद के सबसे बड़े सरकारी स्पॉन्सर को फाइनेंस करने वालों को असली नतीजे भुगतने पड़ें।

# पाक ने अफगानिस्तान में बरसाए बम

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना पर काबुल में नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाकर हवाई हमला करने

- **तालिबान का आरोप-काबुल के अस्पताल पर हमले में 400 लोगों की मौत**

का आरोप लगाया है। इस हमले में 400 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

अफगानिस्तान के उप सरकारी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने मंगलवार सुबह बताया कि सोमवार रात हुए हमले में अस्पताल का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है। उन्होंने बताया कि अब तक मृतकों की संख्या 400 है, जबकि 250 लोग घायल हुए हैं। फितरत ने कहा कि बचाव दल इमारत में लगी आग पर काबू पाने और पीड़ितों के शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया पर कहा कि पाकिस्तान की ओर से किया गया यह हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि हमले में मारे गए और घायल हुए अधिकांश लोग अस्पताल में इलाज करा रहे नशा पीड़ित थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। पाकिस्तान का कहना है कि उसकी सेना केवल उन ठिकानों पर कार्रवाई करती है, जहां से उसके खिलाफ हमले किए जाते हैं। यह आरोप ऐसे समय सामने आया है जब दोनों देशों के बीच सीमा पर संघर्ष तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। अफगान अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को सीमा पर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत और दस लोग घायल हुए।

### क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्टार, फर्म सोसाइटीज तथा चिट्स 193-ए सिविल लाइन्स बरेली मंडल बरेली

पत्रांक 2376 प्रथम/पंजी. 2025-26/बरेली दिनांक 07-03-2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था भगवान लक्ष्मीनरायन विराजमान मंदिर प्रबंध समिति पता ग्राम पुरैना पोस्ट जमुनिया दौलतपुर तह. सदर जिला शाहजहांपुर के पंजीकरण हेतु सोसा.रजि. अधि.1960 के अंतर्गत आनलाइन आवेदन प्राप्त है तथा उक्त संस्था के स्मृति पत्र में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं।

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री महरम सिंह पुत्र श्री गंगाराम | संरक्षक |
| 2 | श्री छत्रपाल सिंह पुत्र श्री दीप सिंह | अध्यक्ष |
| 3 | श्री आत्माराम पुत्र श्री प्यारेलाल | उपाध्यक्ष |
| 4 | श्री दुर्योधन सिंह पुत्र श्री दीप सिंह | प्रबंधक |
| 5 | श्री विपेन्द्र सिंह पुत्र श्री दुर्योधन सिंह | कोषाध्यक्ष |
| 6 | श्रीशेर बहादुर पुत्र श्री मेहरवान | सदस्य |
| 7 | श्री छोटेलाल पुत्र श्री गंगाराम | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किए जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा.रजि.अधि.1860 की धारा 31 के परन्तुक अंतर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

# अमेरिका-इजरायल के हमले में बाल-बाल बचे थे मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी बीच ईरान में हाल ही में हुए एक बड़े मिसाइल हमले को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में कुछ ही सेकंड से बच गए। रिपोर्ट के मुताबिक, हमला उस समय हुआ जब वे अपने आवास से बाहर निकलकर बगीचे की ओर चले गए थे। इसी दौरान मिसाइलें उनके परिसर पर आ गिरीं। इस हमले में उनके पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और रिश्तेदारों की मौत हो गई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह जानकारी ईरानी अधिकारियों की एक निजी बैठक की कथित लीक हुई ऑडियो रिकॉर्डिंग से सामने आई है। इसमें खामेनेई कार्यालय के प्रोटोकॉल प्रमुख मजाहिर हुसैनी ने बताया कि हमले से कुछ पल पहले मोजतबा खामेनेई किसी काम से बाहर चले गए थे। उन्होंने कहा कि मोजतबा बगीचे में थे और वापस ऊपर की ओर जा रहे थे, तभी इमारत पर मिसाइल हमला हो गया।

**रिपोर्ट में खुलासा**



### सकारात्मकता, आभार और नई शुरुआत का प्रतीक 'गुड़ी पड़वा' पर्व

**मुंबई।** रंग-बिरंगी रंगोलियों, शुभ गुड़ी की स्थापना और पारंपरिक व्यंजनों के साथ मनाया जाने वाला गुड़ी पाड़वा का त्योहार उत्साह, परंपरा और परिवार के साथ बिताए गए पलों की याद दिलाता है।

एण्डटीवी के कलाकारों ने इस मौके पर अपने खास अनुभव और इस साल के जश्न की योजनाएँ साझा कीं। अमिताभ घाणेकर ऊर्फ 'घरवाली पेड़वाली' के पनौती मामा ने कहा, गुड़ी पाड़वा मेरे लिए हमेशा से परंपरा, परिवार और नई शुरुआत का त्योहार रहा है। हमारे घर के बाहर गुड़ी स्थापित करना सबसे खास पल होता था, जो विजय, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। रंगोली, नए कपड़े और पड़ोसियों-दोस्तों की शुभकामनाओं से पूरा माहौल उत्सवमय हो जाता था। इस साल भी मैं अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने के साथ-साथ सेट पर अपने सह-कलाकारों के साथ इसकी खुशियाँ साझा करने वाला हूँ। शिल्पा शिंदे, जोकि 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रही हैं, ने बताया, गुड़ी पाड़वा मेरे दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मुझे घर की गर्माहट और महाराष्ट्र की खूबसूरत परंपराओं की याद दिलाता है।



### गुड़ी पड़वा : खुशहाली और अच्छाई की जीत का प्रतीक

**मुंबई।** गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्र के नए साल की शुरुआत का त्योहार है, जिसे महाराष्ट्र और देश के कई हिस्सों में बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार नई शुरुआत, खुशहाली और अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस गुड़ी पाड़वा पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनके लिए यह त्यौहार क्या मायने रखता है। 'तुम से तुम तक' में आर्या का किरदार निभा रहे शरद केलकर कहते हैं, गुड़ी पाड़वा पर्व नई शुरुआत की भावना का प्रतीक है।÷ 'तुम से तुम तक' में गोपाल का किरदार निभा रहे समीर पाटिल कहते हैं, गुड़ी पाड़वा हमारे घर में हमेशा से बहुत खास दिन रहा है।÷ 'लक्ष्मी निवास' में विवेक का किरदार निभा रहे हेमंत ठट्टे कहते हैं, ÷गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्र की संस्कृति की खूबसूरती को बहुत अच्छे से दिखाता है। 'वसुधा' में चंद्रिका का किरदार निभा रहीं परिणीता बोरठाकुर कहती हैं, ÷हर त्यौहार अपने साथ उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश लेकर आता है और गुड़ी पाड़वा भी वही एहसास देता है। 'जाने अनजाने हम मिले' में शारदा बुआ का किरदार निभा रहीं जयती भाटिया कहती हैं, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि त्यौहार हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखते हैं।÷ 'गंगा माई की बेटियां' में दुर्गावती का किरदार निभा रहीं इंदिरा कृष्णन ने कहा, ÷हमारी परंपराओं में गहरी समझ छिपी होती है। गुड़ी ताकत और हिम्मत का प्रतीक मानी जाती है।÷ 'जगद्धात्री' में जगद्धात्री का किरदार निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा कहती हैं, ÷गुड़ी पाड़वा महाराष्ट्र के पारंपरिक नए साल की शुरुआत का त्योहार है और इस दिन घर के बाहर या खिड़की के पास गुड़ी फहराई जाती है, जो जीत, खुशकिस्मती और सकारात्मकता का प्रतीक होती है।


### बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089